www.navpradesh.com
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
बिलासपुर, मंगलवार, 12 मई 2026 | शुक्ल पक्ष-दशमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 30 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति को मिला नया गौरवः साय

■ 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य हुआ था पूरा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा - अर्चना का अवलोकन कर उनका संबोधन सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनरनिर्माण यात्रा, वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर अपनी बातें देशवासियों से साझा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। श्री साय ने कहा कि पहली बार आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर

नहीं छोड़ा तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

श्री साय ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि उस समय देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने तमाम विरोधों के बावजूद सोमनाथ मंदिर पहुंचकर पुनर्निर्मित मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सनातन संस्कृति और आस्था केंद्रों के संरक्षणः केदार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सनातन संस्कृति और आस्था केंद्रों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य लगातार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे मुखिया भी प्रदेश में धार्मिक स्थलों के संरक्षण के साथ ही विभिन्न योजनों के माध्यम से लोगों को आस्था से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर देश की संस्कृति, वैभव और स्वाभिमान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सल उन्मूलन के बाद पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास को नई गति मिली है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सोमनाथ मंदिर सनातनियों के आस्था का बड़ा केंद्र है। उन्होंने कहा कि हजार वर्षों के इतिहास में अनेक आक्रमणों के बावजूद सनातन संस्कृति की आस्था को कोई डिगा नहीं पाया है और न कभी ऐसा होगा।

आज बेबाक

अपनी हार के बाद टसुवे बहाती बैठीं ममता बनर्जी के पास पंचर सायकल वाले टीपू भैया दौड़े गये। उनके आंसू पोछने रूमाल की जगह शाल पेश की और कहा कि दीदी आप हारी नहीं है। जवाब में ममता ने कहा 2027 में आप भी ऐसे ही जीतना। बहरहाल बंगाल जाकर अखिलेश यादव को यह समझ में आ गया है कि उनकी पंचर सायकल भी कंडम हो सकती है। नतीजतन अब पीडीए में पी का मतलब पंडित बताया जा रहा है। महाराणा प्रताप का महिमामंडन किया जा रहा है। मतलब भेड़ की खाल ओढ़कर भेड़िया भेड़ बनने जा रहा है।

तापमान	
अधिकतम 44°	न्यूनतम 27°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,51,140	सिल्वर 2,54,798

शेयर बाजार	
सेंसेक्स 77,328.19	निफ्टी 24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

प्रधानमंत्री मोदी बोले : विश्वभर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतरीं, हम डटे रहे, डरे नहीं

पोकरण परमाणु परीक्षण से दुनिया हिल गई थी, हम पर कई प्रतिबंध लगेः मोदी

■ भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति का नाम दिया थाः मोदी

जामनगर/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- आज का दिन एक और वजह से भी खास है। आज के ही दिन 11 मई 1998 को देश ने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया था। तब दुनियाभर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतर गई थीं।

पीएम ने कहा- भारत के लिए सारे रास्ते बंद कर दिए गए थे। लेकिन हम डरे नहीं, डटे रहे। भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था। क्योंकि शिव के साथ शक्ति आराधना ही हमारी परंपरा रही है। मैं भगवान सोमनाथ के चरणों में नमन करते हुए ऑपरेशन शक्ति की बधाई देता हूं।

भारत को कोई झुका नहीं सकता

■ सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तब तक मजबूत नहीं बन सकता, जब तक वह अपनी जड़ों से जुड़ा न रहे।

■ भारत में विरासत और आधुनिकता एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, दोनों साथ-साथ चलते हैं।

■ हमारे देश में सांस्कृतिक और पवित्र स्थलों के पुनर्निर्माण को लेकर काफी राजनीति हुई है। दुर्भाग्य से आज भी ऐसी ताकतें हैं, जो राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व देती हैं।

■ लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर की भव्यता मिटाने की कोशिश की। इस मंदिर को बार-बार तोड़ा गया, लेकिन हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ।

■ दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही दबा सकती है।

विरासत और विकास साथ-साथ आगे बढ़ने वाली शक्तियां

गुजरात में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अविनाशी चेतना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर की पुनर्स्थापना ने स्वतंत्र भारत की सांस्कृतिक चेतना का उद्घोष किया था और आज यह महोत्सव अगले हजार वर्षों की प्रेरणा का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रभास पाटन का पवित्र क्षेत्र अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा हुआ है और ऐसा अनुभव हो रहा है मानो पूरी सृष्टि 'जय सोमनाथ' का उद्घोष कर रही हो।

सोमनाथ पुनर्निर्माण को बताया राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि 1947 में भारत की राजनीतिक स्वतं त्रता मिली, जबकि 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सांस्कृतिक स्वतंत्रता और आत्मगौरव का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों के एकीकरण के साथ-साथ सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के जरिए दुनिया को बताया कि भारत अपने प्राचीन गौरव को पुनः स्थापित करने के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ ने विनाश के बीच सृजन और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया है।

अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में हुआ था परमाणु परीक्षण

11 मई 1998 को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत ने अपना दूसरा परमाणु परीक्षण किया था। यह काफी गोपनीय ऑपरेशन था। इसकी तैयारियां इतनी गुप्त थीं कि विदेशी खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इन परीक्षणों के जरिए भारत ने दुनिया को अपनी रणनीतिक और वैज्ञानिक ताकत दिखाई। लेकिन परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका, जापान और कुछ पश्चिमी देशों ने भारत पर कई आर्थिक और तकनीकी प्रतिबंध लगाए थे।

देश चलाना मोदी के बस की बात नहींः राहुल गांधी

■ सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी 7 अपीलें उपदेश नहीं, नाकामी के सबूत

नई दिल्ली (ए.)। राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा।

सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ, मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं। ये विफलता हैं।' उन्होंने कहा, '12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।' दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

राहुल के आरोपों पर सीएम साय का पलटवार

पश्चिम एशिया में जो युद्ध की स्थिति बनी हुई है, उसका प्रभाव संपूर्ण विश्व पर पड़ रहा है और उससे हमारा देश भी अछूता नहीं रहेगा। इसलिए प्रधानमंत्री ने पूरे देशवासियों को बहुत महत्वपूर्ण और उचित सलाह दी है। ऐसे समय में हमें डीजल-पेट्रोल की खपत सोच-समझकर और यथासंभव कम करनी चाहिए। इसमें कोई नाकामी नहीं है, बल्कि यह देशहित में उठाया गया एक जिम्मेदार कदम है। यदि कांग्रेस को इस पर आपत्ति है, तो उसे भी बताना चाहिए कि ऐसी वैश्विक परिस्थितियों में देशहित में क्या उपाय किए जाने चाहिए।

- विष्णु देव साय,
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

दुर्ग रेलवे-स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरा यात्री

दुर्ग-भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने समय एक यात्री का संतुलन बिगड़ गया, वो चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। यह देखकर स्टेशन पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। कुछ पल के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के एएसआई निरंजन ने तेजी दिखाते हुए यात्री की जान बचा ली। वीडियो रविवार की रात की है। जानकारी के मुताबिक, बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही थी। इसी बीच एक यात्री जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। ट्रेन धीरे-धीरे स्पीड पकड़ रही थी। तभी यात्री का पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच के गैप में जा फंसा। यात्री खुद को संभाल नहीं पाया और वह करीब 50 मीटर इसी तरह घसीटता रहा।

बंगाल सीएम अधिकारी ने बांटे मंत्रालय

बंगाल। ए.। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपने नए मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया। भाजपा सरकार की इस पहली कैबिनेट में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश साफ नजर आई।

दिलीप घोष, निशित प्रमाणिक, अग्निमित्रा पॉल और खुदीराम टुडू जैसे नेताओं को अहम मंत्रालय देकर भाजपा ने बंगाल में अपने कोर वोट बैंक और सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने का संदेश दिया है।

सरकार द्वारा जारी सूची के अनुसार, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष को ग्रामीण विकास और प्राणी विकास विभागों का

प्रभार सौंपा गया है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री निशित प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास के साथ-साथ युवा कल्याण और खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

कैबिनेट पोर्टफोलियो की मुख्य सूची

अशोक कीर्तनियाः खाद्य विभाग, **दिलीप घोषः** ग्रामीण विकास और प्राणी विकास मंत्री, **अग्निमित्रा पॉलः** महिला एवं बाल कल्याण और नगर निगम, **निशीथ प्रमाणिकः** उत्तर बंगाल विकास, युवा कल्याण और खेल, **खुदीराम टुडूः** जनजातीय विकास, कैबिनेट में दिखा सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण, सुवेंदु अधिकारी की इस कैबिनेट में भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग साफ दिखाई दे रही है।

ट्रम्प ने ईरान की जंग रोकने का प्रस्ताव ठुकराया

■ बोले- मुझे पसंद नहीं आया, अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया सकता।' इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट

के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी।

अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत ईरान को कम से कम 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना होगा और अपने पास मौजूद करीब ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत आएंगे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची

नई दिल्ली. (ए.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची इस सप्ताह भारत के दौरे पर आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। ईरान के विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष गहराया हुआ है। यह बैठक सितंबर में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की आधारशिला रखेगी, जिसमें दुनिया की प्रमुख

उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेता शामिल होंगे।

18 फरवरी को अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से अब्बास अराघची और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच कम से कम चार बार टेलीफोन पर बातचीत हो चुकी है। इस दौरान अराघची ने जयशंकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर में क्रिकेटर : रजत पाटीदार आदिवासी इतिहास से हुए प्रभावित, गोदना कला देख पंड्या हतप्रभ

आरसीबी के खिलाड़ियों को भाया छत्तीसगढ़, खाई भाजी

रायपुर/नवप्रदेश। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने इस साल रायपुर को अपना दूसरा होम ग्राउंड बनाया है। टीम अपने दो मैच खेलने के लिए रायपुर के मायरा रिसॉर्ट में रुकी हुई है। जहां टीम के खिलाड़ियों ने स्थानीय संस्कृति और खानपान का जमकर आनंद लिया। आरसीबी के प्लेयर्स को छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कांदा भाजी, चरोटा भाजी और रागी से बने व्यंजन परोसे गए। गर्मियों से राहत के लिए खिलाड़ियों ने बस्तर के प्राकृतिक तिखुर शरबत का स्वाद भी चखा।

कैप्टन रजत पाटीदार ने कहा कि, मुझे यह बहुत पसंद आया, खासकर जब हम अंदर गए और उन्होंने ड्रम के साथ ट्रेडिशनल म्यूज़िक बजाया, जबकि लोग डांस कर रहे थे। हमें यहां के ट्राइबल कम्युनिटी और उनके इतिहास के बारे में भी जानने का मौका मिला, जो वाकई में खास था।

प्लेयर्स के लिए शाम की एक खास बात मशहूर गोदना आर्ट फॉर्म को खोजना था, जो ट्राइबल कल्चर में गहराई से जुड़ा एक ट्रेडिशनल टैटू प्रैक्टिस है, जो अब पीढ़ियों तक आर्ट को बचाए रखने के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कुणाल पंड्या आदिवासी कला और संस्कृति से हुए प्रभावित

कुणाल पंड्या खास तौर पर आर्टवर्क के पीछे की कारीगरी और कहानी कहने के तरीके से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि, मैं पहली बार रायपुर आ रहा हूँ और यह बहुत कमाल का रहा। मैंने छत्तीसगढ़ और रायपुर की रिच विरासत और कल्चर को एक्सप्लोर किया। यहाँ के लोग बहुत हुनरमंद हैं, हैंडीक्राफ्ट, कला और उन्होंने इसे कैसे संभालकर रखा है, इसके बारे में जानना वाकई बहुत अनोखा था। यह देखना कमाल का है कि कल्चर और परंपराओं को कैसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

रायपुर के लक्ष्य ज्वेलर्स में एक करोड़ रुपए के गहनों की चोरी

■ देर-रात चोरों ने सोने-चांदी के जेवर किए पार, सुबह शोरूम खोलने पर चला पता, पुलिस जांच जारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में लक्ष्य ज्वेलर्स में भारी मात्रा में ज्वेलरी की चोरी हुई है। देर-रात चोरों ने ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाते हुए करीब एक करोड़ रुपए के जेवरात पार कर दिए। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार और रविवार की रात करीब 12:30 बजे चोर लक्ष्य ज्वेलरी शॉप में घुसे और दुकान से बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। रविवार को दुकान बंद होने के कारण इसकी जानकारी कारोबारी को नहीं हुई। सोमवार सुबह शॉप खोलने पर चोरी का पता चला।

सूचना मिलने के बाद खम्हारडीह थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

श्वान जनित समस्याओं से मुक्ति की पहल, जगदलपुर में शुरू हुआ पहला एबीसी सेंटर

- महापौर संजय पांडेय ने श्वान पूजा कर किया शुभारंभ
- हर माह 500 आवारा श्वानों के बधियाकरण व टीकाकरण का लक्ष्य

जगदलपुर। नव प्रदेश। शहर में बढ़ती आवारा श्वानों की समस्या और रेबीज के खतरे को नियंत्रित करने की दिशा में नगर निगम जगदलपुर ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर के पहले एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसी) की शुरुआत की।

महाराणा प्रताप वार्ड स्थित एसएलआरएम डोंगरी सेंटर के पास महापौर संजय पांडेय, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों और निगम अधिकारियों ने श्वान पूजा कर,उन्हें दूध और आहार खिलाकर केंद्र का शुभारंभ किया। महापौर संजय पांडेय ने बताया कि शहर में लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने पशु प्रेमी संगठनों और पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से अलग-अलग समितियों का गठन किया है। ये समितियां श्वानों को सुरक्षित तरीके से पकड़ने, उपचार, बधियाकरण और निगरानी का कार्य करेंगी। अभियान में स्ट्रे सेफ फाउंडेशन और स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

आवारा कुत्तों का 'आतंक'
सुप्रीम कोर्ट सख्त, प्रशासन मस्त और जनता त्रस्त

वैज्ञानिक तरीके से होगा संचालन

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि बधियाकरण प्रक्रिया पूरी तरह वैज्ञानिक पद्धति से की जाएगी। ऑपरेशन के बाद निकाले गए अंगों का सुरक्षित निष्पादन पशु विभाग के विशेषज्ञों की निगरानी में किया जाएगा। अभियान की निगरानी के लिए निगम अधिकारियों,पशु चिकित्सकों और पशु प्रेमियों की संयुक्त समिति बनाई गई है।

धरमपुरा क्षेत्र से पकड़े गए 22 आवारा श्वानों को सेंटर के प्री-केयर केनल में रखा गया है, जहां उनका बधियाकरण, डी-वार्मिंग और रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। उपचार के बाद तीन दिन तक पोस्ट-केयर में रखकर स्वस्थ होने पर उन्हें उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा जहां से पकड़ा गया था। निगम ने प्रतिमाह 500 श्वानों के बधियाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। महापौर संजय पांडेय ने शहरवासियों से इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह पहल श्वानों की संख्या नियंत्रित करने के साथ-साथ रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम में भी मददगार सिद्ध होगी। निगम ने नागरिकों से आवारा श्वानों की जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 अथवा स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत श्रीवास और लुप्तेश जगत को देने की अपील की है।

करंदोला गांव में कब्रिस्तान निर्माण के प्रयास पर ग्रामीणों और संगठनों ने जताया विरोध

वन भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, चर्च और कब्रिस्तान निर्माण को लेकर बढ़ा विवाद

- वन मंत्री केदार कश्यप को बदनाम करने की साजिश होने का भी लगाया गया आरोप

जगदलपुर/ नव प्रदेश। बस्तर संभाग में वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर चर्च और कब्रिस्तान बनाए जाने के आरोपों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भानपुरी थाना क्षेत्र के करंदोला गांव में हाल ही में एक मतांतरित महिला के अंतिम संस्कार को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद यह मामला फिर चर्चा में आ गया है।

आरोप है कि वन भूमि पर कब्जा कर कब्रिस्तान विकसित करने की कोशिश की जा रही थी, जिसका ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया।सूत्रों के अनुसार करंदोला गांव में वन विभाग की तार फेंसिंग और बाड़ हटाकर करीब पांच डिसमिल भूमि पर कब्रिस्तान निर्माण की तैयारी की जा रही थी। ग्रामीणों के विरोध के बाद मामला तूल पकड़ गया और कथित प्रयास को रोक दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में धर्मांतरण और वन भूमि पर कब्जे को लेकर बहस तेज हो गई है।मामले को राजनीतिक रंग भी मिलने लगा है।

वन भूमि संरक्षण को लेकर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग छोटे अतिक्रमणों पर त्वरित कार्रवाई करता है, लेकिन चर्च और कब्रिस्तान निर्माण जैसे मामलों में अपेक्षित सख्ती नहीं दिखाई जा रही। ग्रामीणों ने शासन से पूरे मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

आरोप लगाया जा रहा है कि कुछ कांग्रेस नेता अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे मामलों को संरक्षण देकर केदार कश्यप की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि भानपुरी तहसील, बकावंड विकासखंड और बस्तर ब्लॉक के कई हिस्सों में वन भूमि पर चर्च और कब्रिस्तान बनाए जाने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं।विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल और हिंदू जागरण मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से वन भूमि पर हो रहे कथित अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वन भूमि की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को समान रूप से कार्रवाई करनी चाहिए।

माताओं के चेहरे पर खिली मुस्कान, आनंदवाहिनी ने मनाया मातृ दिवस

- आस्था निकुंज वृद्धाश्रम पहुंचकर मातृशक्तियों का किया सम्मान, बांटे फल-फूल और प्रसाद

जगदलपुर। नव प्रदेश। पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य भगवान के संगठन आदित्य वाहिनी आनंदवाहिनी द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर धरमपुरा स्थित आस्था निकुंज वृद्धाश्रम में वृद्ध माताओं के साथ आत्मीयता और सम्मान के साथ मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आनंदवाहिनी की मातृशक्तियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवास कर रही माताओं का फूल-माला से स्वागत किया तथा फल,फूल और प्रसाद वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

आनंदवाहिनी की महिलाओं ने वृद्ध माताओं के साथ समय बिताकर उन्हें अपनापन और सम्मान का एहसास कराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक और आत्मीय वातावरण देखने को मिला। संगठन की ओर से बताया गया कि प्रतिवर्ष मातृ दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम पहुंचकर यहां निवासरत माताओं के साथ यह दिन मनाया जाता है।आदित्य वाहिनी जिला बस्तर की अध्यक्ष गीता शुक्ला ने बताया कि पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से आनंदवाहिनी द्वारा प्रत्येक वर्ष वृद्धाश्रम पहुंचकर मातृ दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां आकर वृद्ध माताओं के साथ समय बिताने से आत्मिक संतोष और विशेष अनुभूति होती है।

उन्होंने कहा कि संगठन का प्रयास रहता है कि वर्ष में कम से कम एक दिन यहां आकर वृद्ध माताओं के साथ समय बिताया जाए और उन्हें सम्मान दिया जाए। कार्यक्रम ने समाज को यह संदेश भी दिया कि वृद्धजनों का सम्मान और उनके प्रति संवेदनशीलता हर व्यक्ति का दायित्व है।

मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित यह आयोजन सेवा, सम्मान और संस्कारों का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में गीता शुक्ला, शिखा घोष,डॉ सुषमा झा,ममता राणा, विभा सिंगर,रेखा जायसवाल, पूजा ठाकुर, बबली शुक्ला, सुनीता कुशवाहा,प्रीति दास, कल्पना अधिकारी, सुनीता झाड़ी, अनीता गोरला, शांति यादव, रितिशा जायसवाल, काव्या शुक्ला, पायल शुक्ला,यशोदा रामटेके सहित आनंदवाहिनी की अन्य मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

वृद्धाश्रम में गूंजे अपनत्व और सम्मान के स्वर

मातृ दिवस पर आनंदवाहिनी की महिलाओं ने वृद्ध माताओं के साथ बैठकर बातचीत की, उनका हाल जाना और उन्हें सम्मानित किया। वृद्ध माताओं ने भी इस आत्मीय पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन की महिलाओं को आशीर्वाद दिया।

सेवा और संस्कार ही संगठन की पहचान

आनंदवाहिनी द्वारा समय-समय पर सामाजिक और सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता रहा है। संगठन की महिलाओं ने कहा कि समाज में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा की भावना को मजबूत करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

संक्षिप्त खबरें

65वीं बार रक्तदान कर अजयपाल बने उम्मीद की धड़कन

जगदलपुर। नव प्रदेश।जब किसी अनजान जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के लिए कोई व्यक्ति बार-बार अपना रक्त दान करे, तो वह केवल सामाजिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि मानवता की मिसाल बन जाता है। बस्तर के जगदलपुर निवासी अजयपाल सिंह जसवाल ने 65वीं बार रक्तदान कर ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। मानव सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाले अजयपाल सिंह जसवाल को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया।राजधानी रायपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेई ऑडिटोरियम में 08 मई 2026 को आयोजित गरिमामयी समारोह में महामहिम राज्यपाल पुरस्कार के तहत उन्हें उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों, जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने और 65वीं बार रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री साहू जी एवं राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरपर्सन डोमन साहू ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किया।समारोह में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। खचाखच भरे ऑडिटोरियम में अजयपाल सिंह जसवाल के सामाजिक योगदान की विशेष सराहना की गई।

सुरों की जंग में चमके बस्तर के नए सितारे

जगदलपुर/ नवप्रदेश। द म्यूजिकल ग्रुप जगदलपुर द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित बस्तर आइडल 2026 का ग्रैंड फिनाले निर्मल स्कूल प्रांगण में भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। संगीत के इस महोत्सव में बस्तर सहित आसपास के जिलों और उड़ीसा से आए प्रतिभागियों ने अपनी गायकी का ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा प्रांगण तालियों की गूंज से भर उठा। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में किया गया था। कार्यक्रम के ऑडिशन 26 एवं 29 अप्रैल को तथा सेमीफाइनल 3 मई को आयोजित किए गए थे। लंबे मुकाबलों के बाद ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।जसमीत और राजकुमार ने जीता बस्तर आइडल का खिताब जूनियर कैटेगरी में कुमारी जसमीत सिंह ने अपनी मधुर आवाज और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर पहला स्थान हासिल किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 31 हजार रुपए प्रदान किए गए। द्वितीय स्थान पर कु अदिति राम रहीं, जिन्हें 21 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान पर कु अरुनीमा शर्मा रहीं,जिन्हें 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।वहीं सीनियर वर्ग में राजकुमार डोंगरे ने बेहतरीन गायकी के दम पर ÷बस्तर आइडल 2026÷ का खिताब अपने नाम किया। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपए प्रदान किए गए। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शिशलेश वालिया को 31 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान पर रहीं, खुशी जोशी को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।

विश्व संकट के दौर में पीएम की अपील का समर्थन जरूरी: सुब्रतो

- स्वदेशी अपनाने, संसाधनों की बचत का दिया संदेश

जगदलपुर। नव प्रदेश। वर्तमान में अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल, रसोई गैस, उर्वरक और प्लास्टिक उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे समय में देशहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करना आवश्यक है। यह बात सामाजिक चिंतक सुब्रतो विश्वास ने कही।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है और देश अपनी आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने आम नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दिया और पेट्रोल-डीजल के दामों को नियंत्रित रखने का प्रयास किया। हालांकि वैश्विक युद्ध के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है और आने वाले समय में आर्थिक चुनौतियां और गंभीर हो सकती हैं। सुब्रतो विश्वास ने कहा कि मध्य पूर्व के संकट के कारण समुद्री मार्गों से तेल परिवहन महंगा हो गया है, वहीं उर्वरक निर्माण में उपयोग होने वाले अमोनियम के आयात पर भी असर पड़ा है। इसका सीधा प्रभाव कृषि और आम उपभोक्ता की जरूरतों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी अपनाने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, एक वर्ष तक सोने की खरीद कम करने, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की अपील दूरदर्शी सोच का परिचायक है।

अनुशासन और आत्मरक्षा का संगम, जूडो-कराते शिविर में बढ़ रहा युवाओं का उत्साह

- 11वें दिन प्रतिभागियों ने सीखी सेल्फ डिफेंस की विशेष तकनीक

जगदलपुर। नव प्रदेश।ग्रीष्मकालीन जूडो-कराते प्रशिक्षण शिविर का 11वां दिन ऊर्जा, अनुशासन और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। ऑल बस्तर जिला जूडो संघ एवं गोसुकुरियो कराते-डो एसोसिएशन शाखा जगदलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में बच्चों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी लगातार देखने को मिल रही है। स्थानीय विद्या ज्योति स्कूल ग्राउंड में आयोजित शिविर प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6:15 बजे तक संचालित किया जा रहा है, जो 10 जून 2026 तक जारी रहेगा।शिविर में प्रतिभागियों को जूडो एवं कराते की बुनियादी तकनीकों,संतुलन,शारीरिक फिटनेस तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे पूरे अनुशासन और खेल भावना के साथ अभ्यास कर रहे हैं। नियमित प्रशिक्षण से प्रतिभागियों में न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ रही है, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता भी विकसित हो रही है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेष रूप से सेल्फ डिफेंस तकनीकों का अभ्यास कराया गया,जिससे बच्चों और युवाओं में आत्मरक्षा के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी। प्रशिक्षकों ने बताया कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अनुशासन,आत्मविश्वास तथा सकारात्मक जीवनशैली की प्रेरणा देते हैं।शिविर के प्रशिक्षक अब्दुल मोईन ने अभिभावकों एवं प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए आगामी दिनों में और बेहतर प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिविर को लगातार अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है तथा प्रतिभागियों की संख्या में भी उत्साहजनक वृद्धि हो रही है।

आत्मरक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी जोर

शिविर में केवल जूडो-कराते की तकनीकों का ही प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा, बल्कि बच्चों को अनुशासन,समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे गुणों का भी व्यवहारिक प्रशिक्षण मिल रहा है। प्रशिक्षकों का मानना है कि खेल गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

नई दिल्ली में बस्तर की मौजूदगी, विजनरी डॉक्टरेट अवाड्र्स' में सांसद ने बढ़ाया सम्मान

- शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियां हुईं सम्मानित

जगदलपुर। नव प्रदेश। देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित 'विजनरी डॉक्टरेट अवाड्र्स' समारोह में महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाशाली और प्रेरणादायी विभूतियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा,चिकित्सा,विज्ञान,कला,समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद महेश कश्यप ने सम्मानित बस्तर के प्रतिभाओं को पुरस्कार वितरित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल सम्मान समारोह नहीं होते, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच,नवाचार और उत्कृष्टता की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज में कार्य करने वाली प्रतिभाओं को मंच पर सम्मान मिलता है,तो उससे नई पीढ़ी को भी राष्ट्रहित में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

सांसद महेश कश्यप ने सम्मानित सभी विभूतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान प्रेरणादायी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सम्मानित व्यक्तित्व भविष्य में भी इसी समर्पण और ऊर्जा के साथ देश और समाज की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रतिभाओं के सम्मान से बढ़ती है सकारात्मक सोच

सांसद महेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होता है,बल्कि समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण भी होता है। ऐसे कार्यक्रम नवाचार,सेवा भावना और राष्ट्रहित के कार्यों को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।

चर्चा: सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समाज ने दिया सम्मान और शुभकामनाएं

गोंडवाना समाज की समीक्षा बैठक में प्रतिभाओं-सेवाभावी साथियों का सम्मान

जगदलपुर/ नवप्रदेश। नव प्रदेश। स्थानीय गोंडवाना भवन में गोंडवाना समाज समन्वय समिति की मासिक समीक्षा बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष बी एस नेताम ने की। कार्यक्रम में समाज के विकास, संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सामाजिक एकजुटता को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक का प्रमुख आकर्षण शासकीय सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए समाज के वरिष्ठ साथियों का सम्मान समारोह रहा। समाज की ओर से तिरु शंकर सिंह मांझी,तिरुशीतल नेताम,तिरुमाय दामिनी कुरेटी, तिरुमाय उषा वटी एवं तिरुमाय सरोज मांडवी को सम्मानित किया गया। इस दौरान उषा वटी एवं सरोज मांडवी ने शिक्षक के रूप में अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए शिक्षा और समाजसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित समाजजनों नेउनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का भी विशेष सम्मान किया गया। सीबीएसई बोर्ड दसवीं परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कुमारी निधि मरकाम तथा 83 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली कुमारी सृष्टि शोरी को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि बेटियों की यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

बैठक के दौरान गोंडवाना भवन में बोर पंप की समस्या और उसके निराकरण पर तकनीकी चर्चा की गई। साथ ही समिति के आय-व्यय का पारदर्शी ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।समारोह में जे आर ध्रुव,एस एस कोरेटी,श्याम नेताम,शत्रुघ्न मंडावी,अरुण नेताम,विष्णु मरकाम,अशोक नेताम,चंद्रकांत ध्रुव, माखन लाल सोरी,भानु प्रसाद कोड़ोपी,दीपा मांझी,नंदनी कचलाम, डॉ. राजेंद्र राज सोरी,डॉ जीवन सलाम,डॉ. प्रीति अरविंद नेताम,ममता पोटाई,रामेश्वरी सोरी,कांति मरकाम, प्रतिमा मरकाम एवं तुलोरिन नेताम सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा प्रभाग और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

समाज की एकजुटता और शिक्षा पर दिया गया विशेष जोर

कार्यवाहक अध्यक्ष बी एस नेताम ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने युवाओं एवं मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समाजहित में कार्य करते रहने का आह्वान किया।

उप निर्वाचन को लेकर प्रशासन सख्त,बस्तर में धारा 163 लागू

जगदलपुर। नव प्रदेश। जगदलपुर। बस्तर जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। नगरपालिक निगम जगदलपुर के वार्ड क्रमांक 16 इंदिरा गांधी वार्ड में प्रस्तावित उप निर्वाचन 2026 को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आकाश छिकारा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं। प्रशासन का कहना है कि चुनावी माहौल में राजनीतिक गतिविधियों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का असर, प्रदेश में बढ़ेगी गर्मी, आज मौसम रहेगा शुष्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी और श्रीलंका के उत्तरी तट के ऊपर बने निम्न दाब क्षेत्र तथा उत्तर पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी-श्रीलंका के उत्तरी तट के ऊपर एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से लगभग 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सिस्टम अगले 48 घंटों में और अधिक मजबूत हो सकता है, जिसका असर दक्षिण भारत एवं पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में देखने को मिल सकता है। इधर, उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जो समुद्र तल से 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। वहीं एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश से लेकर उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तक छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

क्या है निम्न दाब क्षेत्र?

निम्न दाब क्षेत्र वह स्थिति होती है जब किसी क्षेत्र में वायुदाब आसपास के क्षेत्रों की तुलना में कम हो जाता है। ऐसे क्षेत्रों की ओर हवाएं तेजी से आकर्षित होती हैं, जिससे बादल बनने और मौसम में बदलाव की स्थिति बनती है। वर्तमान में दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और श्रीलंका के उत्तरी तट के ऊपर बना निम्न दाब क्षेत्र धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय है, जो 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में इसके और अधिक प्रभावी होने की संभावना है। यदि यह सिस्टम और मजबूत होता है, तो पूर्वी एवं दक्षिणी राज्यों में बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है। हालांकि छत्तीसगढ़ में फिलहाल इसका सीधा असर सीमित रहने की संभावना जताई गई है।

गर्मी से बचाव के लिए सावधानी जरूरी

प्रदेश में तापमान बढ़ने के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने नागरिकों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है। अधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी, चक्कर, सिरदर्द और लू लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार लोगों को हल्के और सूती कपड़े पहनने चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढंकना और धूप से बचाव करना जरूरी है। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण बिजली और पानी की मांग में भी वृद्धि हो सकती है।

अगले 24 घंटे बारिश की संभावना नहीं

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अत्यधिक गर्मी से बचने, पर्याप्त पानी पीने और आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब क्षेत्र और अधिक सक्रिय होता है, तो आने वाले दिनों में प्रदेश के मौसम में आंशिक बदलाव देखने को मिल सकता है। फिलहाल अगले 24 घंटों तक प्रदेश में बारिश की संभावना बेहद कम है और गर्मी का प्रभाव जारी रहने के आसार हैं।

न्यूज गैलरी

घर के बाहर खड़ी स्कूटी में लगाई आग

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश के चलते बदमाश युवक ने महिला के घर के बाहर खड़ी स्कूटी पर आग लगा दी, जिससे स्कूटी के साथ ही घरेलु सामान भी जलकर खाक हो गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार कुदुदंड निवासी प्रियंका कुशवाहा ने पुलिस से शिकायत की है कि बीते रविवार की रात वह अपनी स्कूटी को घर के बाहर खड़ी की थी। रात करीब 1 बजे अचानक कुछ जलने का आभास हुआ, तब वो बाहर निकली। जब वह बाहर निकलीं तब स्कूटी धू-धू कर जल रही थी। वहीं, आग की लपटों से घरेलु सामान भी चपेट में आ गया। इस दौरान किसी तरह उसने पानी डालकर आग को काबू में किया। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रियंका कुशवाहा ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था और आग घर तक पहुंच सकती थी। इस घटना के बाद परिवार समेत आसपास के लोग भी दहशत में है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की, जिसके बाद महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

महाप्रबंधक तरुण ने रेलवे पदाधिकारियों की ली बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर स्थित सभागार में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की अध्यक्षता में ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पदाधिकारियों के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के जोनल प्रेसिडेंट एम.एस. खोब्रागड़े, जोनल सेक्रेटरी प्रभात पासवान, जोनल वर्किंग प्रेसिडेंट जी. चन्द्रशेखर सहित बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) डॉ. दर्शनिता बी. अहलुवालिया बैठक में शामिल हुए।

रेल सुरक्षा बल नागपुर मंडल का 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत बड़ी कार्रवाई

अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार
34 लाख रुपए का माल बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा 'ऑपरेशन नार्कोस' के अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। दीप चंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, द.पू.म. रेलवे, नागपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राज्य पुलिस तथा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर रेलगाड़ियों के माध्यम से प्रतिबंधित मादक पदार्थ, शराब एवं तंबाकू उत्पादों के अवैध परिवहन में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में 8 मई को आरपीएफ नागपुर मंडल की विशेष टीम द्वारा गाड़ी संख्या 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सालेकसा से गोंदिया के मध्य चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों क्रमशः रॉकी कुमार, निवासी रामपुर ताराडीह, थाना आमस, जिला गया (बिहार) एवं सनातन भोई, निवासी टीआरएल क्वार्टर नंबर 72, टाइप-के, थाना बेलपहाड़, जिला झारसुगुड़ा (उड़ीसा) को दो ट्रॉली बैग में लगभग 16.374 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 8,18,700 रुपये है, का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत आरोपियों एवं जब्त संपत्ति को जीआरपी गोंदिया को सुपुर्द किया गया, जहां उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। इसके पश्चात 9 मई को प्रभारी निरीक्षक गोंदिया के निर्देशन में मंडल टास्क टीम द्वारा गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस में गोंदिया से नागपुर के मध्य विशेष जांच अभियान चलाया गया।

52 किलो गांजा व आईफोन जब्त

पकड़े गए आरोपियों की पहचान श्रीहर्ष मोहंती, निवासी न्यू हरिधाम सोसायटी, थाना उधना, जिला सूरत (गुजरात) एवं सिपुन गौड़ा, निवासी रोडशाही बुरझरी, नूवागांव, जिला गंजम (उड़ीसा) के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से कुल 52.04 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 26,02,000 रुपये है, बरामद किया गया। साथ ही 02 आईफोन मोबाइल, 01 वन प्लस मोबाइल एवं अन्य सामग्री भी जब्त की गई। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर आरोपियों एवं जब्त सामग्री को जीआरपी इतवारी को सुपुर्द किया गया, जहां उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि रेलगाड़ियों, रेलवे स्टेशन एवं स्टेशन परिसर में कोई संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा लावारिस सामान दिखाई देने पर तत्काल रेलवे सुरक्षा बल, गाड़ी में तैनात रेलवे स्टाफ, टीटीई अथवा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दें, ताकि इस प्रकार की अवैध एवं प्रतिबंधित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

मारपीट और चाकू रखने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मारपीट और अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रियांशु शुक्ला ने थाना सरकंडा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मई की सुबह जब वह अपने साथियों के साथ नूतन चौक के पास स्थित 'अपना मार्ट' के पास खड़ा था, तभी आरोपी राजा यादव और उसके अन्य साथियों (लिल्ली नाई, बदकू यादव) ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने प्रार्थी और उसके साथियों को जान से मारने की धमकी दी, जिससे प्रार्थी के साथी युवराज पाण्डेय को गंभीर चोटें आईं। प्रार्थी के रिपोर्ट अपराध क्रमांकः 617/2026 धाराएं: 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया एवं मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सरकंडा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुख्य आरोपी राजा यादव (उम्र 21 वर्ष, निवासी अटल आवास, सरकंडा) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक नग स्टील का धारदार बटन वाला चाकू बरामद किया गया।

आरोपी राजा यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया गया। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। थाना सरकंडा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में भय का माहौल है और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

बिजली बिल की चिंता से मिली राहत

सुशासन तिहार शिविर ने लौटाई सुखवारा बाई के चेहरे की मुस्कान

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन तिहार शिविर में वार्ड क्रमांक 05 की निवासी सुखवारा बाई को बिजली बिल में बड़ी राहत मिली। लंबे समय से 78 हजार रुपए के भारी-भरकम बिजली बिल की बकाया राशि उनके लिए चिंता और परेशानी का कारण बनी हुई थी। मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत शिविर में उनके प्रकरण का त्वरित निराकरण करते हुए 22 हजार 672 रुपए की छूट प्रदान की गई। शिविर में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बिजली बिल में राहत की जानकारी मिलते ही सुखवारा बाई के चेहरे पर खुशी लौट आई।

उन्होंने भावुक होकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं बिजली विभाग को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी समस्या का इतनी जल्दी समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना ने उनके परिवार का बड़ा बोझ हल्का कर दिया है। सुशासन तिहार शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का मौके पर निराकरण कर शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

माता रानी वृद्धाश्रम बहतराई में मनाया गया मदर्स डे

बिलासपुर/नवप्रदेश। मदर्स-डे के अवसर पर स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के द्वारा माता रानी वृद्धआश्रम में मदर्स- डे मनाया गया है। मदर्स -डे में बुजुर्ग महिलाओं के के साथ केक काटकर और और उनके खाने की व्यवस्था उनके पहनाने के लिए साड़ी उनके साथ मदर डे सेलिब्रेट किया गया ।अधिकांश मां ने अपने परिवार का हिस्सा बेटा समझ के अपना प्यार निछावर और गले से लगा लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा ने बताया है कि मदर्स डे दुनिया भर की माताओं के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण को सम्मानित करने का एक विशेष दिन है, जो हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। यह दिन मां के प्रति आभार प्रकट करने और उनके साथ प्यार-भरा समय बिताने के लिए समर्पित है। 2026 में, यह दिन 10 मई, रविवार को मनाया जा रहा है। सचिव नवीन चंद्र दुबे के ने मदर्स- डे पर सभी माताओं को बधाई दी है।

अपोलो में एट्रियल फाइब्रिलेशन से पीड़ित मरीज का सफल एलएए क्लोजर

बार-बार स्ट्रोक से मिली राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। 70 वर्षीय पुरुष मरीज परमेश्वर श्रीवास को डॉ. एम. पी. समल के अधीन एट्रियल फाइब्रिलेशन और बार-बार होने वाले स्ट्रोक की समस्या के साथ भर्ती किया गया था। मरीज को तीन बार ब्रेन स्ट्रोक हो चुका था। जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति अचानक कम या बंद हो जाती है, या रक्त नली फट जाती है, तो उसे स्ट्रोक कहते हैं। यदि यह स्ट्रोक बार-बार हो, तो इसे रेकरेंट स्ट्रोक कहा जाता है। यदि रेकरेंट स्ट्रोक कैरोटिड स्टेनोसिस की वजह से होता है, तो उसे कैरोटिड स्टेंटिंग द्वारा ठीक किया जा सकता है। वहीं, यदि हृदय की धड़कन अनियमित हो जाए, जिसे एट्रियल फाइब्रिलेशन कहते हैं, और इसके कारण हृदय में खून के थक्के बनने लगें, तो इन थक्कों से स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मरीजों का इलाज एलएए क्लोजर प्रक्रिया से किया जाता है। एलएए क्लोजर में हृदय के एक हिस्से – लेफ्ट एट्रियल अपेंडेज – को एक विशेष डिवाइस द्वारा बंद कर दिया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। ऐसे मरीज जो लंबे समय तक ब्लड थिनर नहीं ले सकते, उनके लिए एलएए क्लोजर अधिक फायदेमंद होता है। यह प्रक्रिया ओपन सर्जरी के बिना, कैथेटर के माध्यम से की जाती है। डॉ. एम. पी. समल, डॉ. आकाश अग्रवाल एवं उनकी टीम ने सफलतापूर्वक एलएए क्लोजर किया। मरीज अब स्थिर हैं और उन्हें बार-बार स्ट्रोक के खतरे से राहत मिली है।

छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित हिंदी फीचर फिल्म 'भक्त मां कर्मा' 15 को होगी प्रदर्शित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की धरती पर निर्मित बहुप्रतीक्षित हिंदी फीचर फिल्म 'भक्त माँ कर्मा' आगामी 15 मई को नागपुर महाराष्ट्र, खरियाररोड उड़ीसा व प्रदेशभर के सभी सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। यह फिल्म साहू समाज की अधिष्ठात्री संत शिरोमणि भक्त माँ कर्मा जी के लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सर्वसमाज के लिए प्रेरणादायक जीवन चरित्र पर आधारित है, जिसमें उनके त्याग, भक्ति, सेवा, समरसता, नारी शक्ति एवं अदम्य साहस को अत्यंत भावपूर्ण एवं भव्य रूप में प्रस्तुत किया गया है। 'छत्तीसगढ़ फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन सोसायटी, के अध्यक्ष और फिल्म के निर्माता अजय खांडेकर ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 'भक्त माँ कर्मा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान और सत्कर्म का संदेश देने वाला एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक अभियान है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कारों एवं प्रेरणादायक चरित्रों से जोड़ने के उद्देश्य से इस फिल्म का निर्माण किया गया है। 'छत्तीसगढ़ फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन सोसायटी' के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय शर्मा जी, जो इस फिल्म के स्टार प्रचारक एवं प्रमुख कलाकार के रूप में भी जुडे हुए हैं, उन्होने कहा कि यह फिल्म समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कृति एवं महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त करेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से परिवार सहित फिल्म देखने की अपील की। फिल्म का निर्देशन शशिकांत कौशिक ने किया है, जबकि कहानी, लेखन व पटकथा का कार्य राजेश साहू द्वारा किया गया है। फिल्म के सह-निर्माता राजकुमार यादव हैं। गील एवं संगीत का निर्माण डी.पी. विश्वकर्मा ने किया है, जिन्होंने भक्ति एवं भावनात्मक संगीत के माध्यम से फिल्म को विशेष ऊंचाई प्रदान की है।

बयान: सोना न खरीदने की अपील पर कमल सोनी बोले- व्यापारी घबराएं नहीं, सराफा बाजार को सर्विस सेक्टर बनाने का है समय

एक साल का संयम सालों साल की समृद्धि: कमल

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 साल तक सोना ना खरीदने की अपील का छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कमल सोनी ने स्वागत करते हुए इसे व्यापारियों और राष्ट्रहित के बीच एक मजबूत कड़ी बताया है। श्री सोनी ने कहा कि सराफा व्यापारियों को इस अपील से घबराने की आवश्यकता नहीं है। 2 वर्षों से वैश्विक स्तर पर युद्ध और अनिश्चितता के कारण सोने में अत्यधिक तेजी आई है, जिससे सिर्फ बुलियन गोल्ड का लेनदेन हो रहा है, ऐसे निवेश में पहले से ही दो वर्षों में सर्राफा व्यापारी घाटे और व्यापार की कमी से जूझ रहे हैं।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपील हमारे लिए संजीवनी साबित होने जा रही है आने वाले दिनों में व्यापार में बढ़ोतरी आएगी'

यह समय सराफा बाजार को 'सर्विस सेक्टर' के रूप में विकसित करने का है। इस पहल से देश की मुद्रा को मजबूती मिलेगी, सोने का आयात कम होने से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बचेगा। 'जब हमारा रुपया मजबूत होगा, तो व्यापार के अन्य क्षेत्रों में लागत कम होगी, जिसका सीधा लाभ छोटे और मध्यम व्यापारियों को मिलेगा। यह व्यापारियों का देश के प्रति सबसे बड़ा योगदान होगा। '

'डेड कैपिटल' बनेगा 'ग्रोथ इंजन'

प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि तिजोरियों में बंद सोना अर्थव्यवस्था को गति नहीं देता। 'प्रधानमंत्री चाहते हैं कि जनता का पैसा बाजार के सर्कुलेशन में आए। जब पैसा बैंकों और उद्योगों में लगेगा, तो देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे । छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन पहले भी आम लोगों से अपील कर चुका है की ब्रांडेड और कॉर्पोरेट घराना के भ्रामक प्रचार के आकर्षण में आकर उनसे लेनदेन ना करें, उनसे खरीदारी करने पर बहुत से भारतीय रुपए विदेश में जाते हैं जिसकी वजह से भी हमारा देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है।

स्वर्ण शिल्प कला बोर्ड का गठन जरूरी

प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि देश के जिन राज्यों में स्वर्ण कला बोर्ड का गठन नहीं किया गया है वहां जल्द ही गठन किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन भी पिछले दो वर्षों से स्वर्ण शिल्प कला बोर्ड गठन की मांग कर रहा हैं । इससे पारंपरिक कला का संरक्षण होगा। बोर्ड के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आभूषण निर्माण कला और पुश्तैनी कारीगरों (सोनी समाज एवं अन्य स्वर्ण शिल्पकारों) को सरकारी संरक्षण मिलेगा। स्थानीय कलाकारों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देकर उन्हें 'मेक इन इंडिया' के तहत ग्लोबल मार्केट के लिए तैयार किया जाएगा।

सुविचार

आपका सम्मान उन शब्दों में नहीं है जो आपके सामने कहे गए हों बल्कि उन शब्दों में हैं जो आपकी अनुपस्थिति में आपके लिए कहे जाते हों।

टीएमसी में गहराती अंतर्कलह

बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद अब टीएमसी में अंतरकलह गहराने लगी है। टीएमसी सुप्रीमों ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी की पराजय का ठिकरा अपने ही नेताओं के सिर पर फोड़ना शुरू कर दिया है। जबकि टीएमसी के कई विधायक और अन्य नेता टीएमसी की हार के लिए ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। यह बात ममता बनर्जी को नागवार गुजर रही है और उन्होंने ऐसे नेताओं पर भी अनुशासन की तलवार चलानी शुरू कर दी है। उन्होंने टीएमसी के तीन राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है इसके अलावा दर्जनभर अन्य नेताओं को भी पार्टी से निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि टीएमसी के प्रवक्तर रिजू दत्ता ने पार्टी की हार के लिए अभिषेक बनर्जी की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहराया था इसी से ममता बनर्जी नाराज हो गई। अपने निष्कासन के बाद रिजू दत्ता ने टीएमसी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाएं हैं और उन्होंने एक चौकाने वाला यह बयान दिया है कि चुनाव में टीएमसी की हार के बाद उनकी कार को भाजपाईयों ने घेर लिया था तब उन्हें अपने जान की चिंता सताने लगी थी। खासतौर पर अपने मुस्लिम ड्रायवर को लेकर वे चिंतित हो उठे थे लेकिन भाजपाईयों ने उन्हें कुछ नहीं कहा और जाने दिया। रिजू दत्ता ने यह भी कहा है कि जिस दिन मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या हुई थी और शुभेंदु अधिकारी अस्पताल से बाहर निकले थे तो उन्होंने एक बयान देकर पांच हजार से ज्यादा टीएमसी कार्यकर्ताओं की जान बचा दी थी। मुख्यमंत्री ने आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि वे कानून अपने हाथ में न लें दोषियों के खिलाफ सरकार कड़ी से कड़ी कार्यवाही करेगी। यदि शुभेंदु अधिकारी ऐसा नहीं कहते तो उस दिन हजारों टीएमसी कार्यकताओं की हत्या हो जाती। इसी तरह टीएमसी के विधायक नियामत शेख और अखरूजम्मा ने टीएमसी की हार का कारण हुमायूं कबीर को पार्टी से निकालना बताया है जिन्होंने अपनी अलग पार्टी बनाकर टीएमसी को नुकसान पहुंचाया। मुस्लिम वोट बट गये और हिन्दू वोट एकजूट हो गये। टीएमसी के अन्य नेताओं ने भी पार्टी की हार का कारण ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी की मनमानि को बताया है। कुल मिलाकर टीमएसी में अब अंतरकलह गहराने लगी है और पार्टी अब टूट की कगार पर पहुंच रही है। यह गनीमत है कि भाजपा ने टीमएमसी नेताओं के लिए अपने दरवाजे अभी बंद रखें हैं वरना बड़ी संख्या में विधायक और अन्य नेता टीएमसी से पल्ला झाड़कर भाजपा में शामिल हो गये होते। देर सवेर टीएमसी का टूटना तय माना जा रहा है।

तमिलनाडु के नए सीएम के सामने चुनौतियां

तमिलनाडु में जोसेफ विजय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है और इसी के साथ ही उन्होंने अपने एक चुनावी वादे को अमलीजामा पहनाते हुए दो सौ यूनिट तक बिजली को फ्री करने की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। अब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादों को पूरा करना है। गौरतलब है कि उन्होंने हर परिवार की एक महिला को ढाई हजार रूपये मासिक सम्मान निधि देने की, शादी के समय आठ ग्राम सोना देने की तथा हर परिवार को साल में छह रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त देने की तथा बेरोजगारों को 4000 रूपये महिना देने की तथा महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने की और आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 18 हजार रूपये महिना वेतन देने और किसानों का कर्ज माफ करने सहित और भी ढ़ेरों घोषणाएं कर रखी है। इन सभी घोषणाओं को यदि अमलीजामा पहनाया जाता है तो इस पर 12 लाख करोड़ रूपये सालाना खर्च आएगा जबकि तमिलनाडु सरकार का बजट 2 लाख करोड़ रूपये है ऊपर से दुबर पर दो अषाढ़ वाली बात यह है कि तमिलनाडु पर 11 लाख करोड़ का कर्जा है। कर्ज के मामले में तमिलनाडु की गिनती देश के सबसे बड़े कर्जदार राज्यों में होती है। ऐसी स्थिति में जबकि पहले ही तमिलनाडु कर्ज से सिर से पांव तक लदा हुआ है ऐसे में इन चुनावी घोषणाओं को पूरा करने के लिए नये मुख्यमंत्री जोसेफ विजय के पास संसाधन कहां से आएंगे। यह विचारणीय मुद्दा है। तमिलनाडु सरकार जब तक 11 लाख करोड़ का कर्ज अदा नहीं करेगी। तब तक उसे नया कर्ज भी प्राप्त नहीं होगा। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि तमिलनाडु की नई सरकार ने वहां की जनता को सुनहरे सपने दिखाकर उनका वोट हासिल किया है उन सपनों को वह कैसे साकार करेगी। यदि वह इसमें विफल रही तो तमिलनाडु की जनता इस नई सरकार को भी उखाड़ फेंकने में देर नहीं लगाएगी। वैसे भी अल्पमत वाली यह सरकार कागज की नांव की मानिंद है जिसका देर तक और दूर तक सफर कर पाना नामुमकिन होता है। यदि एक भी सहयोगी दल ने समर्थन वापस लिया तो यह सरकार गिर सकती है।

सिनेमाई नायक से जननायक बनने की विजय यात्रा

नरेंद्र तिवारी

भारत की राजनीति विविध रंगों से सजी हुई हैं। राज्यों की राजनीति की ये सज़ावट वक़्त के साथ बदलती भी रहती हैं। पांच राज्यों के हालिया चुनाव में भी राजनीति के विविध रंग नजर आए। विविधताओं से भरी राजनीति सिर्फ राजनैतिक दलों के झंडो की विविधता के रूप में ही नहीं दिखती, यह विभिन्न राजनैतिक विचारों के रूप में भी नजर आती हैं। यह लोकतंत्र की सज़ावट हैं। पांच राज्यों के चुनावों में सबसे अधिक सुर्खियों में रहा पश्चिम बंगाल जंहा भाजपा के मजबूत संगठन ने ममता बेनर्जी के अभेद किले को भेदने में सफलता पाई। यहाँ शुभेन्दु अधिकारी के नैतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। असम में हेमंत विश्वशर्मा ने अपना जादू बरकरार रखा। केरलम में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। पूंडूचेरी में एनडीए गठबंधन विजय रहा। किंतु इन सबसे अलग, सबसे जुदा और परिवर्तनकारी सुर्खियां तमिलनाडु ने बटोरी जंहा राजनीति के मैदान में महज दो बरस पहले निर्मित एक नए नवेले राजनितिक दल के नेता थालपति विजय ने परदे के नायक की छवि के बल पर विधानसभा चुनाव में सफलता प्राप्त कर 60 सालो से भी अधिक समय से राजनीति कर रहे स्थापित दलों को धुल चटाई।

थलापति विजय का 10 मई 2026 को चैन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करना एक फ़िल्मी अभिनेता का असल राजनीति में महज नेता बन जाने की कहानी भर नहीं, यह राज्य के मुखिया याने मुख्यमंत्री के पद पर काबिज होने की सफ्लतम कहानी हैं। यह कहानी भी फ़िल्म जैसी हैं। किंतु सच ये हैं की यह फ़िल्मी नहीं असल कहानी हैं। सिनेमाई किरदार को लेखक लिखता भी गढ़ता भी इसमें थोड़ी असली कहानी के साथ कल्पनाशीलता होती हैं। परदे का यह नायक बेईमानी के खिलाफ लडता हैं। गुंडों, बलात्कारियों, शराब तस्करों का भंडाफोड़ करता हैं। जनता के लिए लड़कर दर्शकों को ईमानदारी और नैतिकता का पाठ पढ़ाता हैं। जीवन की वास्तविकताओं से बिल्कुल अलग फ़िल्मी कहानी को महज तीन घंटे में प्रदर्शित करना होता हैं। हिंदी सिनेमा की नायक फ़िल्म में एक दिन का मुख्यमंत्री राज्य की बेहतरी के लिए फ्टाफ्ट त्वरित निर्णय लेकर स्थापित मुख्यमंत्री की चुनौती को स्वीकार करता हैं। अपने कार्य से जन समस्या का त्वरित निराकरण फ़िल्म में ही सम्भव हैं। असल राजनीति में यह सम्भव नहीं हैं। इस फ़िल्म में नायक अनिल कपूर के अभिनय की तारीफ हुई थी। फ़िल्म ने उनकी छवि को निखारा भी था।

तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण करने वाले थालपति विजय के सामने अब फ़िल्मी नायक की छवि को बरकरार रखने का बड़ा सवाल खड़ा हुआ हैं। वह इसलिए की राज्य की असल राजनीति अनेकों बुराइयों से घिरी हुई होती हैं। असल में मुख्यमंत्री सम्पूर्ण राज्य का होता हैं। किंतु वह अपनी पार्टी के विधायक दल का नेता होता हैं। इस कारण अपनी राजनैतिक पार्टी के संरक्षण का जिम्मा भी उसी का होता हैं। एक मुख्यमंत्री जब विकास राशि का वितरण कर रहा होता हैं तब उसे अपनी पार्टी के विधायकों का अधिक ध्यान रखता होता हैं। अभी जैसे एक राजनैतिक जुमला डबल इंजिन की सरकार के रूप में प्रचलित हैं। इस राजनैतिक जुमले का अर्थ ही यही हुआ की केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होगी तभी विकास तेजी से होगा।

राजनैतिक दल जनता के द्वारा दी गयी धनराशि से नहीं चलाया जा सकता हैं। यह बड़े-बड़े उद्योगपतियों के दिए मोटे चंदे से चलता हैं। यह ओद्योगिक घराने चंदा देकर व्यवसायिक लाभ कमाने में माहिर होते हैं।

फ़िल्मी नायक तो फ़िल्म में इस व्यवस्था का विरोधी होता हैं। किंतु थालपति विजय इन बुराइयों का असल मुख्यमंत्री रहते कैसे सामने कर पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। राजनीति में व्याप्त भाई भतीजा वाद से निपटना विजय के लिए खासा मशक्क़त भरा हो सकता हैं। ऐसा नहीं हैं की थालपति विजय के पूर्व तमिलनाडु में कोई फ़िल्मी अभिनेता मुख्यमंत्री नहीं बना हो। एमजी रामचंद्रन वर्ष 1977 से 1987 तक 10 बरस तमिलनाडु के सीएम रहे हैं। जयललिता एक लोकप्रिय अभिनेत्री रही जो मुख्यमंत्री बनी, एम करुणानिधि तमिल फिल्मो के पटकथा लेखक से राजनेता बने तमीलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। किंतु इन तीनो को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने में लम्बा समय लगा, जबकि विजय को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहुंचने के लिए महज दो साल का सघर्ष करना पढ़ा इस लिहाज से तमिलनाडु की जनता ने थालपति विजय को कम समय में ही मुखिया की कुर्सी पर बैठा दिया।

अब सवाल यह उठता हैं की फ़िल्म में नायक का किरदार निभाने वाले सुपर स्टार असल जीवन की काँटों भरी राजनीति में तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उसी तरह जनता के प्रिय बने रहेंगे, जैसे फ़िल्म के नायक के रूप में उनकी छवि जनता के मन में अंकित हैं। फ़िल्म में गरीबो का मसीहा, ईमानदार अफसर, सिद्धांत वादी नेता, माफियाओ का दुश्मन मुख्यमंत्री के रूप इन भूमिकाओ का निर्वहन कर पाएगा। जबकि मुख्यमंत्री के रूप में अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गयी मुहीम उन्हें जनता का असली नायक बना सकती हैं। टीवीके पार्टी के नेता के रूप में उन्होंने जनता से समाजिक न्याय और सच्चे धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना का वादा भी किया हैं। तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें गठबंधन के साथियों के साथ अपने घोषणा-पत्र में किये वायदो को भी पूरा करना हैं। महिलाओं को 2500 रु मासिक सहायता, स्नातको के लिए 4000 रु बेरोजगारी सहायता और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसे लोक लुभावन वादे भी पुरे करना हैं। तब क्या यह माना जाए की जनता घोषणाओं के आकर्षण पर मतदान करती हैं। तमिलनाडु राज्य के चुनाव में नायक की छवि और घोषणाओं ने मिलकर कम समय में चुनाव में सफलता प्राप्त की हैं। आने वाले समय में यह सवाल कायम रहेगा की क्या नायक की छवि से न्याय कर पाए मुख्यमंत्री थालपति विजय।राजनीति के विविध रंगों में दक्षिण के रंग भी असरकारी हैं। जिस प्रकार से फ़िल्मी नायको, नायिकाओं के प्रति आस्था यहाँ बताई जाती हैं वह काबिलेगौर हैं। फ़िल्मी कलाकारों को ईश्वर की तरह पूजने और उनके मंदिर बनाए जाने की दक्षिण राज्यों की संस्कृति और परम्परा हैं। अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के प्रति तमिलनाडु राज्य की जनता का प्रेम आस्था और विश्वास हैं। यह कला का सम्मान भी हैं। इसी जनता ने एमजी रामचंद्रन, जे जयललिता को भी मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया था। पटकथा लेखक एम करुणानिधि भी इसी क्रम में शामिल हैं। अब थालपति विजय भी सिनेमाई नायक से राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। उम्मीद करनी चाहिए विजय की यह यात्रा सफलता के सोपान चढ़ेगी। तमिलनाडु राज्य का यह जननायक तमाम राजनैतिक मजबूरियों के बावजूद अपने नायक को जिन्दा रख पाएँगा।

समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

योगेश कुमार गोयल

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी इस वर्ष हम 206वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को एक विशेष थीम के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 206 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मागरिट गिरजाघर के प्रांगण में है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1999 - रूस के उपप्रधानमंत्री सर्गेई स्तेपनिश कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त, अमेरिकी वित्तमंत्री रोबर्ट रूबिन का अपने पद से इस्तीफ़ा। 2002 - मिस्र, सीरिया व सऊदी अरब ने पश्चिम एशिया मामले में शांति समझौते की इच्छा जताई। 2007 - पाकिस्तान के कराची शहर में हिंसा। 2008 - जजों की बहाली के मुद्दे को लेकर कोई समझौता न होने के कारण पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ने साझा सरकार से हटने का निर्णय लिया। चीन में आये भीषण भूकम्प से हज़ारों लोग मारे गये। 2010 - बिहार के चर्चित बथानी टोला नरसंहार मामले में भोजपुर के प्रथम अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने तीन दोषियों को फाँसी तथा 20 को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। 1989 - शिखा पांडे - भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी हैं। 1666 - पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे। 1784 - पेरिस समझौता प्रभावी हुआ। 1847 - विलियम क्लेटन ने ओडोमीटर का आविष्कार किया। 1915 - क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा। 1965 - इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक संबंध शुरु करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खुद को जब ला-यज़ाल करते हैं आप साहिब कमाल करते हैं। फैसला क्यों हमारी किस्मत का आप सिक्का उछाल करते हैं। है सदाक़त औ इश्क़ मेरी वफ़ा लोग कितने सवाल करते हैं। जब कलम ने लिखा हो इश्क़-ए-रब हर्फ़ वस्ल-ए-जमाल करते हैं। रब ने लोगों को लियाकत बख्शी जीस्त पर क्यों मलाल करते हैं। धूप जितनी खिली पलाश खिले हौसले भी जलाल करते हैं। उनकी देखी जो चश्मपोशी "तनुज" खुद को खुद बद-आ'माल करते हैं।
- सतीश मैथिल तनुज

नदियों की धारा सी चलती है जिंदगी । कभी मंद कभी उफान सी है जिंदगी । सुख दुख के पत्थरों पर लहराती हुई- खुशी, वेदना समेटे रहती है जिंदगी ।
- पूनम झा प्रथमा

वाह रे वाह पप्पू ! कर दी न पप्पू वाली बात । नाम सार्थक कर दिया। दो पप्पुओं में शायद प्रतियोगिता है कि कौन असली कौन नकली पप्पू।जिस महिला ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते हुए किसी दूसरे दल को वोट देने के लिए धमकाया वह सादगी की मूर्ति हो गई। मान गए नाम सार्थक कर दिया।
- नवीन शंकर शर्मा

देखा मैंने कि शनैः शनैः कैसे पीले गुलमोहर और लाल अमलतास अच्छे लगने लगे थे कुछ दिन उसकी छांव में बैठने की निश्चिंतता ने अथाह खुशी भर दी थी मैं रो पड़ी जब जिंदगी के हर वाक्य में है की जगह 'थी' ...हुई जा रही थी भूत और वर्तमान को बांटता वह झीना सा पर्दा अब कहीं दूर जा गिरा है अंतर्मन में भावनाओं की प्रवाह सुखद रुप ले रही है। **- सपना चन्द्रा**

रात भर तडफ पसीना आ गया गर्मियों का जब महीना आ गया एक पैसा भी नहीं अब जेब में दर्द में ज़ख्मों को' सीना आ गया दर बदर भटकूँ यहाँ में देर तक दोस्तों के साथ पीना आ गया याद माँ की जब मुझे आई कभी पास जाने का करीना आ गया आज पीछे हैं पड़े मेरे सभी हाथ में जब से नगीना आ गया पाँव माँ के छु लिए तो ये लगे घर मेरे मक्का मदीना आ गया।
- संजय कुमार गिरि

जिसे जीना आता है वह बिना किसी सुविधा के भी खुश मिलेगा "। जिसे जीना नही आता वह सभी सुविधाओ के होते हुए भी दुःखी मिलेगा " जिंदगी म्यूजिक प्लेयर नहीं है जिसमें आप अपनी पसंद के गीत सुन सके। जिंदगी एक रेडियो है उसमें जो भी आ रहा है उसीसे मनोरंजन करें। **- अरूणा राव**

पास कुछ नहीं ख़ुशी के लिए वक़्त कम है ज़िन्दगी के लिए क़ाफ़िया , रदीफ़के साथ-साथ दर्द रखना शायरी के लिए पास मेरे दिल है टूटा हुआ क्या बचा है आशिक़ी के लिए नफ़रती हवा है चारों तरफ़ क्या करे कोई हँसी के लिए लाल आँखें जबसे सूरज किया एक डर है आदमी के लिए जश्न है फ़लक पे तारों के बीच चाँद खुश है चाँदनी के लिए क्यूँ बुझा रही हवा है चराग़ हम तरसते रौशनी के लिए हाथ थाम लीजे 'ऐनुल' मियाँ हम बने हैं दोस्ती के लिए। **- 'ऐनुल' बरौलवी**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपको आकस्मिक धन लाभ की प्राप्ति होगी। घर के सदस्यों के साथ ही बाहर के लोग भी आपका यथा सामर्थ्य सहयोग करेंगे।

वृषः आज के दिन भी आपको सफलता के कई अवसर मिलेंगे परन्तु आज आपको भ्रम में डालने वाले प्रसंग भी साथ मिलते रहेंगे। जिन कार्यो में अनुभवियों की सलाह लेंगे।

मिथुनः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर व्यवहारिकता से नए संबंध बनाएंगे। कार्य व्यवसाय में थोड़ा उतार चढ़ाव लगा रहेगा ।

कर्कः आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी संयम की कमी के चलते विपरीत फल मिलेंगे।

सिंहः आज के दिन आपमे दिखावे की मनोवृत्ति रहेगी। दिनचार्य में भी आडम्बर अधिक रहेगा। आज जिस भी कार्य को करेंगे बेमन से ही लोक लाज के कारण ही करेंगे।

कन्याः आज का दिन भी आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा आज आप प्रत्येक कार्य को ज्यादा चौकन्ने होकर करेंगे फिर भी अगर आप किसी कार्य मे असफल होते है तो इसका कारण किसी अन्य व्यक्ति की कमी ही रहेगी।

तुलाः आपके लिए आज का दिन सुख-शांति दायक रहेगा लेकिन अधूरे कार्यो को पूर्ण करने की जल्दी में दौड़-धूप लगी रहेगी।

वृश्चिकः आज दिन के आरम्भ में अन्य दिनों की तुलना में अधिक पूजा पाठ करेंगे। लघु धार्मिक यात्रा के भी योग है। कार्य व्यवसाय में आज भाग दौड़ अधिक करनी पड़ेगी परन्तु इसका परिणाम आशा से कम ही रहेगा लेकिन आज मेहनत का फल कम ही सही मिलेगा जरूर।

धनुः पिछले कुछ दिनों से चल रही आर्थिक स्थिति आज भी यथावत रहेगी प्रयास करने पर कही से खर्च लायक साधन जुटा लेंगे लेकिन मन मे भविष्य को लेकर दुविधा लगी रहेगी। सेहत में कुछ समय के लिये नरमी रहेगी।

मकरः आज आपके अंदर साहस की कमी रहेगी लोगो के सामने अपनी शेखी दिखाएंगे लेकिन अंदर से हालात कायर जैसे रहेंगे। लाभदायी ही रहेगी लेकिन सेहत का ध्यान रखना होगा।

कुंभः आज के दिन आप सौंदर्य के प्रति विशेष आकर्षित रहेंगे। मौज शौक साज सज्जा के सामान पर दिल खोल कर खर्च करेंगे। दर्द अकड़न की शिकायत आज भी रहेगी।

मीनः आज का दिन संघर्षमय रहेगा। दिन के प्रथम भाग में ही थोड़ी शांति अनुभव करेंगे लेकिन इसके बाद किसी कारण से भय बना रहेगा।

QUIZ TIME

1) आईसीसी के नए नियम अनुसार अब से कितने सेकंड में अगला ओवर शुरू करना होगा?

2) जेवियर माइली हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति बनें है?

3) रूस की सहायता से प्राप्त भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या है?

4) भारतीय रेलवे की वन स्टेशन वन प्रोडक्ट पहल अब कितने स्टेशनों पर चालू है?

5) इंटरनेशनल एमी अवार्ड जीतने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अब से नया ओवर 60 सेकंड के अंदर शुरू करना होगा, नहीं तो 5 रन की पेनल्टी लगेगी (2) अर्जेंटीना (3) आई.एन.एस.अरिहंत (4) 1037 (5) वीर दास

पहेली

शब्द सामर्थ्य -035

पीएमजीएसवाय में छत्तीसगढ़ का जलवा: उत्कृष्ट सड़क निर्माण के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण सड़क निर्माण और गुणवत्ता के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में आयोजित कार्यक्रम में 10 मई 2026 को प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान के हाथों छत्तीसगढ़ को दिया गया। प्रदेश की ओर से पीएमजीएसवाय के सीईओ भीम सिंह और चीफ इंजीनियर कटारे ने यह सम्मान प्राप्त किया। राष्ट्रीय पुरस्कार1760 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा

छत्तीसगढ़ ने न केवल नई ग्रामीण सड़कों के निर्माण में उल्लेखनीय काम किया है, बल्कि सड़कों की गुणवत्ता और रखरखाव को भी प्राथमिकता दी है। प्रदेश में 'जनमन सड़कों' का कुल 38 प्रतिशत हिस्सा है, जिसकी कुल लंबाई करीब 2900 किलोमीटर है। इनमें से 1760 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया गया है, जो पूरे देश में सबसे अधिक बताया जा रहा है।

राष्ट्रीय पुरस्कारविकास और सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि इसके अलावा पीएमजीएसवाय-1 के तहत 98 प्रतिशत, जबकि पीएमजीएसवाय-2 और पीएमजीएसवाय-3 के तहत 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि पिछले एक वर्ष में नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी योजना के तहत 52 सड़कों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो विकास और सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

न्यूज गैलरी

प्रशासनिक कार्य संस्कृति में डिजिटल क्रांति का आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 'ई-ऑफिस' प्रणाली सरकारी

कामकाज में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही लाकर सुशासन का नया सवेरा लेकर आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, यह डिजिटल पहल भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। फाइलों का डिजिटल होना फाइलों में हेराफेरी की गुंजाइश को लगभग खत्म कर देता है, जिससे शासन में पारदर्शिता आती है। कागजी फाइलों के भौतिक परिवहन में लगने वाला समय बचता है, जिससे फाइलें तेजी से आगे बढ़ती हैं और निर्णय जल्दी लिए जाते हैं। डिजिटल तकनीक आज केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शासन की कार्यप्रणाली को नया आयाम दे रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के संकल्प को साकार करते हुए राज्य में ई-ऑफिस प्रणाली प्रशासनिक व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है।छत्तीसगढ़ में अब शासकीय दफ्तरों की तस्वीर बदल रही है। वह दौर बीत रहा है जब कार्यालयों में धूल खाती फाइलों के ढेर और कछुआ गति से चलने वाली प्रक्रियाएं सामान्य मानी जाती थीं। अब डिजिटल फाइलों के माध्यम से कार्यों में न केवल तेजी आई है, बल्कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य ने डिजिटल गवर्नेंस में नए मानक स्थापित किए हैं। व्यापक नेटवर्क के तहत प्रदेश के 87 हजार 222 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। अब तक 5 लाख 46 हजार 903 से अधिक फाइलों का सफल डिजिटल संचालन किया गया है। 30 अप्रैल 2026 की स्थिति में प्रदेश का 33 वां जिला सक्ती 15 हजार 735 फाइलों के डिजिटल संचालन के साथ राज्य में अग्रणी रहा है। ऑनलाइन फाइल ट्रैकिंग की सुविधा से अब यह जानना आसान है कि कौन सी फाइल किस अधिकारी के पास कितने समय से लंबित है। इससे कार्य के प्रति जवाबदेही बढ़ी है। कुशल निर्णय प्रक्रिया सचिवालय से लेकर जिला स्तर तक फाइलों की आवाजाही त्वरित होने से निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यवस्थित और समयबद्ध हुई है। कागज के उपयोग में भारी कमी आने से यह प्रणाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा योगदान दे रही है। डिजिटल संधारण (Storage) के कारण दस्तावेजों के फटने, खोने या खराब होने का डर खत्म हो गया है और भंडारण की समस्या भी सुलझ गई है।

शिवाशा फाउंडेशन के चेयरमैन अनूप अग्रवाल का किया गया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। बलवीर सिंह जुनैजा इंडोर स्टेडियम में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में "लीड 36गढ़" कार्यक्रम की उल्लेखनीय सफलता और समाज के वंचित वर्गों के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु शिवाशा फाउंडेशन के चेयरमैन अनूप अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन की एडिशनल चीफ सेक्रेटरी आईएएस रिचा शर्मा ने की। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव सिंह तथा सीईओ कुमार विश्वरंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ÷लीड 36गढ़÷ पहल को राज्य के वंचित, ग्रामीण एवं कमजोर सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायी अभियान बताया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं का चयन कर उन्हें निःशुल्क सिविल सेवा परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी करवाई जाती है, जिससे उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस वर्ष ÷लीड 36गढ़÷ से जुड़े कई विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर चयन प्राप्त किया है। चयनित अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर, ग्रामीण एवं वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं, जिनकी सफलता आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का विषय बन चुकी है।

कांग्रेस ने बताया महज औपचारिकता, तो मंत्री कश्यप ने लिया आड़े हाथ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए मनाए जा रहे सुशासन तिहार को सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं. एक तरफ जहां कांग्रेस इसे पूरी तरह से फेल बता रही है, तो दूसरी ओर भाजपा ने इस पर सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कांग्रेस शासनकाल में योजनाओं पर लगे ग्रहण की याद दिलाई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सुशासन तिहार को लेकर मीडिया से चर्चा में कहा कि यह महज औपचारिकता है. ये जनता के बीच में जाकर टाइम पास करने, नौटंकी करने जा रहे हैं. हकीकत यह है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र को पीएम आवास के लिए दंडवत होना पड़ रहा है. अधिकारियों को धमकाया जा रहा है. दरअसल, इन्होंने जनता के लिए कुछ काम ही नहीं किया है, ऐसे में अब जब पोल खुल रही है तो अधिकारी को धमका रहे हैं. सुशासन तिहार पूरी तरह से फेल है. पीसीसी चीफ दीपक बैज के सुशासन तिहार को लेकर दिए बयान पर मंत्री केदार कश्यप ने पलटवार करते हुए कहा कि आवास के लिए कांग्रेस सरकार ने 5 साल लोगों को तरसाया. आज़ादी के बाद आदिवासियों के साथ खिलवाड़ किया. हमारी सरकार ने 18 लाख से ज़्यादा पीएम आवास स्वीकृत किया है. आज आदिवासी की बात कर रहे, जब शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और आवास तक पर नक्सलियों ने बुरी नजर लगाई, तब कांग्रेसियों के मुंह क्यो बंद थे।

प्रशासनिक हलकों में हड़कंप: सीईओ पर कमीशनखोरी और अनदेखी के गंभीर आरोप

भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ कोरबा जिला पंचायत अध्यक्ष का जंगी प्रदर्शन

■ अध्यक्ष बोले- 'महीनेभर में कार्रवाई नहीं हुई तो जड़ देंगे ताला'

कोरबा/नवप्रदेश। 11 मई एक ओर जहाँ पूरा प्रदेश 'सुशासन तिहार' मनाकर बेहतर प्रशासन का दावा कर रहा है, वहीं ऊर्जाधानी कोरबा में सत्ता और प्रशासन के बीच की रार सड़क पर आ गई है। सोमवार को जिला पंचायत परिसर उस समय अखाड़ा बन गया जब जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने खुद अपनी ही परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) दिनेश कुमार नाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भ्रष्टाचार और जनप्रतिनिधियों के अपमान का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष करीब आधा दर्जन सदस्यों के साथ जिला पंचायत गेट पर ही धरने पर बैठ गए।

डीएमएफ की बैठक से पहले बढ़ा पारा : हंगामे की शुरुआत जिला

अल्टीमेटम: 'कार्रवाई नहीं तो लगेगा ताला '

जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस विरोध प्रदर्शन को केवल सांकेतिक नहीं बल्कि एक बड़ी लड़ाई की शुरुआत बताया है। उन्होंने शासन-प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक महीने के भीतर दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई या उनका स्थानांतरण नहीं हुआ तो जिला पंचायत कार्यालय में तालाबंदी कर दी जाएगी।

खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) की महत्वपूर्ण बैठक से ठीक पहले हुई। आरोप है कि बैठक के सिलसिले में जिपं अध्यक्ष और अन्य सदस्य ष्टश्वह्र से मिलने पहुँचे थे, लेकिन उन्हें घंटों इंतजार कराया गया। इस 'प्रोटोकॉल उल्लंघन' ने आग में घी का काम किया और देखते ही देखते जनप्रतिनिधि कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। मौके पर सीईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

कमीशनखोरी और 'ऊपर तक पैसा' पहुँचाने का संगीन आरोप: मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ. पवन सिंह ने सीधे तौर पर सीईओ दिनेश कुमार नाग पर कमीशनखोरी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों को जानबूझकर फाइलों में दबाया जा रहा है। डीएमएफ मद से होने वाले जनहित के कार्यों में अधिकारी लगातार रोड़ा अटका रहे हैं।' धरने पर बैठे सदस्यों ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए कहा कि अधिकारी 'ऊपर तक पैसा पहुँचाने' के नाम पर ठेकेदारों और पंचायतों पर अनुचित दबाव बना रहे हैं।

सुशासन तिहार की साख पर सवाल: राज्य सरकार वर्तमान में 'सुशासन तिहार' के माध्यम से जनता तक पहुँचने और पारदर्शी प्रशासन का संदेश देने की कोशिश कर रही है। लेकिन कोरबा में जिला पंचायत के सर्वोच्च निर्वाचित पदाधिकारी का अपनी ही संस्था के प्रशासनिक प्रमुख के खिलाफ धरने पर बैठना, सरकार के दावों पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। फिलहाल इस मामले में जिला प्रशासन या सीईओ की ओर से कोई सफाई सामने नहीं आई है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज सोमनाथ अमृत महोत्सव कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण में सम्मिलित होने के लिए भोरमदेव मंदिर परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने भोरमदेव में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और जिलेवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, श्री रामकिंकर वर्मा, श्री विजय पाटिल, श्री उमंग पाण्डेय, मनीराम साहू, लोकचंद साहू, रूपसिंह धुर्वे, रूपसिंह मरावी, रामजी मरावी, काशीराम उइके, आदित्य श्रीवास्तव, भूखन साहू, हेमचंद्र चंद्रवंशी, मिलूराम साहू, परदेशी पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

युद्ध की आग में झुलसा प्लास्टिक उद्योग

रायपुर/नवप्रदेश। अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध की आग में प्लास्टिक उद्योग भी बुरी तरह से झुलस गया है। इसके कारण प्लास्टिक का हर तरह का सामान जहां महंगा हो गया है, वहीं इसका उत्पादन भी कम हो गया है। यही नहीं, डिमांड भी कम हो गई है। सबसे अहम कच्चा माल प्लास्टिक दाना, जो पहले 100 रुपए किलो मिलता था, उसके दाम 180 से 200 रुपए हो गए हैं। प्लास्टिक स्क्रैब जो पहले 70-80 रुपए किलो मिलता था. उसके दाम 120 से 130 रुपए हो गए हैं। ऐसे में प्लास्टिक पाउच सहित सभी तरह से प्लास्टिक सामानों के दाम 20 से 50 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। प्लास्टिक दाना बनाने के लिए आवश्यक पेट्रोकेमिकल्स (जैसे एथिलीन, प्रोपलीन) सीधे कच्चे तेल से बनते हैं। तेल महंगा होने से प्लास्टिक की उत्पादन लागत बढ़ गई है। ऐसे में प्लास्टिक दाना महंगा हो गया है।

प्लास्टिक दाना महंगा होने के कारण उससे बनने वाले सभी तरह के प्लास्टिक के सामान भी महंगे हो गए हैं। नमकीन सहित अन्य उत्पाद, दूध, दही सहित अन्य तरह से उत्पादों की पैकिंग में काम आने वाले पाउच के दाम सीधे 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। नमकीन का काम करने वाले राजधानी के राधाकिशन सुंदरानी के मुताबिक, पहले नमकीन के जो पाउच 200 रुपए किलो मिलते थे, उसके दाम अब 300 रुपए किलो हो गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक, इसी तरह से सामानों के लिए जो सिंगल यूज प्लास्टिक पन्नी पहले 100 से 120 रुपए किलो बिकती थी, उसके दाम 180 से 200 रुपए किलो हो गए हैं। इसी के साथ चावल, सीमेंट प्लास्टिक की बोरियों के दाम भी बढ़े हैं। तेलों की पैकिंग में भी इजाफा हो गया है। कारोबारियों के मुताबिक, पहले एक लीटर तेल की पैकिंग पर 90 पैसे से एक रुपए तक का खर्च आता था, अब इसका खर्च दो रुपए हो गया।

हजरत सैयद खाकी शाह का 60वां उर्स शहर भ्रमण कर पहुंचे मजार शरीफ

■ समाज के लोगों ने पढ़ी फातिहा और की दुआ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाने के सामने हजरत सैयद खाकी शाह रहमतुल्ला अलैह का 60वां उर्स पाक इस साल भी तीन दिन तक बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है। पहले दिन संदल और चादर की रस्म अदा की गई। उर्स शहर में भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुंचा। वहां फातिहा और दुआ की गई। चादर व संदल खादिमे आस्ताना सैय्यद जावेद अली और सैय्यद परवेज़ अली के निवास मदरबाड़ा से जुलूस के

रूप में निकाला गया, जो शहर में भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुंचा। वहां फातिहा और दुआ की गई। इस उर्स की खास बात यह है कि इसमें हर धर्म और समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं और आपसी एकता का संदेश देते हैं। आयोजन के दौरान लंगर का भी इंतजाम किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।

सीरतुन्नबी कमेटी के सदर सोहेल सेठी, मो. फारूक, शेख शकील, मो. मुख्तार, हसन, शेख जावेद, लाहोटी जी, अज्जू भाई, फिरोज खान, गुड्डा सेठी, मुज़फ्फर खान, युनुस खान, अजीज मामदानी और डॉ. आदिल सहित कई लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री साय ने हाटकेश्वर मंदिर में पूजा-कर सुख समृद्धि की कामना की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने महादेव से राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खाद के लिए पंजीयन हुआ आसान: सहकारी समिति, चॉइस सेंटर से करा सकेंगे किसान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस खरीफसीजन से किसानों को सहकारी सोसाइटियों से खाद खरीदने के लिए भी पंजीयन कराना होगा। मोर जमीन मोर खाद नाम से संचालित छत्तीसगढ़ अन्नदाता उर्वरक वितरण पोर्टल के माध्यम से यह काम होगा। राज्य में यह व्यवस्था पहली बार लागू होने जा रही है। इससे पहले तक केवल पंजीकृत रकबे के आधार पर उर्वरक का वितरण

किया जाता था। छत्तीसगढ़ अन्नदाता उर्वरक पोर्टल इस तरह काम करेगा। सबसे पहले इस सिस्टम में किसानों का पंजीयन किया जाएगा। यह पंजीकरण पोर्टल पर सिर्फ एक बार करना होगा। ऋणी किसान अपने क्षेत्र की सहकारी समिति या चॉइस सेंटर के माध्यम से यह पंजीयन करा सकते हैं। अऋणी किसानों केवल चॉइस सेंटर से ही पंजीयन करा पाएंगे। इसके लिए उन्हें आधारकार्ड और ई-केवाईसी अनिवार्य होगा। यह नया सिस्टम इस तरह से बनाया गया है कि किसान की जमीन का विवरण भुईयां पोर्टल और एग्रीस्टेक पोर्टल से अपने आप जुड़ जाएगा। इसके आधार पर ही खाद की मात्रा, किसान की फसल के प्रकार और जमीन के रकबे के आधार पर तय की जाएगी। अगर किसान अपनी फसल बदलता है तो इसी सूचना पोर्टल पर देनी होगी। इसका सत्यापन के 24 घंटे के भीतर किए जाने का प्रावधान है। अगर किसान भूमिहीन या अधिया वाला है तो भूमि स्वामी द्वारा पोर्टल में दी गई जानकारी के आधार पर पंजीयन करा सकते हैं।

योजना: जिन परिवारों का नाम पहले सर्वे में छूट गया, उन्हें अब दोबारा सर्वे कर आवास योजना से जोड़ा जा रहा

पीएम जनमन योजना में बड़ी राहत, 33 हजार से ज्यादा आवास मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए चलाए जा रहे पीएम जनमन अभियान के तहत राज्य सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब तक प्रदेशभर में 33 हजार से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि करीब 21 हजार मकान बनकर तैयार भी हो चुके हैं। शासन का दावा है कि जिन परिवारों का नाम पहले सर्वे में छूट गया था, उन्हें भी अब दोबारा सर्वे कर योजना से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियों तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार को आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की बात कही जा रही थी।

इस मामले पर जिला पंचायत गरियाबंद के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने स्थिति स्पष्ट की है। सीईओ ने स्पष्ट की स्थिति उन्होंने बताया कि संबंधित परिवार पहले छत्तीसगढ़ में स्थायी रूप से निवास नहीं कर रहा था और लंबे समय से ओडिशा में रह रहा था। इसी वजह से वर्ष 2011, 2018 और 2024 के सर्वे में उनका नाम दर्ज नहीं हो पाया। कुछ समय पहले परिवार के वापस गांव लौटने के बाद पीएम जनमन योजना के तहत उनका सर्वे पूरा कर लिया गया है और जल्द ही आवास स्वीकृत किया जाएगा।

फिर से हो रहा सर्वे

राज्य सरकार ने केंद्र से विशेष अनुमति लेकर उन पात्र परिवारों का दोबारा सर्वे शुरु किया है, जो किसी कारणवश पहले सूची में शामिल नहीं हो सके थे। प्रशासन का कहना है कि यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है और सर्वे पूरा होते ही पात्र हितग्राहियों को तत्काल योजना का लाभ दिया जाएगा।

समाधान शिविर में बने राशन कार्ड

प्रशासन ने यह भी बताया कि संबंधित परिवार के पास राशन कार्ड और जरूरी दस्तावेज नहीं थे। समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों ने मौके पर ही उनका राशन कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड बनवाया। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

जिला प्रशासन का दावा

जिला प्रशासन का कहना है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय अलग-अलग दूरस्थ स्थानों पर निवास करता है. इसलिए लगातार सर्वे कर नए पात्र परिवारों को जोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सभी पात्र परिवारों को नियमानुसार आवास और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में गूंजा सांस्कृतिक गौरव, बस्तर के प्राचीन शिवालय में उमड़ा आस्था का सैलाब

■ प्रधानमंत्री के विजन और सोमनाथ के ऐतिहासिक पुनर्जागरण पर हुई विशेष चर्चा

जगदलपुर। नव प्रदेश। बस्तर रियासत की पुरानी राजधानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर सोमवार को भक्ति, इतिहास और सांस्कृतिक स्वाभिमान के अनूठे संगम का साक्षी बना,जहां ÷सोमनाथ स्वाभिमान पर्व÷ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोमनाथ मंदिर के संघर्ष, पुनर्निर्माण और सनातन आस्था की गौरवगाथा को स्मरण करते हुए भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान पर विशेष चर्चा हुई। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं और नागरिकों ने इस आयोजन को सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष (बस्तर) वेदवती कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ में 11 पवित्र तीर्थों के जल से किया गया अभिषेक भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व मंदिर को जिस प्रकार आक्रमणकारियों द्वारा ध्वस्त किया गया था, वह भारतीय इतिहास का काला अध्याय रहा, लेकिन हर बार आस्था और स्वाभिमान ने मंदिर को पुनः खड़ा किया। उन्होंने कहा कि 1951 में हुए पुनर्निर्माण के बाद आज पूरे देश में ÷सोमनाथ स्वाभिमान पर्व÷ भारतीय गौरव के प्रतीक के रूप में मनाया जा रहा है।इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन तथा अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कलाकार निधि रावल एवं तरंग डांस एकेडमी की बालिकाओं ने कत्थक शैली में शिव तांडव की ओजपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं गायत्री मानस परिवार बस्तर द्वारा प्रस्तुत शिव भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।बस्तर ग्राम स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर छिंदक नागवंशी राजाओं द्वारा लगभग एक हजार वर्ष पूर्व निर्मित कराया गया था। बाणसागर तालाब के तट पर स्थित यह शिवालय 11वीं शताब्दी की स्थापत्य कला और शिल्प वैभव का अद्भुत उदाहरण माना जाता है। रियासत काल में यह क्षेत्र काकतीय राजाओं की राजधानी रहा, जिससे इस स्थल का ऐतिहासिक महत्व और बढ़ जाता है। आज केंद्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण में मौजूद इस मंदिर की दीवारों पर उकेरी गई कलात्मक मूर्तियां प्राचीन भारतीय शिल्पकला की उत्कृष्ट पहचान मानी जाती हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर उकेरी गई मयूर आकृति इसकी विशेष पहचान है, जिसे कभी अविभाजित मध्यप्रदेश के पाठ्य पुस्तक निगम के प्रतीक चिह्न के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता था।

आस्था और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बना शिवालय

पुरातत्व विभाग द्वारा विकसित आकर्षक बागवानी और संरक्षित परिसर ने मंदिर की भव्यता को और बढ़ा दिया है। महाशिवरात्रि, कार्तिक पूर्णिमा और मकर संक्रांति जैसे पर्वों पर यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। बस्तर के इस शिव मंदिर के समकालीन नारायणपाल,छिंदगांव,समलूर,भैरमगढ़,गढ़ धनोरा और बारसूर के प्राचीन मंदिर भी आज बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए हैं।

संक्षिप्त खबरें

उप निर्वाचन को लेकर प्रशासन सख्त, बस्तर में धारा 163 लागू

जगदलपुर / नव प्रदेश। नव प्रदेशजगदलपुर। बस्तर जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। नगरपालिक निगम जगदलपुर के वार्ड क्रमांक 16 इंदिरा गांधी वार्ड में प्रस्तावित उप निर्वाचन 2026 को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आकाश छिकारा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं। प्रशासन का कहना है कि चुनावी माहौल में राजनीतिक गतिविधियों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी सार्वजनिक सभा,जुलूस अथवा आयोजन के दौरान धारदार हथियार,लाठी, बल्लम,तलवार अथवा अन्य घातक अस्त्रों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों एवं समर्थकों के बीच विवाद अथवा तनाव की आशंका बनी रहती है, जिससे जनसुरक्षा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे हालातों की रोकथाम के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।प्रशासन ने कहा है कि मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने तथा निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। हालांकि शासकीय कार्य में अधिकृत शस्त्रधारी कर्मचारी तथा धार्मिक परंपराओं के तहत शस्त्र धारण करने वाले नागरिकों को इस आदेश से छूट प्रदान की गई है। उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई-जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अमले को निर्वाचन क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा है।

विश्व रेडक्रॉस दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले का उकृष्ट प्रदर्शन

बीजापुर । विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बीजापुर की टीम उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुई। यह दल कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश कार्यक्रम में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रति वर्ष 8 मई को रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनेट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रेडक्रॉस संस्था मानवताए सेवाए निष्पक्षता एवं करुणा के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए आपदा स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव उपस्थित रहे।

आत्मसमर्पित नक्सलियों को 42 लाख रुपए के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति

बीजापुर /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री विश्वदीप द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 85 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 42 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

सुशासन तिहार में उमड़ा जनसैलाब

बीजापुर /नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम पंचायत भद्रकाली में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्राम पंचायत कोत्तूर, चंदूर, भद्रकाली, बामनपुर, अर्जुनल्ली, रुद्रारम, चेरपल्ली एवं संण्ड्रापल्ली के हजारों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही समस्याओं का समाधान भी किया गया।जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित- शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता कुड़ेम एवं जनपद उपाध्यक्ष श्री नीलम गनपत ने ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

नक्सलमुक्त बीजापुर में विकास को मिलेगी नई गति: कलेक्टर

बीजापुर /नवप्रदेश। जिले में नवपदस्थ कलेक्टर श्री विश्वदीप ने सोमवार को जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर जिले के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। प्रेसवार्ता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।बीजापुर अब विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा- कलेक्टर श्री विश्वदीप ने कहा कि नक्सल मुक्त बीजापुर में अब विकास को नई गति देने का समय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के गुणवत्तापूर्ण विस्तार को प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीजापुर चार दशकों तक माओवाद के प्रभाव से जूझता रहा, जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हुए। अब बदलते हालात में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और सामुदायिक सहभागिता के साथ जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। नियद नेल्लानार और बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के व्यापक क्रियान्वयन तथा सुशासन तिहार पर विस्तृत चर्चा हुई।जिले के विकास में मीडिया की भूमिका अहम- कलेक्टर ने मीडिया को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मीडिया प्रशासन और जनता के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करता है तथा जनसमस्याओं को शासन तक पहुंचाने में अहम योगदान देता है।

16वें वित्त और जलजीवन मिशन को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

■ अधूरे कार्यों और राशि आवंटन में देरी पर जनपद सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

■ ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट और विकास कार्य ठप होने का लगाया आरोप

जगदलपुर / नव प्रदेश। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार को जनपद सदस्यों और ग्रामीण प्रतिनिधियों ने विकासखंड दरभा में 16वें वित्त आयोग की राशि के शीघ्र आवंटन तथा अमृत जलजीवन मिशन के अधूरे कार्यों को पूरा कराने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राशि आवंटन में देरी के कारण ग्राम पंचायतों में मूलभूत विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 16वें वित्त आयोग की राशि समय पर जारी नहीं होने से पंचायतों में नाली निर्माण, सीसी रोड, स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कई कार्य अधर में लटक गए हैं। पंचायतों के दैनिक कार्यों और आवश्यक भुगतान में भी परेशानी आ रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार राशि शीघ्र जारी कर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

कांग्रेस प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि अमृत जलजीवन मिशन के तहत शुरू किए गए अधिकांश कार्य अधूरे पड़े हैं। कई गांवों में पाइपलाइन और पानी टंकियों का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों को नदी, नालों और झरिया का पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच जल संकट गंभीर रूप ले चुका है और जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि ÷हर घर जल÷ का दावा जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

अपर कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के दौरान बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, टीवी रवि, मानसिंह बघेल, मुन्ना लाल कश्यप, अल्ताफ उल्ला खान, विजेंद्र ठाकुर,बलिराम बघेल, कंचन कश्यप,दिव्या पोयाम, सीताराम, गीता नाग, साकाराम बघेल, बुधरू, गुड़िया कश्यप, जयदेव नाग,कमलसाय और सुखराम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

घर में घुसकर जानलेवा मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

कांकेर / नव प्रदेश। मारपीट तथा धारदार हथियार से हमला करने वाले 03 आरोपीयो को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में मोहित ढीमर पिता सुमु लाल ढीमर उम्र 29 वर्ष निवासी एमजी.वार्ड.नेतराम ढीमर पिता सुमु लाल ढीमर उम्र 33 वर्ष निवासी एमजी.वार्ड महेश ढीमर पिता सुमु लाल ढीमर उम्र 36 वर्ष निवासी एमजी.वार्ड. शामिल है।मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी श्रवण साहू पिता स्व. सदाराम साहू थाना आकर लिखित आवेदन पेश किया कि 08 मई 2026 को रात्रि करीबन 10.30 बजे मेरी मॉ ने आवाज देकर बताई कि मेरी बहन ज्योति साहू को घर के सामने रहने वाला आरोपी मोहित ढीमर अपने घर से अश्लील गॉली-गलौच कर पत्थर मार रहा है।जिसे प्रार्थी द्वारा आरोपी के घर के सामने जाकर मना करने पर आरोपी मोहित ढीमर अपने भाइयो नेतराम ढीमर तथा महेश ढीमर के साथ जबरदस्ती घर आगन में खिचकर हाथ मुक्का लात से अश्लील गाली-गलौच कर मारपीट करने लगे तथा मोहित ढीमर घर से चाकू लाकर प्रार्थी के पेट,कमर और पसली में मारा तथा प्रार्थी के दाहिने हाथ बॉह को काटा जिससे बिच बचाओ करने पर परमेश्वर साहू को भी दाहिने हाथ में भी चोट आई।घटना के संबंध में प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 153/2026 धारा 296,115(2),118(1),127(2),3(5) बीएनएस तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वार्ड क्रमांक-6 में पेयजल संकट पार्षद संजय ध्रुव ने जताई नाराजगी

नगर पंचायत प्रशासन को दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

अंतागढ़। भीषण गर्मी के चलते नगरपंचायत अंतागढ़ के वार्ड क्रमांक 06 में पेयजल संकट गहराने लगा है। वार्डवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद संजय ध्रुव ने नगरपंचायत प्रशासन एवं कर्मचारियों के प्रति कड़ी नाराज़गी जाहिर की है।

पार्षद संजय ध्रुव ने कहा कि लगातार गिरते जलस्तर के कारण वार्डों में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसी स्थिति में नगरपंचायत को एक टैंकर एवं वाहन चालक आकस्मिक सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रखना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल पानी की आपूर्ति की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि ड्राइवर से संपर्क करने पर अक्सर ÷अन्य जगह ड्यूटी÷ होने की बात कही जाती है, जिससे वार्डवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने वार्ड क्रमांक 06 स्थित जगोतिन धनकर के घर के सामने लगे बोरिंग में पानी कम निकलने की समस्या का भी उल्लेख करते हुए कहा कि तत्काल पाइप बढ़ाकर समस्या का समाधान किया जाए तथा संबंधित कर्मचारी उन्हें इसकी सूचना दें।पार्षद ने नगरपंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारियों पर भी नाराज़गी जताते हुए कहा कि कर्मचारी फोन उठाने के बाद समस्या को सुनते जरुर हैं, लेकिन बाद में मोबाइल बंद कर देते हैं।

जिले में 21 मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान से मिली नई रोशनी

कांकेर / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के तहत जिले के सुदूर वनांचल और दूरस्थ बसाहटों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच लगातार बढ़ रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी संदिग्ध मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर कर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अब स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर लोगों की जांच और उपचार सुनिश्चित कर रही है।

इस अभियान ने न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाया है, बल्कि सुदूर अंचल में रहने वाले लोगों के मन में विश्वास की नई किरण भी जगाई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के कारण अब जिले के सुदूर गांवों के लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करने को मजबूर नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं उनके द्वार तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक जांच के दौरान 04 लाख 29 हजार 279 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जांच के दौरान मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, मुख कैंसर, सिकल सेल एवं मोतियाबिंद जैसी गंभीर बीमारियों की पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, इससे बीमारियों की जटिलताओं को कम करने में मदद मिल रही है। यह भी बताया गया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग किया जा रहा है।

गंगामुंडा तालाब को मिलेगा नया स्वरूप 3.45 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

जगदलपुर / नव प्रदेश। मुख्यमंत्री नगरोंत्थान योजना के अंतर्गत शहर के ऐतिहासिक गंगामुंडा तालाब के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए सोमवार को 3 करोड़ 45 लाख 96 हजार रुपए लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। विश्वकर्मा मंदिर के समीप आयोजित कार्यक्रम में जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव तथा महापौर संजय पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

परियोजना के तहत लगभग 1 करोड़ 97 लाख 84 हजार रुपए की लागत से पाथवे निर्माण एवं डामरीकरण कार्य कराया जाएगा, वहीं 1 करोड़ 48 लाख 12 हजार रुपए की लागत से टो वॉल का निर्माण होगा। करीब 175 एकड़ क्षेत्र में फैला गंगामुंडा तालाब शहर की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक पहचान माना जाता है। विशेषकर छठ पर्व के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सूर्य उपासना के लिए पहुंचते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि गंगामुंडा तालाब केवल जलाशय नहीं बल्कि शहर की आत्मा और सांस्कृतिक विरासत है। महापौर संजय पांडे ने कहा कि हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे की भावना के साथ नगर निगम तालाब संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

सोमनाथ का महादेव मंदिर आज भी आस्था का शीर्ष केंद्र: नाग

कांकेर / नव प्रदेश। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में विख्यात गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आज 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्वः अटूट आस्था के 1000 वर्ष' समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूजा अर्चना कर देशवासियों को वर्चुअली रूप से संबोधित किया। इसका सीधा प्रसारण आज सुबह शहर के मेलाभाठा मैदान पर स्थित प्राचीन शिवालय एवं कंकालिन मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें ''सोमनाथ संवाद'' नामक परिचर्चा में जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम तथा नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि के आसंदी से श्री नाग ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर में प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में साक्षात महादेव विराजमान हैं, जो सनातनी आस्था और अध्यात्म के प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं की लाख कोशिशों के बाद भी सोमनाथ का महादेव मंदिर आज भी अडिग, अचल है तथा यह आस्था का शीर्ष केंद्र है। सांसद ने जिलेवासियों को एकजुट रहने तथा अपने धर्म, आस्था और सनातनी विरासतों को सहेजने एवं संरक्षित करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद कांकेर विधायक श्री नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भावी पीढ़ी को धर्म और अध्यात्म से जुड़ने की आवश्यकता है, क्योंकि सनातनियों की पहचान उनके धर्म से है। इसलिए जाति-पांति और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर धर्म की रक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री कौशिक ने कहा कि आज से 1000 साल पहले सोमनाथ के वैभवशाली मंदिर को तोड़ा गया, लेकिन यह मंदिर आज भी अपने स्थापत्य के चरम पर है, जिसका प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पुनरूद्धार हुआ।

कुत्तों की नसबंदी पर गरमाई सियासत, पूजा-अर्चना से शुरू हुआ अभियान बना राजनीतिक मुद्दा

जगदलपुर / नव प्रदेश।हर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा शुरू किया गया एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) अभियान अब राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गया है। महाराणा प्रताप वार्ड स्थित एसएलआरएम डोंगरी सेंटर परिसर में एबीसी सेंटर के शुभारंभ के दौरान महापौर संजय पांडेय और अन्य जनप्रतिनिधियों ने कुत्तों की पूजा-अर्चना कर उन्हें तिलक लगाया और दूध पिलाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम की तस्वीरें सामने आते ही विपक्ष ने इसे मुद्दा बना लिया और नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए। कांग्रेस नेताओं ने इस आयोजन को ÷कोरा प्रचार÷ बताते हुए तंज कसा कि यदि कुत्तों की इतनी ही श्रद्धा से पूजा करनी है तो निगम डॉग हाउस बनाकर रोज आरती उतारे। विपक्ष का आरोप है कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन जमीनी समाधान के बजाय केवल फोटो सेशन और प्रचार किया जा रहा है।

वहीं महापौर संजय पांडेय ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि श्वानों का संबंध सनातन परंपरा में भगवान कालभैरव और राहु-केतु से माना जाता है। उनका कहना है कि यह आयोजन मूक पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और जीव सेवा का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में आवारा कुत्तों की समस्या पर कोई ठोस पहल नहीं हुई।

इधर राजनीतिक बयानबाजी के बीच एबीसी सेंटर में जमीनी काम भी शुरू हो चुका है। धरमपुरा क्षेत्र से पकड़े गए 22 आवारा कुत्तों की नसबंदी,डी-वार्मिंग और रेबीज टीकाकरण की प्रक्रिया विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा की जा रही है। ऑपरेशन के बाद तीन दिन तक निगरानी में रखने के बाद उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा,जहां से पकड़ा गया था।

पशु प्रेमियों की निगरानी में चलेगा अभियान

पूरी प्रक्रिया को पशु-अनुकूल और पारदर्शी बनाए रखने के लिए 'स्ट्रे सेफ फाउंडेशन' को भी निगरानी व्यवस्था में शामिल किया गया है। संस्था से जुड़े लुप्तेश जगत की देखरेख में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कुत्तों को पकड़ने, उपचार और छोड़ने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की क्रूरता न हो। नगर निगम ने हर महीने लगभग 500 आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण का लक्ष्य तय किया है।

सक्ती में प्रतिबंध के बावजूद अवैध बोर उत्खनन, कलेक्टर ने दी गाड़ी जब्ती और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भू-जल स्तर गिरने और भीषण गर्मी के मद्देनजर राज्य सरकार ने 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक बोर उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया है।

इसके बावजूद सक्ती जिले में इस आदेश की खुलेआम अनदेखी कर अवैध बोर उत्खनन जारी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सख्त चेतावनी जारी की है। कलेक्टर ने कहा है कि अवैध रूप से बोर खनन करते पाए जाने पर संबंधित वाहन को जब्त कर वाहन मालिकों के खिलाफ सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, प्रतिबंध लागू होने के बाद भी जिले में प्रतिदिन लगभग 10 से 12 स्थानों पर बोर उत्खनन कराया जा रहा है। आरोप है कि बोर वाहन संचालक प्रतिबंध का फायदा उठाकर प्रति फुट 10 से 20 रुपये तक अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं। इस तरह एक बोर उत्खनन में 8 से 10 हजार रुपये तक

अतिरिक्त राशि ली जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि यह अतिरिक्त रकम अधिकारियों और नेताओं के नाम पर वसूली जा रही है। बताया जा रहा है कि जिले में रोजाना लाखों रुपये की अतिरिक्त कमाई अवैध बोर उत्खनन के जरिए की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिले में कहीं भी अवैध बोर उत्खनन की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इस बार नियम तोड़ने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बोर वाहन मालिकों और संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रतिबंध अवधि के दौरान अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर वाहन जब्त किए जाएंगे और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित संचालकों की होगी।

न्यूज गैलरी

अलग-अलग तरीके से लड़का, लड़की घर से गायब, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र में एक लड़का और एक लड़की के घर से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजकुमार राजवाड़े पिता सेवक राम राजवाड़े उम्र 34 साल साकिन ग्राम रजपुरी कला 9 मई 2026 को घर से कहीं चला गया है घरवालों ने आस-पड़ोस रिस्तेदारो में युवक का पता तलाश किया लेकिन युवक का पता नहीं चला जिसकी सूचना परिजनों ने थाना लखनपुर में दिया है गुम इंसान का हुलिया रंग गोरा लम्बाई 5 फिट चेहरा लम्बा शरीर पतला दुबला जींस पैंट पहने हुये हैं कक्षा आठवीं तक पढ़ा है हिंदी सरगुजिहा बोलता है। रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस 10 मई को गुम इंसान दर्ज कर पतासाजी में लिया है । कायमी की सूचना डीसीआरबी शाखा अम्बिकापुर को भेजी गई है तथा क्षेत्र के सभी थाना/ चौकीयो को इतिला कर दिया गया है कि गुम इंसान की पता चलने पर थाना लखनपुर को सूचित करें।वहीं दूसरे मामले में ग्राम टपरकेला से एक नाबालिग लड़की के घर से ग़ायब होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने थाना लखनपुर में ग़ायब नाबालिग के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया है। दरअसल नाबालिग लड़की 30 अप्रेल 2026 को घर में बिना बताए कहीं चली गई है। उसके माता-पिता को सुबा है कि कोई अनजान व्यक्ति बहला फुसलाकर नाबालिग लड़की को भगा ले गया होगा। नाबालिग लड़की इस वर्ष कक्षा बारहवीं की परिक्षा दी है । उक्त दोनों मामलों में लखनपुर पुलिस गुम इंसान दर्ज कर पतासाजी करने जुटी है।

अधिक शराब सेवन से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर मनीपारा निवासी प्रभू राम वल्द चंदाराम उम्र 40 वर्ष की अधिक शराब सेवन से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मकतुल अत्यधिक शराब पीने का आदी था 9 मई 2026 को भी शराब पीकर घर आया और अपने कमरे में सोने चला गया। सबेरे जब इसकी मां एतवारी बाई जगाने गई तो वह अपने बिस्तर में अचेतावस्था में पड़ा हुआ था। हालत को देखते हुए परिजनों ने शराबी को उठा कर एम्बुलेंस के जरिए से लखनपुर अस्पताल ले आये जहां डाक्टरों ने जांचोपरांत शराबी शख्स को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर लखनपुर पुलिस मकतुल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

राशन कार्ड से दूर हुई ममता की चिंता, अब बच्चों के पालन-पोषण में होगी आसानी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आयोजित सुशासन तिहार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। जिले के लूण्ड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत घोघरा की रहने वाली ममता पैकरा के लिए यह आयोजन खुशियों की सौगात लेकर आया, जहाँ लंबे समय से लंबित उनके राशन कार्ड का आवेदन न केवल स्वीकार हुआ, बल्कि उन्हें मौके पर ही राशन कार्ड प्रदान कर दिया गया।ममता ने बताया कि राशन कार्ड नहीं होने के कारण उन्हें पिछले काफी समय से राशन जुटाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उनके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनके बेहतर पोषण और परवरिश की चिंता उन्हें हमेशा सताती थी। कार्ड प्राप्त होने के बाद अपनी खुशी साझा करते हुए महिला ने कहा, इतने दिनों से राशन कार्ड नहीं होने से मुझे बहुत तकलीफ हो रही थी। सुशासन तिहार वाकई मेरे लिए समाधान लेकर आया है। आज मुझे राशन कार्ड मिल गया है, अब मैं अपने बच्चों का पालन-पोषण अच्छे से कर सकूँगी।ममता ने बताया कि उन्होंने राशन कार्ड के लिए आवेदन दिया था, जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्ड उपलब्ध कराया। यह त्वरित समाधान शासन-प्रशासन के प्रति आम जन के विश्वास को और मजबूत करता है। योजना का लाभ सीधे और सहज रूप से मिलने पर ममता ने मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की संवेदनशील पहल के कारण आज उनके जैसे कई गरीब परिवारों की बुनियादी जरूरतें पूरी हो रही हैं।

लुण्ड्रा में मिली दुर्लभ ताड़पत्र पांडुलिपियां साधु शाह वर्षों से कर रहे संरक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत लुण्ड्रा विकासखंड की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीति भगत की सूचना पर सर्वेक्षण दल ग्राम दोरना पहुंचा, जहां पांडुलिपि संरक्षक 78 वर्षीय साधु शाह के निवास पर दुर्लभ ताड़पत्र पांडुलिपियों का संग्रह मिला। सर्वेक्षण टीम ने साधु शाह को पांडुलिपि संरक्षण योजना की जानकारी देते हुए पांडुलिपियां दिखाने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने अपने पूजाघर में सुरक्षित रखी पांडुलिपियों के दो बड़े बंडल प्रस्तुत किए। इनमें एक बंडल कार्तिक महात्म्य तथा दूसरा रामायण के बालकाण्ड एवं अयोध्या कांड से संबंधित था। साधु शाह ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय वृंदावन शाह इन पांडुलिपियों का नियमित पाठ किया करते थे। उन्होंने यह भी बताया कि ताड़पत्र पांडुलिपियों की विशेषता यह है कि इनमें स्याही का प्रयोग नहीं किया जाता। अक्षरों को लोहे की नुकीली कलम से ताड़पत्र पर उकेरा जाता है, जिससे लेखन लंबे समय तक सुरक्षित बना रहता है। उन्होंने बताया कि पांडुलिपियां अत्यंत पुरानी होने के कारण अब धूमिल हो चुकी हैं। पढ़ने के समय धुंधले अक्षरों पर हल्दी मल देने से अक्षर पुन: स्पष्ट दिखाई देने लगते हैं। साधु शाह के पास वैद्यकी से संबंधित कई महत्वपूर्ण पांडुलिपियां भी थीं, जिन्हें सुरक्षा के अभाव में दीमकों ने नष्ट कर दिया।

सीएम ने किया नगर के चौक-चौराहों में स्थापित प्रतिमाओं का अनावरण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के साथ ही सुशासन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुशासन तिहर अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे, इस दौरान उन्होंने नगर के चौक-चौराहों में महापुरुष एवं संत की प्रतिमाओं का अनावरण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया, प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम के दौरान नगर में उत्साह, श्रद्धा और गौरव का वातावरण रहा, इस अवसर पर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टोरेट कार्यालय के पास भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर संविधान निर्माता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत आधारशिला प्रदान की। उनका जीवन शिक्षा, संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणादायी मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने दाऊपारा स्थित गुरु घासीदास बाबा की प्रतिमा का विधिवत अनावरण करते हुए कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संतों और महापुरुषों की विरासत को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी तक उनके आदर्शों को पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने पड़ाव चौक में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया, उन्होंने महाराणा प्रताप को भारतीय इतिहास का महान योद्धा बताते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित में सक्रिय भूमिका निभाने कहा। मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर रोड तिराहा में भक्त माता कर्मा की प्रतिमा का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा सेवा, श्रद्धा और समर्पण की प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज को मानव सेवा, भक्ति, परोपकार और संस्कारों की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक और धार्मिक वातावरण बना रहा तथा समाज सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने इस पहल का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। स्थानीय नागरिकों एवं समाज प्रमुखों ने प्रतिमा स्थापना को जिले के लिए गौरवपूर्ण पहल बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिक्षा के गिरते स्तर पर कलेक्टर सख्त एमसीबी जिला प्रदेश में अंतिम पायदान पर

*15 को बुलाई गई आपात समीक्षा बैठक

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नवनिर्मित एमसीबी जिले में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और हालिया बोर्ड परीक्षाओं के निराशाजनक परिणामों को लेकर जिला प्रशासन अब 'एक्शन मोड' में है। राज्य के 33 जिलों की रैंकिंग में एमसीबी के अंतिम पायदान पर खिसकने और लगभग 40% विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने की गंभीर स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 15 मई को जिले के सभी सरकारी हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी और स्वामी आत्मानंद स्कूलों के प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई है। यह उच्च स्तरीय बैठक प्रातः 11 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी प्राचार्य निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर पूरी तैयारी और आंकड़ों के साथ उपस्थित रहेंगे। लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यों पर सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए गए हैं।

इन मुख्य बिंदुओं पर होगी 'सर्जरी'

परीक्षा परिणाम का पोस्टमार्टम: बोर्ड परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन के कारणों का गहन विश्लेषण किया जाएगा। 40% बच्चों के फेल होने की जिम्मेदारी तय की जा सकती है।

ड्रॉप-आउट पर लगाम

कक्षा 8वीं और 10वीं पास कर चुके हर छात्र का अगली कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। लक्ष्य 'शून्य ड्रॉप-आउट' रखा गया है।

पूरक परीक्षा हेतु विशेष कोचिंग

सप्लीमेंट्री और 'अवसर' परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए शत-प्रतिशत आवेदन और उनके लिए विशेष कोचिंग कक्षाओं की व्यवस्था पर रणनीति बनेगी।

नया सत्र, नई तैयारी

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूलों की कार्ययोजना और रणनीति पर चर्चा। **बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा:** जर्जर भवन, पेयजल संकट, फर्नीचर और पुस्तकों की उपलब्धता की रिपोर्ट मांगी गई है ताकि नए सत्र से पहले कमियां दूर की जा सकें।

मनेन्द्रगढ़ में सट्टे का मायाजाल: गली-मोहल्लों में फैला नेटवर्क

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। कोयलांचल और व्यापारिक केंद्र के रूप में पहचाने जाने वाले मनेन्द्रगढ़ शहर में इन दिनों सट्टे का अवैध कारोबार अपनी जड़ें गहरी कर चुका है। शहर के हृदय स्थल से लेकर सुदूर मोहल्लों तक 'दो अंकों' का यह खेल धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। मेहनत की कमाई को चंद मिनटों में दोगुना करने के लालच में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार इस दलदल में फंसकर बर्बाद हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के लगभग हर कोने में सट्टे की पत्ती काटने वाले सक्रिय हैं। मुख्य रूप से नई सब्जी मंडी, डॉ. करन क्लिनिक के सामने, नियोगी क्लिनिक के पास और रेलवे स्टेशन के सामने स्थित किराना दुकान और होटल में, रेलवे कॉलोनी, रेलवे फाटक के पास, मौहारपारा, छोटे साईं मंदिर के पास और बदन सिंह मोहल्ला, नदीपार पेट्रोल पंप के पास, पेंड्रा दफाई, मलाई भट्ठा, चनवारी डांड, लालपुर, खान नर्सिंग होम के पास और खेड़िया टॉकीज के पीछे धड़ल्ले से चल रहा है। कभी पर्चियों और कार्बन पेपर के सहारे चलने वाला यह अवैध धंधा अब पूरी तरह 'हाईटेक' हो चुका है। अब सट्टा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो गया है। खाईवाल और उनके एजेंट व्हाट्सएप और मैसेजिंग ऐप्स के जरिए नंबरों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। लेन-देन के लिए भी अब ऑनलाइन पेमेंट का सहारा लिया जा रहा है, जिससे पुलिस के लिए छापेमारी करना और पुख्ता सबूत जुटाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। सट्टे के इस खेल में एक पूरा चैनल काम कर रहा है। पत्ती काटने वाले छोटे एजेंटों से लेकर बड़े खाईवालों तक का एक संगठित गिरोह जिले में सक्रिय है। मेहनत मजदूरी करने वाले लोग जल्दी अमीर बनने के सपने में अपनी जमा-पूंजी दांव पर लगा रहे हैं। हालात यह हैं कि कई घरों में इस लत के कारण भुखमरी और घरेलू विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है।

लोक अदालत में निराकरण हुए हजारों प्रकरण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा अंबिकापुर के मार्गदर्शन में 9 मई 2026 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर अंतर्गत सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय तथा सीतापुर न्यायालय में लगभग साढ़े तीन हजार लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं राजस्व न्यायालयों में तेरह हजार से अधिक प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण हुआ।

गायत्री गुप्ता को गांव में ही मिला आयुष्मान कार्ड

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'सुशासन तिहार' आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का सशक्त माध्यम बन रहा है। इसी कड़ी में बतौली विकासखंड के ग्राम पंचायत घोगरा की निवासी गायत्री गुप्ता के लिए यह जन समस्या निवारण शिविर में समस्या का समाधान हुआ है।

नाम परिवर्तन

शपथकर्ता - खेमराज साहू पिता लोकेश कुमार साहू जाति तेली आयु 42 वर्ष निवासी साकेतनगर गोविन्दपुर तहसील व जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा से शपथपूर्वक निम्नकथन करता हूँ कि -

1. मैं आर्मी नंबर 15152039 एक्स हवलदार खेमराज साहू (KHEMRAJ SAHU) पिता लोकेश कुमार साहू ग्राम गोविन्दपुर साकेतनगर तहसील व जिला- उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.का मूल निवासी हूँ।
2. क्योकि मेरा आर्मी के दस्तावेज अभिलेख कार्यालय के शीट रोल में मेरे पुत्र का नाम योग्य (yogya) दर्ज है।
3. मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम आर्मी के समस्त दस्तावेज में योग्य साहू (yogya SAHU) पिता खेमराज साहू (KHEMRAJ SAHU) लिखा पढा एवं जाना जावे।
4. यह कि शपथकर्ता के आधार कार्ड और अंकसूची में समस्त दस्तावेजों में योग्य साहू दर्ज हैं।
5. यह कि शपथकर्ता वर्तमान में अपने डिस्चार्ज बुक में अपने पुत्र का नाम सुधार करने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा है।

शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा से शपथपूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की लेख कंडिका 1 से 5 तक में दी गई जानकारी सत्य है और मैंने दिनांक 11.05.2026 को स्थान कांकेर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

दिनांक -11.05.2026 **शपथकर्ता**
खेमराज साहू

नाम परिवर्तन

शपथकर्ता - कमला कोर्राम, उम्र - 55 वर्ष पति-शंकर कोर्राम, जाति-गोंड़, निवासी- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. गीदम, तहसील दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक निम्न कथन करता/करती हूं -

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि मेरे परिचय पत्र में मेरा नाम कमला कोर्राम पति-शंकर कोर्राम, जाति-गोंड़, निवासी-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं 1 गीदम, तहसील दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, (छ.ग.) तथा जन्मतिथि 13.02.1971 अंकित है जो सही है।
03. यह कि मेरे नाम से जारी आधारकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम उर्मिला बाई कोर्राम पति-शंकर कोर्राम पता-डवंरखार, तहसील-सरोना, जिला-कांकेर (छ.ग.) तथा जन्मतिथि 13.02.1970 अंकित हो गया है।
04. यह कि मैं अपने आधारकार्ड में अपना सही नाम व पता कमला कोर्राम पति-शंकर कोर्राम, जाति-गोंड़, निवासी-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 1 गीदम, तहसील दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, (छ.ग.) तथा जन्मतिथि 13.02.1971 अंकित करवाना चाहती हूं।
05. यह कि उक्ताशय यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

स्थान- कांकेर
दिनांक- 11.05.2026 शपथकर्ता

// सत्यापन //

उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता / करती हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक लिखी सभी बाते मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य व सही है । अतः आज दिनांक 11.05.2026 को मैं इस पर अपने हस्ताक्षर किया।

दिनांक -11.05.2026 **शपथकर्ता**
कमला कोर्राम

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता **अनिल कुमार यादव (ANIL KUMAR YADAV)**, पिता- **परदेशी राम यादव (PARDESI RAM YADAV)**, उम्र-27 वर्ष, निवासी-ग्राम राजपुर, ग्राम पंचायत तुमसनार, पोस्ट-नागरबेड़ा, तहसील-आमाबेड़ा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) 494230 का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं किः-

01. यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं।
02. यह कि, मेरा पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक-**7687 2803 3275** में मेरे पुत्र का नाम- **पार्थी यादव (PARTHI YADAV)**, पिता- **सोहद्रा यादव (SOHDRA YADAV)** अंकित है। जो त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है।
03. यह कि मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में सही व वास्तविक नाम- **पार्थ यादव (PARTH YADAV)**, पिता- **अनिल कुमार यादव (ANIL KUMAR YADAV)** दर्ज है, जो सत्य एवं सही है।
04. यह कि, मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम- **पार्थ यादव (PARTH YADAV)**, पिता- **अनिल कुमार यादव (ANIL KUMAR YADAV)** को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

स्थान- कांकेर
दिनांक- 11.05.2026 शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि कंडिका 1 से 4 तक में दिये गये कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही है जिसे मुकाम कांकेर में आज दिनांक 11.05.2026 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर सत्यापित कर दिया / दी हूं।

दिनांक -11.05.2026 **शपथकर्ता**
अनिल कुमार यादव

Public Works Department
Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Durg Circle Durg (C.G.)
REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)

No. 01/Durg/2026-27 Durg, Dated. 07.05.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

जिला दुर्ग में संभाग स्तरीय बहुद्देशीय स्टेडियम निर्माण कार्य हेतु वास्तुविद् चयन करने बाबत्।
Situated at Durg
Estimated cost of project Rs. 1322.30 Lakh
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

S. N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Durg Division Durg
1	For project cost Between 10 to 25 Crore	Empanelled as architect in Class **"C" & Above Class in C.G. PWD.**	Rs. 17,000=00

General condition: All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated **28.05.2026** by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & **http://cgstate.gov.in/** from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Durg Circle Durg

G-262700623/6

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. **190536**/निविदा सूचना क्र. 02/वलेलि/2026-27,
बेमेतरा दिनांक 08.05.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **29.05.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है -

कार्य का नाम - बेमेतरा (दुर्ग) जिले के विकासखण्ड साजा की रानो स्टापडेम कम रपटा निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 247.91 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **15.05.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-262700628/4

प्रारूप - एक
(नियम 11 देखिये)

कार्यालय कलेक्टर, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
एवं पदेन विशेष उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छ.ग. शासन
अधिसूचना

क्रमांक 12/अ-82/2025-26 मुंगेली दिनांक 16.04.2026

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् -

क्र.	तहसील	ग्राम नगर	क्षेत्रफल	लोक प्रयोजन का विवरण
1	मुंगेली	मुंगेली	0.025 हे.	सी.सी. रोड निर्माण

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 15.05.2026 को (समय) 11:00 बजे (स्थान) तहसील कार्यालय मुंगेली पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	विवरण	
1	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	आम जनता के आवागमन की सुविधा की दृष्टिगत से निर्मित सड़क 1. मुख्यमार्ग से रामगढ़ पहुंच मार्ग (जिला चिकित्सालय मुंगेली पहुंच मार्ग) को जोड़ता है। 2. रामगढ़ पहुंच मार्ग से बुधवारी बाजार में पहुंच मार्ग है। 3. रामगढ़ पहुंच मार्ग से सतनाम भवन पहुंच मार्ग है। उक्त मार्ग में प्रतिदिन सैकड़ो लोगो की आवाजाही होती है।
2	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	एक परिवार
3	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	निरंक
4	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या	प्रभावित क्षेत्र में 106 निजी मकान एवं 03 सी.सी. सड़क निर्मित है।
5	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या	03 शासकीय भवन एवं 05 परिसंपत्तियां
6	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है	हॉं
7	क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है	हॉं
8	परियोजना की कुल लागत	निर्मित 03 सी.सी. सड़क की कुल लागत लगभग 13.00 लाख है।
9	परियोजना से होने वाले लाभ	आम जनता के आवागमन की सुविधा की दृष्टिगत से जिला चिकित्सालय मुंगेली जाने के लिए, बुधवारी बाजार जाने के लिए, एवं सतनाम भवन जाने के लिए सड़क निर्मित है।
10	प्रस्तावित सामाजिक समाधात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय	गणना किया जाना है
11	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	आवागमन के दृष्टिगत से जनहित में उचित है।

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि /समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

कलेक्टर
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

पचधारी में मौत के बाद भी नहीं थम रही भीड़, प्रतिबंध के बावजूद नहाने पहुंच रहे लोग

रायगढ़/नवप्रदेश। पचधारी डेम में हर साल हो रही हादसों के बावजूद लोगों की लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही है। गर्मी बढ़ते ही बड़ी संख्या में लोग डेम में नहाने और पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। रविवार को डेम में डूबने से एक युवक की मौत हो गई थी, लेकिन इसके अगले ही दिन सोमवार को फिर से यहां लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बावजूद लोग बेखौफ होकर पानी में उतरते नजर आए।

सोमवार सुबह से ही युवक, बच्चे और परिवार के लोग डेम में पहुंचने लगे थे। दोपहर तक यहां काफी संख्या में लोग नहाते और पानी में छलांग लगाते दिखाई दिए। डेम के जिस हिस्से में पानी अधिक गहरा है, वहां भी युवा और बच्चे मस्ती करते नजर आए। सबसे बड़ी बात यह रही कि लोगों को रोकने के लिए मौके पर प्रशासन या पुलिस की ओर से कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दी।

न तो चेतावनी देने वाला कोई कर्मचारी मौजूद था और न ही सुरक्षा के लिए कोई गार्ड तैनात था। डेम में नहा रहे लोगों ने भी प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाए। पिकनिक मनाने पहुंचे बंटी कुमार मिश्रा ने बताया कि वे दोस्तों के साथ घूमने आए हैं और नहाकर लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं है, इसलिए लोग आराम से पानी में उतर रहे हैं। उनके मुताबिक छोटे बच्चे भी गहरे पानी तक पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। वहीं, अंकित चक्रधारी ने बताया कि डेम के नीचे वाले हिस्से में नहाना अपेक्षाकृत सुरक्षित माना जाता है, लेकिन ऊपर का क्षेत्र बेहद खतरनाक है। इसके बावजूद लोग खतरे को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। रविवार को भी एक युवक की जान चली गई, लेकिन इसके बाद भी सोमवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। अंकित ने प्रशासन से सख्ती करने और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में पचधारी डेम में डूबने की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन इसके बाद भी सुरक्षा के स्थायी इंतजाम नहीं किए जाते। केवल हादसे के बाद कुछ दिनों तक कार्रवाई होती है, फिर स्थिति पहले जैसी हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से डेम क्षेत्र में बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और पुलिस निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मूर्तियों का अनावरण कर किया माल्यार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज मुंगेली जिले के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने जिलेवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी, मुख्यमंत्री ने कलेक्टोरेट परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया, वहीं दाऊपारा चौक में गुरु घासीदास जी, महाराणा प्रताप चौक में महाराणा प्रताप जी तथा रायपुर-नवागढ़ मार्ग पर भक्त कर्मा माता जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले में 414 विकास कार्यों के लिए लगभग 353 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए विभिन्न निर्माण एवं जनहित योजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के विकास के लिए लगातार काम कर रही है और जिले को विकास की नई दिशा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम स्थल पर लोगों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। विकास कार्यों की इस सौगात से जिले में अधोसंरचना, सड़क, शिक्षा, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

75 लीटर शराब, 700 किलो लाहन जब्त : जैजैपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी वृत्त जैजैपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने दो अलग-अलग छापों में कुल 75 लीटर अवैध महुआ शराब और 700 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। इस मामले में आबकारी विभाग ने दो प्रकरण दर्ज किए हैं।जानकारी के अनुसार, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पहली कार्रवाई ग्राम रायपुरा, थाना बाराद्वार में की। यहां अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री की शिकायत मिली थी। रायपुरा स्थित श्मशान घाट के पास झाड़ियों के बीच गड्ढों में छिपाकर रखे गए जरीकेनों से कुल 40 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। दूसरी कार्रवाई ग्राम हरदी, थाना बाराद्वार स्थित बोरई नदी किनारे की गई। यहां अवैध रूप से महुआ शराब बनाए जाने की सूचना पर आबकारी विभाग ने तत्काल टीम गठित कर छापा मारा। मौके पर शराब बनाने की भट्टी के साथ पन्नियों और जरीकेनों में छिपाकर रखी गई 35 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। इसके अतिरिक्त, 35 प्लास्टिक बोरियों में भरा कुल 700 किलोग्राम महुआ लाहन भी जब्त किया गया, जिसका उपयोग शराब निर्माण में किया जाना था। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल, आबकारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रधान के नेतृत्व में आबकारी मुख्य आरक्षक रघुनाथ पैकरा, परसराम कहरा, कमलेश यादव और बसंती चौधरी का विशेष योगदान रहा।

आईपीएल सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप और आईपीएल क्रिकेट मैचों में सट्टा खिलाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। यह कार्रवाई जैजैपुर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टे में इस्तेमाल किया गया एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में आईपीएल क्रिकेट मैचों और ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से होने वाली सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और एसडीओपी सक्ती डॉ. भुनेश्वरी पैकरा के मार्गदर्शन में मुखबिरों से लगातार सूचनाएं जुटाई जा रही थी।इसी अभियान के तहत, मुखबिर से सूचना मिली कि जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौवाडीह में अशोक मनहर (34 वर्ष) नामक व्यक्ति अपने मोबाइल फोन से ऑनलाइन गेमिंग ऐप और आईपीएल क्रिकेट मैचों में पैसों का दांव लगाकर सट्टा खिला रहा है। इस सूचना की पुष्टि के बाद जैजैपुर पुलिस और साइबर सेल की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया और ग्राम करौवाडीह में देर रात छापेमारी की गई।

414 कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

353 करोड़ 58 लाख से अधिक के विकास कार्यों की मिली सौगात

शिक्षा, स्वास्थ्य, जल एवं सड़क सुविधाओं को मिलेगी मजबूती

छात्रावास भवन सहित अन्य विकास कार्यों के लिए 55 लाख रुपए की घोषणा की

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन को मजबूत बनाने और आमजनों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार के तहत रविवार को मुंगेली जिला ऐतिहासिक विकास सौगातों का साक्षी बना, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर जिले को 353 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले में 353 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, इनमें 152 करोड़ 02 लाख रूपये से अधिक के 284 कार्यों का लोकार्पण एवं 201 करोड़ 56 लाख रूपए से अधिक के 130 कार्यों का शिलान्यास शामिल है, इससे जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर से जनसुविधाओं तक शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल सहित बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। जिला मुख्यालय स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वाणिज्य एवं उद्योग, श्रम, आबकारी तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत मुंगेली अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत आमजनों से सतत सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान करने प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के समुचित विकास एवं जनकल्याण एवं सुशासन के संकल्प के साथ जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने पुष्प वाटिका एवं चौपाटी, नहर, एनीकट, लाइवलीहुड कॉलेज भवन पहुंच मार्ग, भटगांव पहुंच मार्ग सहित अन्य सड़कों, विभिन्न ग्रामों में निर्मित महतारी सदनों, छात्रावासों, जल जीवन मिशन के कार्यों, सामुदायिक भवनों, विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्मित अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों, प्राथमिक शाला भवनों, सांस्कृतिक मंचों, सीसी सड़कों, अमृत सरोवरों में विभिन्न कार्य, विभिन्न ग्रामों के आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। इसी तरह विभिन्न ग्रामों में सीसी सड़कों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सड़क मार्गों, विभिन्न ग्रामों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों, नगर पालिका में एसटीपी सहित अन्य वार्डों में तालाब सौंदर्यीकरण, फुटपाथ निर्माण, पुल निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोतिमपुर, लालपुरथाना, लोरमी, पथरिया और सरगांव का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिले को 353 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण से जिले के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज जिले में भक्ति की प्रतीक माता कर्मा की मूर्ति, मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरु घासीदास की मूर्ति और संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा तथा शक्ति, शौर्य और त्याग के प्रतीक महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया गया, जिससे जिले का गौरव बढ़ा है। उन्होंने नवागढ़ रोड में वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थापना के लिए 25 लाख रुपये, में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के लिए भवन, मेला नवागांव में बाउंड्रीवाल एवं प्रवेश द्वार के लिए 20 लाख रुपये तथा सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही चिकित्सा महाविद्यालय की मांग को पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सुशाान तिहार के अंतर्गत आमजनों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है और जनसमस्याओं का समयबद्ध निराकरण नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही भी की जा रही है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने 353 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सरकार जनता के दुख-दर्द को समझकर त्वरित निर्णय ले रही है। मोदी की गारंटी को अमलीजामा पहनाना प्राथमिकता में शामिल है। सुशासन और सबका विकास सरकार का मापदंड है। विकास का मतलब हर नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाना है, और विकास करना है। प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि जिला लगातार विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने जिले को मिली विकास कार्यों की सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। विधायक श्री मोहले ने जिले में विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुक्तिधाम पहुंच मार्ग नहीं, खुले में अंतिम संस्कार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जेंजरा के आश्रित ग्राम मुड़तराई में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। यहां शासन की ओर से मुक्तिधाम का निर्माण हुए 9 साल बीत चुके हैं, लेकिन पहुंच मार्ग न होने के कारण ग्रामीण आज भी दूसरी जगह पर खुले में दाह संस्कार करने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि इस मुक्तिधाम में पिछले 9 वर्षों में केवल एक ही शवदाह हो सका है। इसके पीछे का कारण मुक्तिधाम तक जाने वाले पक्के रास्ते का न होना है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब चारों तरफ कीचड़ और जलभराव के कारण अर्थी को मुक्तिधाम तक ले जाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों को दूसरी जगहों पर खुले आसमान के नीचे अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करना पड़ता है। पहुंच मार्ग न होने के कारण ग्रामीण अर्थी लेकर वहां तक नहीं पहुंच पाते।

खासकर, बारिश के दिनों में यह समस्या किसी त्रासदी से कम नहीं होती। पूरे रास्ते में कीचड़ और जलभराव रहता है। सुशासन तिहार में अर्जी लगाई, नहीं मिली राहत: ग्रामीणों ने बताया कि वे अपनी इस समस्या को लेकर थक चुके हैं। पिछले साल आयोजित सुशासन तिहार के दौरान भी ग्रामीणों ने प्रशासन को लिखित आवेदन सौंपकर पहुंच मार्ग बनवाने की मांग की थी। उन्हें उम्मीद थी कि सुशासन के नाम पर उनकी समस्या का समाधान होगा लेकिन साल भर बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रशासन को कई बार गुहार लगाई लेकिन मुड़तराई की सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने इस व्यवस्था पर रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि हमारे गांव मुड़तराई के साथ प्रशासन सौतेला व्यवहार कर रहा है।

कन्या विवाह योजना: 40 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत खांडा स्थित शगुन गार्डन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 40 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। विवाह मंडप को सजाया गया था और सभी रस्में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कराई गईं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े मौजूद रहे। उपाध्यक्ष जिला पंचायत वंदना राजवाड़े और जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजन की व्यवस्थाएं संभाली गईं। आयोजन स्थल पर परिवारों और ग्रामीणों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान नाचा दल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अतिथियों ने योजना को आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहायक बताया और कहा कि सामूहिक विवाह से अनावश्यक खर्च पर रोक लगती है और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। समारोह के अंत में नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री दी गई। आयोजन में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी रही।

डिप्टी सीएम साव से विधायक राघवेंद्र ने की बायपास और ऑडिटोरियम की मांग

जांजगीर/नवप्रदेश। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों और जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने रायपुर में उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। बैठक में विधायक ने क्षेत्र की मांगों पर ज्ञापन सौंपा और प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की। विधायक ने अकलतरा और बलौदा क्षेत्र से जुड़ी पांच मांगें प्रमुखता से रखीं। इनमें शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए अकलतरा बायपास सड़क का निर्माण, नगर में सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिटोरियम का निर्माण, सामुदायिक आयोजनों के लिए बहुउद्देशीय भवन, बलौदा-नैला मार्ग का चौड़ीकरण और नवीनीकरण और बलौदा बायपास के अधूरे कार्यों को पूरा कराना शामिल है। अरुण साव ने मांगों पर विचार करने के बाद बलौदा बायपास के शेष कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अकलतरा बायपास और ऑडिटोरियम सहित अन्य प्रस्तावों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रक्रिया शीघ्र आगे बढ़ाने की बात कही।

नशा मुक्ति अभियान : 31 दुकानों पर चालान, 4600 रुपए जुर्माना वसूला

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में तंबाकू नियंत्रण और नशा मुक्त अभियान के तहत प्रशासन ने कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वाली 31 दुकानों पर चालानी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 4600 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

यह कार्रवाई व्यापक स्तर पर की गई। यह संयुक्त अभियान छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के आदेश पर चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक संचालक औषधि के मार्गदर्शन में 'सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम के अंतर्गत यह पहल की गई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों से बचाना और सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू नियंत्रण कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है। जानकारी के अनुसार, सक्ती जिले में दो अलग-अलग टीमें गठित की गईं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानों में कोटपा अधिनियम के नियमों का उल्लंघन पाया गया। उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को तंबाकू उत्पादों के उचित रख-रखाव, धूम्रपान निषेध संबंधी बोर्ड प्रदर्शित करने और नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

पेज 1 का शेष...

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश...

था। श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को नया गौरव मिला है। उन्होंने कहा कि आज देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों का विकास तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बनारस के काशी विश्वनाथ, उज्जैन स्थित महाकाल से लेकर सोमनाथ मंदिर तक व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भी प्रदेश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में देवी माताओं के मंदिरों को शक्तिपीठ योजना के माध्यम से विकसित किया जा रहा है। इसी तरह कबीरधाम जिले में स्थित भोरमदेव महादेव मंदिर को स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 148 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है और यहां पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की जन्मभूमि और भगवान श्रीराम का ननिहाल है। सनातनियों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या के मंदिर में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की श्री रामलला दर्शन योजना के माध्यम से अब तक 40 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं और यह योजना लगातार जारी है।

ट्रम्प ने ईरान की जंग...

440 किलो 60% एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देगा, ईरान की फ्रीज की गई अरबों डॉलर की संपत्तियां छोड़ेगा, साथ ही ईरानी बंदरगाहों पर लगी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर पूरी तरह समझौता करने को तैयार नहीं है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि उनका जवाब सकारात्मक और व्यावहारिक है और अब फैसला अमेरिका को करना है। दोनों देशों ने 8 अप्रैल से लागू सीजफायर खत्म होने की घोषणा नहीं की है।

भारत आएंगे ईरान के विदेश...

को पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और तेहरान पर हुए अमेरिकी व इजरायली हमलों के बारे में जानकारी दी थी। दिल्ली दौरे के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होने की संभावना है, जिसमें क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक सुरक्षा पर गंभीर चर्चा होगी।

ब्रिक्स देशों से समन्वय की अपील

ईरानी विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय का आह्वान किया है। उन्होंने बार-बार इस बात को दोहराया है कि ईरान 'आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार' का प्रयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली में होने वाली बैठक में ईरान, ब्रिक्स के मंच से वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकता है और सदस्य देशों से सहयोग की उम्मीद कर सकता है।

भारत-ईरान संबंधों का नया अध्याय

अब्बास अराघची इससे पहले मई 2025 में दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आए थे। वह उनकी कार्यभार संभालने के बाद पहली भारत यात्रा थी, जो भारत-ईरान मैत्री संधि की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। उस दौरान उन्होंने 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की थी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की थी।

सितंबर में होने वाले शिखर सम्मेलन की तैयारी

दिल्ली में होने वाली यह बैठक केवल विदेश मंत्रियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सितंबर में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करेगी। बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के दौर में भारत का ब्रिक्स की अध्यक्षता करना और ईरान जैसे महत्वपूर्ण देश का इसमें सक्रिय भागीदारी निभाना, वैश्विक कूटनीति के केंद्र को पश्चिम से पूर्व की ओर स्थानांतरित करने का संकेत देता है।

आरसीबी के खिलाड़ियों को भाया...

टेक्सटाइल और कपड़ों के डिज़ाइन में बदल गया है।

आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने स्वागत से हुए प्रभावित

आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने रायपुर की गर्मजोशी और स्वागत की तारीफ करते हुए कहा कि यहां उन्हें बिल्कुल घर जैसा महसूस हो रहा है। सीएम विष्णु देव साय की पहल से रायपुर में 10 साल बाद आईपीएल की वापसी हुई है, जिससे राज्य की पहचान खेल जगत में और मजबूत होगी।

रायपुर के लक्ष्य ज्वेलर्स...

की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, जिससे चोरी से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा सकें। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

न्यूज गैलरी

भिलाई आईटीआई में आज प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला

दुर्ग। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) भिलाई द्वारा क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। आगामी 11 मई को आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जी.ई. रोड पावरहाउस भिलाई में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 10 वीं और 12 वीं की अंकसूची, आईटीआई उत्तीर्ण अंकसूची और सर्टिफिकेट, नवीनतम रिज्यूम (बायोडाटा) और आधार कार्ड व अन्य आवश्यक मूल दस्तावेज के साथ मेला में उपस्थित हो सकते है। मेला के माध्यम से भर्ती हेतु नियोजक एसीसी लिमिटेड जामुल सीमेंट वर्क्स भिलाई द्वारा फिटर 3, वेल्डर 2, इलेक्ट्रिशियन 2, टर्नर 1, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक 1, डीज़ल मैकेनिक 1, नियोजक एसीएमई ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड भिलाई द्वारा इलेक्ट्रिशियन 1, नियोजक सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स भिलाई द्वारा फाउंड्रीमैन 4, फिटर 4, वेल्डर 4, टर्नर 2, नियोजक विष्णु केमिकल्स भिलाई द्वारा फिटर 10, इलेक्ट्रिशियन 3 और वोस्लोह बीके कास्टिंग्स लिमिटेड भिलाई द्वारा मशीनिस्ट 1, फिटर 3, कारपेंटर 1, फाउंड्रीमैन 2, मेसन 1 शामिल है।

बीएसपी में अत्याधुनिक एडवांस्ड इलेक्ट्रिकल लैब का उद्घाटन

भिलाई। सेल-बीएसपी के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआरएलएंडडी) केंद्र में अत्याधुनिक एडवांस्ड इलेक्ट्रिकल लैब का उद्घाटन बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन अजय चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं प्रबीर सरकार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ विनीता द्विवेदी, महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) संजीव श्रीवास्तव सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण व विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। लैब को आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण प्रणालियों और उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। इनमें एलटी सर्किट ब्रेकर, थाइरिस्टर टेस्टर, मोटर स्टार्टर पैनल, एसी ड्राइव पैनल, टेल्फर पैनल, पीएलसी पैनल, डायोड टेस्टर और स्टार डेल्टा स्टार्टर सहित विभिन्न उन्नत प्रणालियाँ शामिल हैं।

भाजपा की आत्मनिर्भर मंडल और बूथ सशक्तिकरण पर बैठक

कुम्हारी। भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल द्वारा प्रदेश व ज़िला संगठन के निर्देश पर आत्मनिर्भर मंडल और बूथ सशक्तिकरण के विषय में बैठक का आयोजन किया गया। मंडल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएसआईडीसी के चेयरमैन पाटन विधानसभा के प्रभारी राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, मंडल प्रभारी व जिला भाजपा उपाध्यक्ष मनोज सोनी, महामंत्री दिलीप साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, सह सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश राजपूत, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी मीना वर्मा उपस्थित रहे। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक चतुर्वेदी ने किया। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पांडेय, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, बैठक प्रभारी गोल्डी गोस्वामी, योगेश साहू, पीएन दुबे, मनोज वर्मा, रामाधार शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा मिथलेश यादव, सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद, रामकुमार सोनी व अवधेश शुक्ला सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी, पार्षद, छाया पार्षद व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खरीफ 2026 के लिए उर्वरक भंडारण और वितरण पर प्रतिबंध नहीं

दुर्ग। खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले में उर्वरकों के भंडारण और वितरण की स्थिति के संबंध में कृषि उप संचालक ने बताया कि जिले के सहकारी और निजी केंद्रों में उर्वरकों की बिक्री या वितरण पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। चालू खरीफ सीजन के लिए अप्रैल माह से अब तक निजी खुदरा विक्रेताओं और सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 1425 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है।

शासन ने पारदर्शिता बनाए रखने और सभी किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मैदानी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उर्वरकों का वितरण कृषकों की भूमि धारिता और फसल की वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर केवल पॉस (प्वाइंट ऑफसेल) मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाएगा।

सभी निजी विक्रेताओं के लिए भी यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे केवल वास्तविक किसानों को ही खाद बेचें और वितरण के समय किसान का नाम, आधार नंबर, जमीन का रकबा, फसल का नाम और उर्वरक की मात्रा का रिकॉर्ड संधारित करें। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। राज्य शासन किसानों के हित में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 14.50 लाख रुपए

■ पुलिस ने 4 महीने बाद लखनऊ से दबोचा

भिलाई/नवप्रदेश। एम्स रायपुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दोस्त से 14.50 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी अभिषेक जायसवाल को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार माह से फरार था। वैशाली नगर थाना में दर्ज शिकायत के बाद पुलिस ने साइबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

वृंदा नगर कैम्प-1 भिलाई निवासी मुकेश कोसरे ने 13 जनवरी 2026 को थाना वैशाली नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में मुकेश ने बताया कि उसका कॉलेज का दोस्त अभिषेक जायसवाल खुद को बड़े अफसरों और प्रभावशाली लोगों का करीबी बताता था। उसने रायपुर एम्स में नौकरी का झांसा देकर रकम की मांग की। दोस्त की बातों पर भरोसा कर मुकेश ने सितंबर 2021 से 16 अक्टूबर 2022 के बीच अलग-अलग किश्तों में अपने बैंक खाते से कुल 14 लाख 50 हजार रुपए आरोपी को दे दिए।

रकम लेने के बाद आरोपी लगातार जॉइनिंग लेटर देने का भरोसा देता रहा। काफी समय बीतने के बाद भी नौकरी न मिलने पर प्रार्थी ने रकम वापस मांगी तो आरोपी टालमटोल करने लगा। कुछ समय बाद वह अपने घर से गायब हो गया। शिकायत मिलने पर वैशाली नगर थाना में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत केस दर्ज किया गया।

एफआईआर दर्ज होने के चार महीने बाद आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। साइबर सेल भिलाई की मदद से आरोपी के मोबाइल नंबर और बैंक खातों की जांच की गई। तकनीकी जानकारी के आधार पर पता चला कि आरोपी उत्तर प्रदेश के लखनऊ में है। इसके बाद पुलिस टीम को तुरंत लखनऊ भेजा गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने ठगी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस आरोपी को भिलाई लेकर आई और शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

मुकेश कोसरे ने पुलिस को बताया कि वे अपनी माताजी के साथ रहते हैं और पिता के निधन के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। मुकेश के कॉलेज के परिचित भिलाई जोन-3 खुर्सीपार निवासी अभिषेक जायसवाल ने रायपुर एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। अभिषेक की बातों से नौकरी के लिए उसके झांसे में आ गया। जल्द ही ज्वाइनिंग लेटर देने का भरोसा देकर पैसे वसूलता रहा। उसने रकम नगद और ऑनलाइन दोनों माध्यम से ली।

पुलिस ने बताया कि आरोपी अभिषेक जायसवाल की उम्र 31 साल है। वह सेक्टर-6 सड़क-12, मकान नंबर-05, बीएसपी स्कूल के पास भिलाई नगर का रहने वाला है।

मामले में पुलिस ने दस्तावेज और तकनीकी सबूत भी जब्त किए हैं। प्रार्थी ने बताया कि अभिषेक उसे बड़े नेताओं से जान-पहचान और अधिकारियों से अच्छे संबंध का धौंस दिखाता था।

जल संकट और बिजली कटौती पर भड़के विधायक देवेंद्र यादव, अधिकारियों को लगाई फटकार

■ जनता को परेशान किया तो बर्दाश्त नहीं करेंगे, तत्काल करें समाधान

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शहर के नागरिकों की समस्याएं सुनी। सबसे ज्यादा शिकायतें भीषण गर्मी में जल संकट को लेकर की गई। खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से पहुंचे 50 से अधिक महिला-पुरुषों ने विधायक को बताया कि उनके इलाके में पेयजल की भारी समस्या है। क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण हो रहा है।

ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के कारण काम समय पर पूरा नहीं हो पाया। टंकी अब तक शुरू हो जानी थी, लेकिन देरी के चलते लोग पानी के लिए परेशान हैं।

विधायक देवेंद्र यादव ने नाराजगी जताते हुए निगम के जोन-4 के अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित इलाकों में तत्काल नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जाए। जरूरत होने पर पाइपलाइन का विस्तार किया जाए। विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में जनता को पानी के लिए भटकना पड़े, यह किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के कोहका और कुरूद क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने बिजली कटौती की समस्या बताई। लोगों ने बताया कि बिजली कंपनी बिना सूचना के कभी भी बिजली बंद कर रही है। इसके कारण बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गर्मी में सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने और अनावश्यक कटौती बंद करने के निर्देश दिए।

बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, सहायता राशि, स्कूलों में बच्चों के प्रवेश और महतारी वंदन योजना से जुड़ी समस्याएं लेकर भी पहुंचे। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। अधिकारी जनता की परेशानी को गंभीरता से लें और समय पर काम करें। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सुपेला थाने के पीछे सूने मकान से आठ लाख रुपए की चोरी

भिलाई/नवप्रदेश। सुपेला थाना के ठीक पीछे कॉलोनी में रेलवे के लोको पायलट के घर सोने-चांदी के जेवर, करीब 1 लाख रुपए कैश और अन्य कीमती सामान चोरी हो गए। जानकारी के अनुसार करीब 7 से 8 लाख रुपए की चोरी हुई है। चोरी की घटना सुपेला थाना से करीब 500 मीटर दूर राधिका नगर इलाके की है।

रेलवे में लोको पायलट त्रिलोकी नाथ अपने पूरे परिवार के साथ शनिवार की रात खुर्सीपार में रिश्तेदारी के शादी समारोह में गए थे। रात करीब 8 बजे घर बंद कर सभी लोग निकले थे। देर रात करीब 1 बजे जब परिवार वापस लौटा तो घर के पीछे का दरवाजा खुला मिला। भीतर जाकर देखने पर बेडरूम में रखी अलमारी और लॉकर खुले पड़े थे। पीड़ित त्रिलोकी नाथ ने बताया कि उनकी पत्नी के शादी के समय से रखे सभी जेवर गायब थे। इनमें मांग टीका, कान के जेवर, नाक की नथ, गले की चैन, पायल, अंगूठी समेत कई सोने-चांदी के सामान शामिल हैं। उनके अंगूठी और चैन भी चोरी हो गए। चोर घर में रखे करीब 1 लाख रुपए कैश भी ले गए।

जिस घर में चोरी हुई है, उसके बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा था। चोरी की रात को ही सीसीटीवी कैमरे का स्विच गलती से बंद हो गया। घर के अंदर दो लॉकर से पैसे और गहने की चोरी हुई है। इसमें से एक लॉकर पहले से खुला था, जबकि दूसरे लॉकर में ताला लगा था, जिसकी चाबी गद्दे के नीचे छिपा कर रखी थी। चोरों ने बिना किसी सामान को नुकसान पहुंचाए गद्दे के नीचे से चाबी निकाली और लॉकर का सामान चोरी कर ले गए।

पोते से मिलने जा रही दादी की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। शनिवार को शाम के समय दर्दनाक सड़क हादसे में 60 साल की महिला की मौत हो गई। महिला अपने देवर के साथ डोंडीलोहारा से रायपुर पोते से मिलने जा रही थी। नेहरू नगर गार्डन के सामने नेशनल हाईवे पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से महिला सड़क पर गिर गई और ट्रेलर के पिछले पहिए की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस फरार ट्रेलर चालक की तलाश कर रही है।

डौंडीलोहारा के सोरली निवासी हेमिन बाई पटेल (60) अपने देवर प्रहलाद पटेल के साथ एक्टिवा (सीजी 04 एमजेड 7689) से रायपुर जा रही थीं। उनके बेटे-बहू के घर तीन दिन पहले ही बच्चे का जन्म हुआ था। वह पहली बार अपने पोते से मिलने रायपुर जा रही थीं।

पोटिया मार्ग पर मुरुम डंप करने से बढ़ा हादसे का खतरा

नंदिनी/अहिवारा। पोटिया रोड और कोडिया मार्ग के बीच सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से मुरूम डंप करने से क्षेत्र में हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत पोटिया के सरपंच नारायण निषाद की लापरवाही से यहां एक्सीडेंट की आशंका बढ़ गई है। कई वाहन चालक अचानक वाहन फिसलने से गिर रहे हैं, जिससे आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस मार्ग पर मुरूम डंप किया गया है, उसी रोड पर शराब दुकान भी है। शाम होते ही इस मार्ग पर शराब खरीदने वालों की भीड़ के साथ-साथ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। सड़क पर फैली मुरूम से दुर्घटनाएं हो सकती है। बाइक चालक और राहगीर सबसे ज्यादा परेशान हैं।

15 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह संपन्न

■ विधायक चंद्राकर व रिकेश ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

भिलाई/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज वैशाली नगर स्थित लोकांगन परिसर में भव्य आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 जोड़ों का विवाह विधि-विधान और सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ। समारोह में दुर्ग ग्रामीण के विधायक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) ललित चंद्राकर व वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। विधायकों ने नवविवाहित जोड़ों को मंच पर पुष्पवर्षा कर बधाई दी और उनके सुखद दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर शासन की ओर से प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक और गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट किया गया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। इससे न केवल आर्थिक बोझ कम होता है, बल्कि दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में मदद मिलती है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना ही सुशासन है।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना नई ऊंचाई दे रही है।

वैशाली नगर में सामूहिक विवाह का आयोजन सामाजिक समरसता का प्रतीक है। नवविवाहित जोड़े अपने वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे का सम्मान करें और अपने माता-पिता का आशीर्वाद लेते रहें।

समाजसेवियों ने किया सम्मान: निहारिका ने छत्तीसगढ़ी आभूषण और कल्चर को 51 देशों में पहुंचाया

भिलाई की बेटी ने देश-दुनिया में दिलाई छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी और वेशभूषा की पहचान

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की वेशभूषा, भाषा और ज्वेलरी को अपने टैलेंट के माध्यम से देश-दुनिया में पहुंचाने वाली भिलाई की बेटी निहारिका साहू का आज सम्मान किया गया। एक निजी होटल में गरिमापूर्ण कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेत्री तुलसी साहू, समाजसेवी सूरज साहू, कबीर साहू, हीरा शंकर ने निहारिका को सम्मानित किया।

वरिष्ठ भाजपा नेत्री तुलसी साहू ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ साथ कल्चर को देश-दुनिया तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। 51 देशों में छत्तीसगढ़ी आभूषण और कल्चर को पहुंचाने का कार्य निहारिका द्वारा किया गया है। युवा समाजसेवी सूरज साहू ने कहा कि निहारिका ने मात्र 20 साल की उम्र में साहू समाज को गौरवान्वित किया है। निहारिका ने सर्बिया देश से निकलने वाली मारिका मैगजीन में छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और ज्वेलरी पहनकर मॉडलिंग की है, जिसे देश-दुनिया में पसंद किया जा रहा है। दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में छत्तीसगढ़ी वेशभूषा व ज्वैलरी को पहुंचाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया है। निहारिका ने बताया कि बचपन से ही छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और कल्चरल से प्रभावित रही हैं। भारत के झुमके को एक विदेशी ब्रांड ने अपना नाम बताकर पूरी दुनिया में प्रचार किया है। ऐसी स्थिति छत्तीसगढ़ी आभूषणों व वेशभूषा के साथ न हो, इसलिए उन्होंने छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी और वेशभूषा को नया रूप देकर मॉडलिंग की है। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और ज्वेलरी को भारत में ही कई जगहों पर लोग नहीं पहचानते। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा व कल्चरल को देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में लोगों तक पहुंचाने की दिशा में वे कार्य करती रहेंगी।

निहारिका ने बताया कि वीएलसीसी शिलांग में उन्हें मॉडलिंग का अवसर दिया गया। इसके बाद वे 3 साल से इंटरनेशनल लेवल पर मॉडलिंग कर रही हैं। अब वे छत्तीसगढ़ी कल्चर, वेशभूषा और ज्वेलरी को देश-दुनिया के सामने लाकर छत्तीसगढ़ को विशिष्ट पहचान दिलाना चाहती हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि मातृभाषा छत्तीसगढ़ी बोलने में शर्मिंदगी महसूस न करें।

निहारिका साहू रामनगर भिलाई की निवासी हैं। उनके पिता डॉ चंद्रशेखर साहू हैं। तीन भाई-बहनों में निहारिका सबसे बड़ी हैं। इस अवसर पर मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र हसवानी, रेड ड्रॉप के सलाहकार हीराशंकर साहू, रामकुमार साहू, सत्येंद्र कुमार, श्वेता साहू, डॉ सीएस साहू, संगीता साहू, समीर, दीपक, कृष्णकांत साहू, आदित्य साहू, मिष्ठा, चिराग आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 02 तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक 66/न.पा.नि./सं.क्र.दि./2025-26 — बिलासपुर, दिनांक 08/05/2026

//हक हस्तांतरण एवं कर निर्धारण के खातों में नाम परिवर्तन संबंधी सूचना//

संपत्तिकर विभाग नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा विज्ञापन नं. 2026-27 हक हस्तांतरण एवं कर निर्धारण के खातों में नाम परिवर्तन के संबंध में इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुये हैं। यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर जोन 02 तिफरा नगर निगम बिलासपुर छ.ग. के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.	वार्ड क्र.	मोहल्ला	प्रकरण क्र. एवं दिनांक	रसीद क्र. /दिनांक	जिसके नाम पर दर्ज है	जिसके नाम पर दर्ज करना है	आधार
1	05	खुबचंद बघेल	01 07-05-2026	16078/21 07-05-26	श्रीमती बरखा विक्टर पति श्री संजय कुमार	श्रीमती मोनिका जॉन पति श्री रॉबिन्सन जॉन	शपथ पत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1, पी2, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
2	05	खुबचंद बघेल	02 07-05-2026	15699/11 12-03-26	श्रीमती कामिनी साहू पति श्री राम साहू	श्री महेश्वर प्रताप सिंह ठाकुर पिता स्व. फुलसिंह ठाकुर	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1, पी2, डायवर्सन
3	06	यदुनंदन नगर	03 07-05-2026	16078/27 08-05-26	श्री सुभाषचंद्र चौधरी पिता टेकराम चौधरी	श्रीमती प्रियंका शुक्ला पति राजेश शुक्ला	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1, पी2, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
4	07	कालिका नगर	04 07-05-2026	16078/05 17-04-26	मो. ताहिर खान खोखर पिता मो. फैज खान खोखर	श्रीमती सविता काठिले पति श्री नरेन्द्र कुमार काठिले	शपथपत्र, बी1 पी2, रजिस्ट्री पत्र, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
5	07	कालिका नगर	05 07-05-2026	16078/02 17-04-26	डॉ. जुही त्रिपाठी पति श्री गौरव त्रिपाठी	श्री पंकज ठक्कर पिता स्व. पी. आर. ठक्कर	शपथपत्र, बी1 पी2, रजिस्ट्री पत्र, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
6	07	कालिका नगर	06 07-05-2026	16078/01 17-04-26	श्री मनोहर तलरेजा पिता इंद्रजीत सिंह तलरेजा	श्री विशाल कुमार चावलानी पिता घनश्याम दास चावलानी	शपथपत्र, बी1 पी2, रजिस्ट्री पत्र, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
7	07	कालिका नगर	07 07-05-2026	16078/06 17-04-26	मो. ताहिर खान खोखर पिता मो. फैज खान खोखर	श्री विनोद सिंह ठाकुर पिता श्री गजराज सिंह ठाकुर	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1, पी2, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
8	07	कालिका नगर	08 07-05-2026	15699/25 10-04-26	1 श्री शुभम राय पिता स्व. मनोज कुमार राय 2 श्रेया राय पिता स्व. मनोज कुमार राय 3 श्रीमती बिंदुलता राय पति स्व. मनोज कुमार राय	श्रीमती तान्या सिंह ठाकुर पति श्री शैलेन्द्र सिंह ठाकुर	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1, पी2, डायवर्सन
9	07	कालिका नगर	09 07-05-2026	16078/25 07-05-26	श्री केशरी सिंह राजपाल पिता श्री हरनाम सिंह	श्रीमती हेमलता भूतड़ा पति श्री चर्तुभुज भूतड़ा	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, मकान टैक्स
10	07	कालिका नगर	10 07-05-2026	16078/13 27-04-26	श्री विनय राजपाल पिता केशरी सिंह राजपाल	श्री रामकृष्ण दास पिता स्व. जी.एन. दास	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं डायवर्सन
11	07	कालिका नगर	11 07-05-2026	16078/15 27-04-26	श्रीमती आशा शर्मा पति श्री सुरेश शर्मा	श्रीमती रिया दास पिता श्री रामकृष्ण दास	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं डायवर्सन
12	07	कालिका नगर	12 07-05-2026	16078/14 27-04-26	श्री विजय राजपाल पिता केशरी सिंह राजपाल	श्री रामकृष्ण दास पिता स्व. जी.एन. दास	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं डायवर्सन
13	07	कालिका नगर	13 07-05-2026	16078/24 07-05-26	श्री प्रहलाद भोई पिता श्री राजेश भोई	श्री निरज पटेल पिता श्री शिवकुमार पटेल	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स
14	07	कालिका नगर	14 07-05-2026	16078/04 17-04-26	मो. ताहिर खान खोकर पिता मो. फैज खान खोखर	श्री सत्यजीत राय पिता श्री तुकाराम राय	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1, पी2, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
15	07	कालिका नगर	15 07-05-2026	16078/23 07-04-26	श्रीमती सदा देवी धृतलहरे पति श्री भोलाराम धृतलहरे	श्रीमती लीना मस्के पति श्री अभिषेक राव मस्के	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन
16	07	कालिका नगर	16 07-05-2026	16078/07 17-04-26	मो. ताहिर खान खोकर पिता मो. फैज खान खोखर	श्री विनोद सिंह ठाकुर पिता श्री गजराज सिंह ठाकुर	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1, पी2, डायवर्सन एवं मकान टैक्स
17	07	कालिका नगर	17 07-05-2026	16078/26 08-05-26	श्री केशरी सिंह राजपाल पिता श्री हरनाम सिंह	श्रीमती भारती पटेल पति श्री मनीष कुमार पटेल	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन
18	07	कालिका नगर	18 07-05-2026	16078/28 08-05-26	श्रीमती मृणाल राजनकर पति श्री सत्यजीत राजनकर	श्री अमित दोदवानी पिता श्री राजकुमार दोदवानी	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन
19	08	चित्रकांत जायसवाल नगर	19 07-05-2026	16078/01 17-04-26	श्रीमती वीणा चगलानी पति श्री दीपक चगलानी	श्री एन. मनोहर राव पिता श्री एन. कृष्णा राव	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन
20	09	यातायात नगर	20 07-05-2026	16078/08 22-04-26	श्री अरूण सिंह चौहान पिता स्व. भगवान सिंह चौहान	मो. हसन खान पिता अली अहमद खान	शपथपत्र, विक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स
21	10	गुरुगोविंद सिंह नगर	21 07-05-2026	16078/19 07-05-26	श्री रामप्रकाश गौतम पिता श्री रामेश्वर गौतम	श्री आलोक घोष पिता अदृवित घोष	शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स
22	11	संत कबीर नगर	22 07-05-2026	16078/20 07-05-26	श्री प्रफुल कुमार जगत पिता स्व. महेश तांती	श्री संतोष कुमार वाधवानी पिता	शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स
23	11	संत कबीर नगर	23 07-05-2026	16078/29 08-05-26	श्रीमती संगीता रजक पति श्री बबलु रजक	1 श्रीमती लक्ष्मी सिंह राजपुत पति श्री हीरा सिंह राजपुत 2 श्री हीरा सिंह राजपुत पिता श्री भगवान सिंह राजपुत	शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान — जोन कमिश्नर, जोन क्र. 02, तिफरा, न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं, अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट सख्त

2023 में पारित आदेश के बाद भी कर्मियों को नहीं मिल रहा पूरा लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभागी कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन भुगतान को लेकर सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को 15 दिनों के भीतर कर्मचारियों को नियमित पद के अनुसार वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी कर्मचारियों को न तो नियमित किया गया है और न ही देयकों का भुगतान किया गया है। जिसके खिलाफ कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना याचिका दायर की है।

इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील ने कहा कि, साल 2023 में पारित आदेश के बावजूद विश्वविद्यालय अब तक कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का पूरा लाभ नहीं दे रहा है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट ने 6 मार्च 2023 को पारित आदेश में स्पष्ट रूप से कहा था कि, कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी माना जाएगा और उनकी सेवाओं का नियमितीकरण 26 अगस्त 2008 से प्रभावी माना जाएगा। साथ ही उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह सभी लाभ दिए जाने थे। यह भी बताया गया कि, विश्वविद्यालय की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) और पुनर्विचार याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा खारिज की जा चुकी है, इसके बावजूद आदेश का पूर्ण पालन नहीं किया गया है।

दस्तावेज नहीं मिलने से हो रही देरीः केंद्रीय विवि

मामले में विश्वविद्यालय की ओर से वकील ने कोर्ट को बताया कि कर्मचारियों का नियमितीकरण कर दिया गया है, लेकिन कुछ दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया बाकी है। विश्वविद्यालय ने दावा किया कि कर्मचारियों से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए थे, लेकिन वे उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे लाभ देने में देरी हो रही है। इसके जवाब में याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा कि संबंधित आदेश और पत्राचार कर्मचारियों को उपलब्ध ही नहीं कराया गया था।

आज तक पत्र देने, फिर एक सप्ताह में दस्तावेज जमा करने के निर्देश

दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि 27 अप्रैल 2026 का पत्राचार 12 मई तक सभी याचिकाकर्ताओं को उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय भले नियमितीकरण का दावा कर रहा हो, लेकिन अब तक कर्मचारियों को नियमित पद का वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस पर विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 15 दिनों में पूरी कर ली जाएगी और जो कर्मचारी नियमित पद पर कार्यरत हैं, उन्हें नियमित पद के अनुसार वेतन दिया जाएगा। हाईकोर्ट ने इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए स्पष्ट किया कि नियमित कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे याचिकाकर्ताओं को 15 दिनों के भीतर नियमित पद का वेतन भुगतान किया जाए।

19 जून को फिर होगी सुनवाई

हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून 2026 को निर्धारित की है। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई में यह देखा जाएगा कि विश्वविद्यालय ने आदेश का पालन किया या नहीं। यह मामला विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

न्यूज गैलरी

पीएम श्री सेजेस मस्तूरी में प्रवेश के लिए लॉटरी चयन आज

सीपत/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के निर्देशानुसार बिलासपुर जिले के पीएम श्री सेजेस मस्तूरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के तहत कक्षा पहली की 50 रिक्त सीटों सहित अन्य कक्षाओं में उपलब्ध रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों के चयन हेतु 12 मई को लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह चयन प्रक्रिया प्रातः 10:30 बजे से पीएम श्री सेजेस मस्तूरी परिसर में संपन्न होगी। प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया जिला नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार डहरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. आर. टंडन तथा संस्था के प्राचार्य जे. पी. ओझा के मार्गदर्शन में संपन्न कराई जाएगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. आर. टंडन ने संबंधित कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक सभी पालकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग लें, ताकि चयन प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 11 मई से 19 मई तक तथा गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 13 मई से 21 मई तक उपलब्ध रहेगी।

शिव मंदिर देवगढ़ में उमड़ा आस्था का सैलाब

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत देवटिकरा स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर देवगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर जनवरी 1026 में हुए हमले के 1000 वर्ष और 1951 में हुए इसके जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूरे होना हमारी सनातन संस्कृति की अटूट शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह हमारे राष्ट्र के गौरव और सांस्कृतिक विरासत की अमरता का उत्सव है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और जनप्रतिनिधियों ने गुजरात में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण देखा।

3 हजार में बेचे थे प्रश्नपत्र, डिजिटल सबूत मिटा रहा था, बिलासपुर से पकड़ाया

बारहवीं के हिंदी पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड एनएसयूआई नेता गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 12वीं बोर्ड के हिंदी पेपर लीक मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड एनएसयूआई नेता वेणु उर्फ वेणु जंघेल को बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 3 हजार रुपए लेकर छात्रों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने और डिजिटल सबूत मिटाने का आरोप है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। कार्रवाई रायपुर क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

आरोपी बेमेतरा जिले के ग्राम बरसरा का रहने वाला है और फिलहाल रायपुर के गोकुल नगर इलाके में रह रहा था। 12वीं बोर्ड का हिंदी पेपर 13 मार्च की रात टेलीग्राम पर लीक हुआ, जिसके बाद 14 मार्च को परीक्षा हुई। पेपर लीक की जानकारी परीक्षा के बाद मिली, जिसके कारण इसे रद्द कर 10 अप्रैल को दोबारा आयोजित की गई। पुलिस के मुताबिक, माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं हिंदी परीक्षा का प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के लिए पुलिस उपायुक्त मध्य जोन के निर्देश पर विशेष जांच टीम गठित

संदिग्धों से पूछताछ के बाद मिली सफलता

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पेपर लीक से जुड़े लोग मोबाइल चैट, सोशल मीडिया रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल सबूत मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से डिलीटेड डेटा रिकवर किया गया। पुलिस ने 50 से ज्यादा छात्रों और अन्य संदिग्धों से पूछताछ की, जिसके बाद मुख्य आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली।

3 हजार में बेचा था पेपर

पुलिस जांच में सामने आया कि, आरोपी वेणु जंघेल छात्रों से 3 हजार रुपए लेकर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराता था। आरोपी बेमेतरा जिले के ग्राम बरसरा का रहने वाला है। रायपुर के गोकुल नगर इलाके में रह रहा था। मामला सामने आने के बाद से वह फरार था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपने मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश भी की थी। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। लगातार डिजिटल ट्रैकिंग, तकनीकी निगरानी और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे बिलासपुर से पकड़ा गया। चार दिन की रिमांड के दौरान आरोपी ने पेपर लीक नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और अन्य संलिप्त लोगों के बारे में अहम जानकारी दी है। पुलिस अब मामले में जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। आरोपी को 10 को मई गिरफ्तार करने और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की पुष्टि कोतवाली पुलिस ने की है। कोतवाली निरीक्षक सतीश ठाकुर ने बताया कि, आरोपी से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में केस से जुड़ी जानकारियां मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर 70 हजार की ठगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जिसमें ठग ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताया और स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर महिला से 70 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठग ने उन्हें मीटर बदलने का झांसा दिया और उनके एटीएम के चार अंकों का कोड मांगकर बैंक अकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर लिया। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार बजरंग नगर आवासपारा सिरगिट्टी निवासी सरस्वती देवी गृहणी हैं। उनका पंजाब नेशनल बैंक सिरगिट्टी शाखा में खाता है, जिसमें करीब 70 हजार 693 रुपए जमा थे। उन्होंने ने पुलिस को बताया कि 17 मार्च को उनके बेटे के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताया और कहा कि विभाग से नया स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के निर्देश हैं, जिसके लिए उन्हें 13 रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करना होगा। ठग ने महिला को अपनी बातों में उलझाकर भरोसे में लिया, जिसके बाद उनके एटीएम कार्ड के अंतिम चार अंक पूछ लिए। परिवार को लगा कि यह सामान्य प्रक्रिया है, इसलिए जानकारी दे दी गई। इसके बाद ठग ने महिला के बैंक खाते से दो बार में रकम निकाल ली। कुल 69 हजार 998 रुपए खाते से पार कर दिए। पीड़िता को उस समय किसी प्रकार का मैसेज नहीं मिला। बाद में 8 मई को बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर ठगी का खुलासा हुआ। स्टेटमेंट में खाते से बड़ी रकम निकाले जाने की जानकारी मिलते ही महिला और उनका परिवार परेशान हो गया। पीड़िता ने तुरंत सिरगिट्टी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर सिरगिट्टी पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) और आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत उप-चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

पार्षद 1, सरपंच 2 और 16 पंच पदों के लिए होंगे उप चुनाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से नामांकन पत्र लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 19 मई को की जाएगी तथा 21 मई तक नाम वापसी की जा सकेगी। इसके बाद 1 जून 2026 को मतदान संपन्न होगा। नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 29 में पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र जिला कलेक्टोरेट के भू-तल स्थित कक्ष क्रमांक 25 में स्वीकार किए जाएंगे।

वहीं त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। पार्षद चुनाव के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डॉ. ज्योति पटेल को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जबकि पंचायत चुनावों के लिए संबंधित तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में नगर निगम बिलासपुर के वार्ड 29 के एक पार्षद पद, 2 सरपंच तथा 16 पंच पदों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया है। रिक्त सरपंच पदों में विकासखंड मस्तुरी के केंवटाडीह (भूतहा) एवं विकासखंड बिल्हा के मानिकपुर ग्राम पंचायत शामिल हैं। केंवटाडीह में पूर्व निर्वाचित सरपंच पंचराम गोड़ के आकस्मिक निधन के कारण पद रिक्त हुआ है, जबकि मानिकपुर में पूर्व पंचायत चुनाव के दौरान एक भी नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं होने से पद खाली है। 16 पंच पदों के लिए होने वाले चुनावों में बिल्हा विकासखंड के 3, मस्तुरी के 6 तथा कोटा विकासखंड के 7 पद शामिल हैं। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। चुनाव प्रचार के लिए रैली, जुलूस एवं लाउडस्पीकर अनुमति प्रदान करने हेतु एसडीएम एवं तहसीलदारों को अधिकृत किया

बिर्रा की सुहाना ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

जिले में द्वितीय स्थान हासिल करने पर कलेक्टर ने किया सम्मानित

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। गत दिवस मई को जिला परिसर जांजगीर के आकांक्षा आवासीय विद्यालय भवन में 'विद्यार्थी प्रोत्साहन और कैरियर मार्गदर्शन' कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को जन्मेजय महोबे कलेक्टर जांजगीर चांपा के द्वारा सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में ज़िले के प्रतीभा वान बच्चें परिजन व शिक्षक उपस्थित थे। जिसमें शा. उ.मा. विद्यालय बिर्रा की छात्रा सुहाना यादव ने कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 95.83 प्रतिशत अंकों के साथ जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर का नाम रौशन किया। जिन्हें सम्माननीय मंच से मोमेंटो प्रशस्ति पत्र पेन डायरी से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कलेक्टर जन्मेजय महोबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ ,जिला शिक्षा अधिकारी, SDM जांजगीर, IIT खड़गपुर से पास आउट मार्गदर्शक श्री साहू सहित लगभग 165 प्रतिभावान छात्र/छात्राओं के शिक्षक एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतलब है कि कु सुहाना यादव एक सामान्य संयुक्त मध्यमवर्गीय किसान परिवार की बेटी है।उसने तालदेवरी परीक्षा केंद्र और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में टाप करते हुए जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर झेरिया यादव समाज और ग्राम पंचायत बिर्रा के जनप्रतिनिधि ने पहले भी सम्मानित किया गया है। छात्रा की इस सफलता पर बड़े पापा देवचंद यादव,बडेलाल यादव, छोटेलाल यादव, प्राचार्य एफ एल साहू, जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह छोटू बाबा सरपंच प्रतिनिधि एकादशिया साहू मणीलाल कश्यप जितेन्द्र तिवारी एकांश पटेल संतोष यादव सरोज यादव सहित शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सुविधाः बिलासपुर मंडल के व्यापक प्रचार-प्रसार से बढ़ रहा डिजिटल टिकटिंग का दायरा, लाखों यात्री उठा रहे लाभ

एक ही ऐप में रेलवे की सभी सुविधाएं, यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रहा रेलवन एप

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक, त्वरित एवं सुविधाजनक डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में विकसित रेलवन ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पिछले वर्ष जुलाई में प्रारंभ किए गए इस एकीकृत मोबाइल ऐप को देशभर में अब तक करोड़ों लोग डाउनलोड कर चुके हैं तथा इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा रेलवन ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के 81 स्टेशनों के बुकिंग कार्यालयों में रेल वन ऐप के फ्लेक्स, बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को ऐप की जानकारी दी जा रही है। वाणिज्य विभाग द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प डेस्क संचालित कर यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने, टिकट बुकिंग एवं डिजिटल भुगतान संबंधी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को इससे होने वाली सुविधाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी रेलवन ऐप का निरंतर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे अधिकाधिक यात्री डिजिटल टिकटिंग सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। स्टेशनों के बुकिंग काउंटर में लगे रेलवन ऐप स्टिकरों पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके रेलवन ऐप डाउनलोड कर सकते हैं अथवा टिकट भी बुक कर सकते हैं । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवन ऐप भारतीय रेल की डिजिटल सेवाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे यात्रियों को तेज, पारदर्शी एवं सुविधाजनक सेवाएँ मिल रही हैं। इसके माध्यम से यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग एवं आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताएं, उपयोगिता व लाभ

इस ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकटों की आसानी से बुकिंग कर सकते हैं, साथ ही टिकट रद्दीकरण एवं रिफंड की प्रक्रिया भी बेहद सरल एवं त्वरित रूप में उपलब्ध है। यात्रियों को पीएनआर स्टेटस, वेटिंग स्थिति, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, ट्रेन के आगमन एवं प्रस्थान समय, प्लेटफॉर्म नंबर तथा कोच पोजिशन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रियल टाइम में प्राप्त होती है। रेलवन ऐप सुरक्षित, सुविधाजनक एवं तेज डिजिटल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराता है। रेलवन ऐप में यात्रियों को तेज, सुरक्षित एवं सुविधाजनक डिजिटल टिकटिंग सुविधा मिलने के कारण यात्रियों का समय एवं श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा टिकट काउंटरों में भीड़ एवं लंबी कतारों से राहत मिल रही है। यात्री कहीं से भी अपने मोबाइल के माध्यम से आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं। यह ऐप पारदर्शी एवं कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ खुल्ले पैसे एवं फेक करेंसी जैसी समस्याओं से भी राहत प्रदान कर रही है। यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाते हुए रेलवन ऐप के माध्यम से यात्रा के दौरान भोजन ऑर्डर करने की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे पसंदीदा भोजन सीट तक पहुँचाया जाता है। डिजिटल इंडिया अभियान को सशक्त बनाने में भी रेलवन ऐप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक कर डिजिटल भुगतान करने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है, जो 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी है।

स्पेन के कैनेरी द्वीप पर जा रहा हंतावायरस वाला शिप

नई दिल्ली। हंतावायरस से संक्रमित डच क्रूज शिप एमवी होंडियस पर फैली बीमारी को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ साफ कह रहे हैं कि यह कोविड-19 जैसी महामारी नहीं बनने वाली है. यह वायरस आसानी से व्यक्ति से व्यक्ति में नहीं फैलता. यह चूहों के मूत्र, मल या लार से हवा में फैलकर इंसानों तक पहुंचता है. क्रूज शिप पर पाए गए एंडीज वायरस के मामले में ही इंसान से इंसान में संक्रमण की बहुत दुर्लभ संभावना है. वह भी लंबे और घनिष्ठ संपर्क से. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट किया है कि आम लोगों के लिए इसका जोखिम बहुत कम है. एमवी होंडियस क्रूज शिप पर हंतावायरस का प्रकोप फैल गया. अब तक कम से कम आठ लोग बीमार हो चुके हैं, जिनमें से तीन की मौत हो गई है. पांच यात्री संक्रमित पाए गए हैं. यह शिप दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र की यात्रा पर थी. क्रूज कंपनी ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स ने बताया कि फिलहाल शिप पर कोई नया मरीज नहीं है. शिप पर कुल 140 यात्री और क्रू सदस्य हैं, जिन्हें अब स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में उतारकर अलग किया जाएगा.

'बज़्म-ए-हबीब' ने मदर्स-डे पर नारी शक्ति को अवार्ड से किया सम्मानित

छत्तीसगढ़ से दैनिक नव प्रदेश की सब एडिटर शाहीन कुरैशी हुईं सम्मानित

लखनऊ/नवप्रदेश। गोपालगंज ज़िला अंतर्गत बरौली प्रखंड की साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था 'बज़्म-ए-हबीब' ने मदर्स डे के सुअवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली देश के विभिन्न राज्यों की पाँच महिलाओं को सम्मानित किया।

इन महिलाओं को 'बज़्म-ए-हबीब' साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था की समिति द्वारा चयनित कर ज़ैनब जहाँ सम्मान -2026÷ से अलंकृत किया गया। बज़्म-ए-हबीब के संस्थापक सचिव सह मशहूर शायर एवं साहित्यकार डॉ. ऐनुल बरौलवी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डॉ. रीमा सिन्हा को लेखन के क्षेत्र में, अलीगढ़ की प्रो. (डॉ.) शहनाज़ हसन को अध्यापन के क्षेत्र में , छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग की शाहीन कुरैशी को पत्रकारिता के क्षेत्र में, गुजरात के तापी ज़िला उकई सोनगढ़ की ई. रुखसाना हक़ को अभियंत्रण के क्षेत्र में और बिहार के सारण ज़िला की आरती साहनी को समाज-सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्य करने के कारण चयनित किया गया था। इन सभी महिलाओं द्वारा लेखन , अध्यापन, पत्रकारिता, अभियंत्रण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने के लिए ज़ैनब जहाँ सम्मान -2026 से अलंकृत किया गया है। संस्था द्वारा सम्मानित सभी नारी शक्ति का अवार्ड ऑनलाइन ज़ारी किया गया है।

संस्था सभी सम्मानित महिलाओं के उज्वल भविष्य की कामना करती है। 'बज़्म-ए-हबीब' की अध्यक्षा शाफ़िया हसन और संस्थापक सचिव डॉ ऐनुल बरौलवी सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सम्मानित नारी शक्ति को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं।

युद्ध थमा नहीं, जंग के बीच विदेशी मुद्रा बचाने की जरूरत : अश्विनी

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की आर्थिक स्थिति और तकनीकी प्रगति पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर युद्ध अभी थमा नहीं है। हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए लगता है कि शांति स्थापित होने में अभी काफी समय लगेगा। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक विशेष आग्रह किया है। हमें उन सभी वस्तुओं पर अपना खर्च घटाना होगा, जिन्हें खरीदने के लिए देश को विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि नागरिक अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर विदेशी मुद्रा बचाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने डीजल और पेट्रोल का उदाहरण देते हुए कहा कि इनका कम उपयोग देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। मंत्री ने व्यापारियों और उद्यमियों से भी अपील की कि वे अपने स्तर पर विदेशी मुद्रा बचाने के रास्ते खोजें। उन्होंने जोर दिया कि हमें केवल बचत ही नहीं करनी है, बल्कि ज्यादा से ज्यादा विदेशी मुद्रा कमाने के प्रयास भी करने होंगे। ये दोनों प्रक्रियाएं साथ-साथ चलनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर भी बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने वित्त वर्ष के लिए तय बजट का 98 प्रतिशत हिस्सा फरवरी के अंत तक ही इस्तेमाल कर लिया है। यह दिखाता है कि रेलवे के प्रोजेक्ट्स कितनी तेजी से पूरे हो रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष में भी मार्च के पहले हफ्ते तक लगभग पूरा बजट खर्च हो चुका था। फरवरी के आखिरी हफ्ते तक यह आंकड़ा 98 प्रतिशत से ज्यादा था। इसके बाद काम की गति को थोड़ा संभालना पड़ा ताकि पूरा साल व्यवस्थित तरीके से पूरा हो सके। रेलवे के विस्तार पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि देश में 49,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का बिजलीकरण हो चुका है। यह आंकड़ा जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी बड़ा है। इसके अलावा, भारत ने अपने नेटवर्क में 36,000 किलोमीटर नई पटरियां जोड़ी हैं। यह विस्तार स्विट्जरलैंड जैसे छह देशों के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। अश्विनी वैष्णव ने दावा किया कि आने वाले समय में कई रूटों पर ट्रेनें हवाई जहाजों को कड़ी टक्कर देंगी। नए कॉरिडोर बनने से यात्रा का समय इतना कम हो जाएगा कि लोग फ्लाइट की जगह ट्रेन से जाना पसंद करेंगे। उन्होंने एयरलाइन क्षेत्र में निवेश करने वालों को भी संकेत दिया कि इन खास रूटों पर 99 प्रतिशत कब्जा रेलवे का होगा। यात्रा के समय को लेकर उन्होंने कुछ उदाहरण भी दिए। मुंबई से पुणे का सफर सिर्फ 28 मिनट में पूरा होगा।

सेमीकंडक्टर निर्माण पर दिया बड़ा अपडेट

सेमीकंडक्टर निर्माण के मुद्दे पर मंत्री ने बड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत ने इस दिशा में अपनी यात्रा साल 1962 में शुरू की थी। इस लक्ष्य को पाने के लिए देश के कई पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अपने-अपने समय में गंभीर प्रयास किए। पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉक्टर मनमोहन सिंह ने इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने की कोशिश की। हालांकि, इन दशकों पुराने प्रयासों को असली सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में मिली है। आज भारत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में देश की दो फैक्ट्रियां व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर चुकी हैं।

चंद्रनाथ रथ हत्याकांड : तीन आरोपियों को 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने सोमवार को चंद्रनाथ राय हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। चंद्रनाथ रथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक थे। पुलिस ने इस हत्याकांड के सिलसिले में तीन आरोपियों मयंक राज मिश्रा, विक्की मौर्य और राज सिंह को गिरफ्तार किया था।

इन सभी को सोमवार को अदालत में पेश किया गया था। चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में पुलिस के हाथ एक महत्वपूर्ण सुराग लगा था। निवेदिता सेतु पर एक टोल प्लाजा पर किए गए यूपीआई भुगतान ने पुलिस को हत्या के तीन संदिग्धों तक पहुंचने में मदद की है। इन आरोपियों को उत्तर प्रदेश और बिहार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस साजिश और हत्या में कम से कम आठ लोग शामिल थे। इस हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य के रूप में हुई है, जिन्हें बिहार के बक्सर से पकड़ा गया है। वहीं, तीसरा संदिग्ध राज सिंह उत्तर प्रदेश के बलिया से हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों से पहले मध्यग्राम पुलिस स्टेशन में पूछताछ की गई, इसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है। भारतीय वायु सेना के पूर्व कर्मी और शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की छह मई की देर रात मध्यग्राम के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

इस हत्या ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी थी, क्योंकि रथ शुभेंदु अधिकारी के करीबी माने जाते थे। इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण सुराग निवेदिता सेतु पर एक टोल प्लाजा पर किए गए यूपीआई भुगतान से मिला। पुलिस ने बताया कि हत्या से कुछ समय पहले, संदिग्धों द्वारा इस्तेमाल की गई भागने वाली कार के एक यात्री ने नकद या फास्टैग के बजाय डिजिटल रूप से टोल का भुगतान किया।

विनेश और डब्ल्यूएफआई में फिर ठनी, खुद को भागीदारी के योग्य बताकर गोंडा पहुंचीं

गोंडा। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में एक बार फिर ठन गई है। हाल ही में कुश्ती महासंघ ने विनेश को कारण बताओ नोटिस भेजा था और यह स्पष्ट किया था कि वह घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। लेकिन विनेश ने इस नोटिस का जवाब देकर दावा कर दिया कि वह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेने के योग्य हैं। हालांकि, डब्ल्यूएफआई ने विनेश के शामिल होने का विरोध जताया है और दोहराया कि यह पहलवान इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के पात्र नहीं है। डब्ल्यूएफआई के विनेश को घरेलू टूर्नामेंट में अयोग्य घोषित करने के बावजूद वह गोंडा पहुंच गईं। महासंघ ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। गोंडा पहुंचने के बाद विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5.6.1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं। विनेश ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को पहले ही अपनी वापसी की जानकारी दे दी थी लिहाजा प्रक्रियागत जरूरतें वह पूरी कर चुकी हैं।

डब्ल्यूएफआई सूत्रों ने हालांकि कहा कि महासंघ उनके जवाब से संतुष्ट नहीं है और उसका मानना है कि विनेश ने सिर्फ पात्रता के पहलू पर जवाब दिया है, जबकि उनके खिलाफ लगाए गए अनुशासनहीनता के आरोपों का जवाब नहीं दे सकी हैं। महासंघ ने यह भी कहा कि गलत धारणा फैलाई जा रही है कि विनेश को भागीदारी से रोकने के लिए राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में चयन के मानदंड बदले गए हैं। विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 में महिलाओं के 50 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के मुकाबले से अयोग्य करार दिए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास ले लिया था। विनेश के पति ने कहा कि उन्होंने आधिकारिक रूप से संन्यास की कभी घोषणा नहीं की थी और सिर्फ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वहीं डब्ल्यूएफआई का कहना है कि दिसंबर 2024 में यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पत्र में कहा गया है कि विनेश ने इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) को इसके बारे में बताया था।

टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर फोड़ा हार का ठीकरा, दिए आंकड़े

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण के मामले की सुनवाई के दौरान तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में हार के लिए SIR को ही दोषी ठहराया है। इसके लिए ममता बनर्जी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में आंकड़े भी दिए हैं। टीएमसी की ओर से कहा गया है कि वो इसके लिए अलग से मामला दाखिल करेंगे। टीएमसी ने दावा किया कि अगर इसी गति से ट्रिब्यूनल में मामलों की सुनवाई हो तो 4 साल लग जाएंगे। टीएमसी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि बीजेपी और टीएमसी में हार जीत का फासला 32 लाख है, और इससे कहीं ज्यादा मामले मुकदमेबाजी में फंसे हुए हैं। टीएमसी ने दावा किया कि 31 सीटों पर हार जीत का अंतर SIR में लंबित मामलों से कम है। एक सीट पर तो टीएमसी 862 वोट से हारी है। और वहां 5000 से ज्यादा लोग स्क्रूटनी की वजह से वोट ही नहीं डाल पाए। टीएमसी ने कहा कि वो इस मामले में याचिक दाखिल करेंगे और SIR में लंबित मामलों को कानूनी आधार बनाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भरोसा दिलाया कि अगर टीएमसी पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर इलेक्शन पेटिशन दाखिल करती है तो चुनाव आयोग इस पर जवाब दाखिल करेगा।

पश्चिम एशिया संकट के बीच अदाणी ने एआई और डेटा सेंटर पर दिया जोर

नई दिल्ली/ए.। भारत की ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल क्षमता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य को लेकर सीआईआई समिट में गौतम अदाणी ने बड़ा विजन पेश किया है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत केवल उसकी सैन्य या आर्थिक क्षमता से नहीं, बल्कि ऊर्जा और तकनीकी आत्मनिर्भरता से तय होगी। हालिया पश्चिम एशिया संघर्ष और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों का उल्लेख करते हुए अदाणी ने कहा कि अब ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा अलग-अलग विषय नहीं रह गए हैं। ये दोनों मिलकर राष्ट्रीय शक्ति की नई धुरी बन चुके हैं। उनके मुताबिक, जो देश अपनी ऊर्जा व्यवस्था को नियंत्रित करेगा, वही औद्योगिक भविष्य को दिशा देगा। वहीं जो देश कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता पर नियंत्रण रखेगा, वही दुनिया के इंटेलिजेंस फ्यूचर का नेतृत्व करेगा। अदाणी ने कहा कि 1947 में भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल की थी, लेकिन 21वीं सदी में सच्ची आजादी का अर्थ होगा अपने घरों को रोशन करने वाली ऊर्जा और अपने भविष्य को दिशा देने वाली तकनीक पर खुद का नियंत्रण। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन इस नई वैश्विक रणनीति को अच्छी तरह समझ चुके हैं। दोनों देशों की राजनीतिक व्यवस्थाएं अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य समान है ऊर्जा और तकनीकी क्षमता में आत्मनिर्भरता हासिल करना। उन्होंने कहा कि कोई भी देश तब तक पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं कहा जा सकता, जब तक वह अपनी अर्थव्यवस्था को चलाने वाली ऊर्जा और अपने भविष्य को आकार देने वाली तकनीक के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हो। भारत के विकास मॉडल पर बोलते हुए अदाणी ने कहा कि भारत का रास्ता अमेरिका या चीन जैसा नहीं होगा। भारत की ताकत इसकी घरेलू मांग और तेजी से बढ़ता सामाजिक-आर्थिक ढांचा है। उन्होंने कहा कि देश में मध्यम वर्ग तेजी से बढ़ रहा है, शहरों का विस्तार हो रहा है, फैक्ट्रियां सक्रिय हो रही हैं, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बढ़ रही है और लाखों छोटे कारोबार आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। अदाणी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यहां बनने वाले हर बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहले से मांग मौजूद है।

वार्षिक पुरुष वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1 पाकिस्तान एक पायदान नीचे खिसका

नई दिल्ली/ए.। आईसीसी ने सोमवार को पुरुषों की ताजा वनडे रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत 'नंबर-1' बना हुआ है। हालांकि, शीर्ष पर उसकी बढ़त जरूर कम हो गई है। दूसरी ओर, पाकिस्तान एक पायदान नीचे खिसक गया है।

ताजा रैंकिंग में भारत की रेटिंग 119 से गिरकर 118 हो गई है। वहीं, न्यूजीलैंड को दो अंक मिले हैं। यह टीम 113 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। अब शीर्ष-2 टीमों के बीच अंतर 8 से घटकर 5 ही रह गया है। मौजूदा वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग (109) में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह टीम फिलहाल तीसरे पायदान पर बनी हुई है। इस बीच टॉप-5 में बदलाव देखने को मिला है। साउथ अफ्रीका एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। साउथ अफ्रीका को चार रेटिंग अंक मिले हैं। अब इस टीम के पास 102 अंक हैं, जबकि पाकिस्तान ने चार अंक गंवा दिए हैं। यह देश 98 अंकों के साथ रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गया है। दो अंक गंवाने के बावजूद श्रीलंका छठे स्थान पर बना रहा। इस टीम के 96 अंक हैं, जबकि अफगानिस्तान मामूली गिरावट के बाद 93 अंकों के साथ सातवें स्थान पर बना रहा। इंग्लैंड एक रेटिंग अंक हासिल करने के बाद आठवें स्थान पर बना रहा, जबकि बांग्लादेश 84 अंकों के साथ नौवें स्थान पर कायम रहा। बांग्लादेश और 10वें स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज के बीच का अंतर काफी बढ़ गया। कैरेबियाई टीम ने तीन रेटिंग अंक गंवाए हैं। अब इस टीम के पास 74 अंक हैं। टॉप-10 से बाहर, आयरलैंड दो रेटिंग अंक हासिल करने के बाद जिम्बाब्वे से ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है। एक अंक की गिरावट के बाद जिम्बाब्वे खिसककर 12वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की टीम स्कॉटलैंड को पछाड़ते हुए 13वें स्थान पर पहुंच गई है, उसकी रेटिंग बढ़कर 46 हो गई। एक अंक गंवाने के बाद स्कॉटलैंड एक स्थान नीचे खिसक गया। तालिका में और नीचे, नीदरलैंड ने रैंकिंग अपडेट में सबसे मजबूत बढ़त में से एक दर्ज की, चार अंक जोड़कर 44 पर पहुंच गया, जबकि ओमान 33 अंकों तक पहुंच गया।

दिलजीत दोसांझ ने खालिस्तान विवाद पर दिया करारा जवाब

मुंबई। दिलजीत दोसांझ के 'औरा टूर' के दौरान कुछ लोगों ने प्रो-खालिस्तान झंडे लहराए, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। अब दिलजीत ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और साफ कहा है कि उनके शो में किसी भी तरह की बदतमीजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दिलजीत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पंजाबी में लिखा कि बाहर खड़े होकर विरोध करना किसी का भी हक है, लेकिन अगर कोई उनके फैंस को परेशान करने के लिए शो के अंदर आने की कोशिश करेगा तो उसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कई लोग अपने शहर, देश या सपोर्ट दिखाने के लिए झंडे और बैनर लेकर आते हैं, लेकिन अगर किसी का इरादा माहौल खराब करना है, तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

सिंगर ने आगे कहा कि उन्होंने सिक्योरिटी टीम को साफ निर्देश दिए थे कि जो भी शो में हंगामा करने की कोशिश करे, उसे तुरंत बाहर निकाल दिया जाए। दिलजीत ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी किसी झंडे या बैनर के खिलाफ कुछ नहीं कहा, इसलिए 'फेक नैरेटिव' फैलाना बंद किया जाए। यह विवाद पिछले साल से जुड़ा हुआ है। दरअसल, अक्टूबर 2025 में दिलजीत 'कौन बनेगा करोड़पति' में पहुंचे थे, जहां उन्होंने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के पैर छुए थे। इसके बाद कथित तौर पर प्रो-खालिस्तान संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने उन पर नाराजगी जताई थी।

रायपुर में आईपीएल: रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने एमआई को दो विकेट से हराया

भुवनेश्वर की आंधी में मुंबई का सूर्य अस्त

कोहली नहीं चले, मुंबई प्ले ऑफ से बाहर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार(23/4) की घातक गेंदबाजी कर पहले खेलने उतरी मुंबई इंडियंस की कमर तोड़ दी। कप्तान सूर्यकुमार यादव को भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर में विराट कोहली के हाथों कैच कराया। इस तरह मुंबई 166/7 का स्कोर ही बना सकी। जवाब में बेंगलुरु ने अंतिम गेंद पर मुकाबला दो विकेट से जीत लिया। मुंबई से तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने चार विकेट लिए। इस हार के साथ मुंबई का प्लेऑफकी रेस से बाहर होना लगभग तय है। आईपीएल के मौजूदा सीजन का 10वां डबल हेडर रविवार को राजधानी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

इस मैच में लीग की सबसे पॉपुलर फ्रेंचाइजी- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और मुंबई इंडियंस ने शाम को बेहद मनोरंजक बना दिया। दोनों टीमों को एक साथ मैदान में देखने के लिए छत्तीसगढ़, गुजरात, ओडिशा, मध्यप्रदेश दर्शक पहुंचे। टॉस से पहले ही मैदान लगभग 90 प्रतिशत भर चुका था। मैच आरसीबी के नए होम ग्राउंड रायपुर में होने की वजह से यहां विराट आर्मी की संख्या सबसे ज्यादा दिखी।

रायपुर एक दशक बाद आईपीएल की मेजबानी कर रहा है। जिसके चलते फैंस में रोमांच चरम पर रहा। मौसम की वजह से तेज गेंदबाजों को मिली मदद रायपुर के मैदान की पिच दोनों टीमों के लिए एक अनजान पहेली रही। बारिश और मौसम ने गेंदबाजों का साथ दिया। पहले भी यहां की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार हुआ करती थी। यही वजह है कि मैदान पर खेले गए 6 आईपीएल मैचों में औसत स्कोर सिर्फ 146 रन है। हालांकि, मौजूदा समय में यहां बल्लेबाजी के अनुकूल सपाट पिच मिलती है। साल की शुरुआत में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए टी20 मुकाबले में कुल 417 रन बने थे। इस दौरान टीम इंडिया ने 209 रन का विशाल लक्ष्य सिर्फ 15.2 ओवर में चेज कर लिया था।

चैटजीपीटी से आईपीएल की नकली टिकट बनाकर बेची

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल मैच के दौरान स्टेडियम के बाहर चैटजीपीटी से नकली टिकट बनाकर बेच रहे दुर्ग के 4 आरोपियों को यूपी में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई लखनऊ जिले की साइबर सेल और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने की है। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में फर्जी आईपीएल टिकट, लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और प्रिंटिंग सामग्री बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में दुर्ग निवासी श्रीकांत बोरकर, नूतन कुमार साहू, राजेंद्र चौधरी और विश्वजीत साहू शामिल है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जॉइंट और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच में आरोपियों ने नकली टिकट बेचा था। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जॉइंट और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच में आरोपियों ने नकली टिकट बेचा था। लखनऊ पुलिस के अनुसार, लखनऊ सुपर जॉइंट और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 7 मई को मैच खेला गया था। इस मैच को देखने के लिए जालौन निवासी प्रदीप सिंह स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम के बाहर आरोपियों ने उन्हें दो टिकट बेचे और यूपीआई के जरिए 1000 रुपए ले लिए। लेकिन एंट्री गेट पर टिकट स्कैन होते ही उसे फर्जी बताया गया।

न्यूज गैलरी

नक्सलियों के बंकर से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामग्री जब्त

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को जवानों को बड़ी सफलता मिली है। जहां जवानों ने थाना गंगालूर के डोडीतुमनार पटेलपारा पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा छुपाकर रखे गए विस्फोटक सामग्री, हथियार, बैटरी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, जवानों को सर्चिंग के दौरान जंगल में जमीन के अंदर नक्सलियों के द्वारा छिपाकर बनाया गया एक बंकर मिला। जहां जवानों को होंडा कंपनी के 2 जनरेटर, 2 लेथ मशीन, 1 इन्वर्टर, 4 बैटरी, 1 छोटा बैटरी, 8 सोलर प्लेट, 1 मोटर, 1 वेल्डिंग मशीन, 1 ड्रिल मशीन, 1 देशी बीजीएल लांचर, 29 बीजीएल सेल, 50 मीटर कॉर्डेक्स वायर और 2 प्लास्टिक ड्रम बरामद किया गया।

सीएफ जवान ने किराए के मकान में की आत्महत्या

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में सपना पिंक सिटी कॉलोनी में रविवार शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। रायपुर में पदस्थ छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जागेश्वर प्रसाद ठाकुर (35 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, जागेश्वर प्रसाद ठाकुर सीएफ की 10वीं बटालियन में 2009 से पदस्थ थे। वे हाल ही में पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी कर वापस लौटे थे और पांच दिनों के अवकाश पर धमतरी आए हुए थे। वे पिछले 9 वर्षों से सपना पिंक सिटी में अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। मृतक के छोटे भाई त्रिभुवन ठाकुर ने बताया कि रविवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

विधवा शिक्षिका ने लगाया आरक्षक पर दुष्कर्म का आरोप

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से पुलिस विभाग को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शिक्षिका ने थाना कांसाबेल में पदस्थ आरक्षक रुद्रमणी यादव के खिलाफ दुष्कर्म, मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक के खिलाफ बीएनएस की धारा 376(2)(N) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(V) के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता शिक्षिका का आरोप है कि, उसके पति की वर्ष 2020 में मौत हो चुकी है और वह अपने दो बच्चों के साथ अकेले जीवन यापन कर रही है। जनवरी 2023 में फेसबुक के जरिये उसकी पहचान आरक्षक रुद्रमणी यादव से हुई। शुरुआत में आरोपी ने महिला की पारिवारिक समस्याओं और विवादों का समाधान कराने का भरोसा दिलाया और बातचीत बढ़ाई। फिर उसकी मजबूरी और अकेलेपन का फायदा उठाकर उसे अपने झांसे में लिया। शिकायत में यह आरोप लगाया गया है कि, 28 अप्रैल 2023 को आरोपी उसे घूमने के बहाने बटईकिला क्षेत्र की ओर ले गया और सुनसान जगह पर जबरन दुष्कर्म किया।

बोर्ड परीक्षाओं में शिवरीनारायण के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की बोर्ड एवं केन्द्रीकृत परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। शिवरीनारायण महानदी किनारे रामघाट स्थित पटेल मंदिर परिसर में संचालित धाविका पब्लिक उ.मा.विद्यालय, के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं में भूमिका साहू (पिता- दिगम्बर साहू) ने 92.66% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। परिधी शर्मा (पिता- अजय शर्मा) ने 83.16% अंक के साथ द्वितीय तथा अदिती प्रजापति (पिता- सुरज प्रजापति) ने 69.33% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 8वीं में अर्पित केवर्त्य (पिता- तोरन कैवर्त्य) ने 95.67% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कृतिका केशरवानी (पिता- प्रवीन केशरवानी) ने 94% अंक के साथ द्वितीय तथा आराध्य बंजारे (पिता- ललित कुमार बंजारे) ने 93% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के संचालक प्रतिभा प्रवीन केशरवानी व प्राचार्य बीपी साहू ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए सदैव संकल्पित है।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट सख्त

केंद्रीय विवि को वेतन भुगतान करने 15 दिन का अल्टीमेटम

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभागी कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन भुगतान को लेकर सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को 15 दिनों के भीतर कर्मचारियों को नियमित पद के अनुसार वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी कर्मचारियों को न तो नियमित किया गया है और न ही देयकों का भुगतान किया गया है। जिसके खिलाफ कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना याचिका दायर की है।

सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी और रिव्यू खारिज फिर भी नहीं दिया वेतन: इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील ने कहा कि, साल 2023 में पारित आदेश के बावजूद विश्वविद्यालय अब तक कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का पूरा लाभ नहीं दे रहा है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट ने 6 मार्च 2023 को पारित आदेश में स्पष्ट रूप से कहा था कि, कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी माना जाएगा और उनकी सेवाओं का नियमितीकरण 26 अगस्त 2008 से प्रभावी माना जाएगा। साथ ही उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह सभी लाभ दिए जाने थे। यह भी बताया गया कि, विश्वविद्यालय की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) और पुनर्विचार याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ऑफइंडिया द्वारा खारिज की जा चुकी है, इसके बावजूद आदेश का पूर्ण पालन नहीं किया गया है।

यूनिवर्सिटी का जवाब- दस्तावेज नहीं मिलने से हो रही देरी: मामले में विश्वविद्यालय की ओर से वकील ने कोर्ट को बताया कि कर्मचारियों का नियमितीकरण कर दिया गया है, लेकिन कुछ दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया बाकी है। विश्वविद्यालय ने दावा किया कि कर्मचारियों से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए थे, लेकिन वे उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे लाभ देने में देरी हो रही है। इसके जवाब में याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा कि संबंधित आदेश और पत्राचार कर्मचारियों को उपलब्ध ही नहीं कराया गया था।

12 मई तक पत्र देने, फिर एक सप्ताह में दस्तावेज जमा करने के निर्देश: दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि 27 अप्रैल 2026 का पत्राचार 12 मई तक सभी याचिकाकर्ताओं को उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय भले नियमितीकरण का दावा कर रहा हो, लेकिन अब तक कर्मचारियों को नियमित पद का वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस पर विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 15 दिनों में पूरी कर ली जाएगी और जो कर्मचारी नियमित पद पर कार्यरत हैं, उन्हें नियमित पद के अनुसार वेतन दिया जाएगा। हाईकोर्ट ने इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए स्पष्ट किया कि नियमित कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे याचिकाकर्ताओं को 15 दिनों के भीतर नियमित पद का वेतन भुगतान किया जाए।

19 जून को फिर होगी सुनवाई: हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून 2026 को निर्धारित की है। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई में यह देखा जाएगा कि विश्वविद्यालय ने आदेश का पालन किया या नहीं। यह मामला विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हिंदी पेपर लीक: बिलासपुर से दबोचा गया मुख्य आरोपी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं हिंदी विषय का प्रश्नपत्र सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शुरू हुई जांच अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है। थाना कोतवाली पुलिस और एसीसी/क्राइम ब्रांच रायपुर की संयुक्त टीम ने पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी वेणु जंघेल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से चली विस्तृत पूछताछ में कई नए तथ्य और नाम सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है।

पेपर लीक की सूचना के बाद तत्काल एफआईआर: सोशल मीडिया में 12वीं हिंदी पेपर लीक की बात फैलते ही थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त, मध्य ज़ोन के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी और तथ्यों पर आधारित विवेचना प्रारंभ की।

पुलिस ने रिकवर किया डेटा: जांच के दौरान यह सामने आया कि पेपर वायरल होने के तुरंत बाद कई संबंधित व्यक्तियों ने अपने डिजिटल फुटप्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मिटाने की कोशिश की। पुलिस ने साइबर तकनीकी सहायता से डिलीटेड डेटा, मोबाइल चैट, सोशल मीडिया गतिविधियां और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शनों का गहन विश्लेषण किया।

50 से अधिक छात्रों से पूछताछ: लगभग 50 से अधिक छात्रों व अन्य संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ के बाद पुलिस आरोपी वेणु उर्फ वेणु जंघेल तक पहुंची। 19 वर्षीय आरोपी बेमेतरा जिले के ग्राम बरसरा का निवासी है और वर्तमान में गुढ़ियारी, रायपुर में रह रहा था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने छात्रों से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के बदले ?3000 तक की राशि ली थी।

डिजिटल साक्ष्य नष्ट करने की कोशिश: प्रकरण दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए डिजिटल साक्ष्यों को नष्ट करने के प्रयास कर रहा था। पुलिस उपायुक्त द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। लगातार डिजिटल ट्रैकिंग और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे बिलासपुर से गिरफ्तार किया।

सरगुजा में कब्जों पर एक्शन: नोटिस पीरियड खत्म होते ही कमोदा रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में अवैध निर्माण और शासकीय भूमि पर कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। लगातार जारी अभियान के तहत कमोदा रिजॉर्ट पर कार्रवाई की गई, जहाँ मालिक द्वारा सरकारी भूमि के 45 डिसमिल क्षेत्र में कब्जा कर निर्माण किए जाने की शिकायतें मिली थीं।

2 दिन पहले दिया था नोटिस: दो दिन पहले प्रशासन की टीम अवैध कब्जा हटाने कमोदा रिजॉर्ट पहुंची थी। जांच में स्पष्ट हुआ कि रिजॉर्ट मालिक ने शासकीय जमीन पर स्थायी निर्माण कर कब्जा किया है। प्रशासन के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई प्रस्तावित थी, लेकिन रिजॉर्ट संचालक की ओर से दो दिन का समय मांगा गया था, जिसे प्रशासन ने सख्त शर्तों के साथ स्वीकार किया।

समय पूरा होते ही चला बुलडोजर

आज दो दिन की मोहलत समाप्त होते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमित हिस्से पर सीधे बुलडोजर चलाया। कुल 45 डिसमिल क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान कोई अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

झारखंड के रंका में मिला शव, पत्नी और उसके प्रेमी से जताया था जान का खतरा

सरगुजा के चर्चित दाबेली कारोबारी की हत्या

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर के प्रसिद्ध टुन टून दाबेली सेंटर के संचालक अमन ओझा की हत्या की खबर से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। अमन ओझा का शव झारखंड के रंका इलाके से बरामद किया गया, जबकि उनकी बुलेट बाइक बलरामपुर जिले के रामानुजगंज क्षेत्र में मिली है। घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

सोशल मीडिया विवाद के बाद चर्चा में आए: बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से अमन ओझा सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी को लेकर चल रहे विवाद के कारण लगातार चर्चा में थे। उन्होंने एक मुस्लिम युवक पर अपनी पत्नी को भगाने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर अमन मानसिक रूप से काफी परेशान बताए जा रहे थे।

हत्या की आशंका पहले ही जता चुके थे: परिजनों और करीबियों के अनुसार अमन ओझा ने अपनी जान को खतरा होने की आशंका पहले ही जताई थी। उन्होंने धमकी मिलने की शिकायत अम्बिकापुर कोतवाली पुलिस से भी की थी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

रंका में मिला शव, कई सवाल खड़े: अमन ओझा का शव झारखंड के रंका क्षेत्र में मिलने के बाद मामला और भी संदिग्ध हो गया है। वहीं उनकी बुलेट बाइक रामानुजगंज में मिलने से पुलिस की जांच कई दिशाओं में आगे बढ़ रही है। पुलिस अब हत्या, अपहरण और साजिश समेत विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद अम्बिकापुर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस शिकायत पर कार्रवाई करती तो शायद अमन की जान बचाई जा सकती थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और सोशल मीडिया गतिविधियों को खंगाला जा रहा है।

उदंती में बिखरा उल्लास: वन्यजीव प्रेमी उत्साहित, वन्य प्राणियों के संरक्षण और निगरानी का कार्य किया जा रहा

मादा भालू की शावकों संग मनमोहक मस्ती हुई कैमरे में कैद

नगरी/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक बेहद सुखद और मनमोहक तस्वीर सामने आई है। टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में एक मादा भालू अपने छोटे शावक के साथ मस्ती करती हुई ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। इस खूबसूरत दृश्य ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों को उत्साहित कर दिया है।

ट्रैप कैमरे में कैद तस्वीरों में मादा भालू अपने बच्चे के साथ जंगल में घूमती, खेलती और सुरक्षित माहौल में नजर आ रही है। शावक अपनी मां के ऊपर उछलता-कूदता दिखाई दे रहा है, जिसने पूरे दृश्य को बेहद आकर्षक बना दिया। जंगल के भीतर वन्यजीवों की यह गतिविधि इस बात का संकेत मानी जा रही है कि रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है।

प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक: वन विभाग के अनुसार, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगातार वन्यजीव संरक्षण और निगरानी का कार्य किया जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि, किसी भी जंगल में वन्यजीवों का सुरक्षित प्रजनन और शावकों का स्वस्थ दिखाई देना उस क्षेत्र की जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सामने आई यह तस्वीर न केवल वन्यजीव संरक्षण की सकारात्मक कहानी बयां करती है, बल्कि लोगों को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक होने का संदेश भी देती है। यह तस्वीर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराई है।

ट्रैप कैमरों के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

ट्रैप कैमरा और जंगल मॉनिटरिंग के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। मादा भालू और उसके शावक की मौजूदगी को जंगल के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ने से अब लगातार इस तरह का सुंदर दृश्य देखने को मिला है। जंगल में भालू और उसके बच्चे की अठखेलियों ने प्रकृति प्रेमियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com